RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 20
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



बलात्कारियों, हत्यारों के साथ उनके माता पिता को भी सजा मिले

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# गुजरात में उतरे सियासी सूरमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## चुनावी जंग और तेज

● सत्ता से बेदखल लोग वापसी के लिए निकाल रहे यात्रा : मोदी

● यात्रा में किसानों, आदिवासियों से मिल उनका दर्द महसूस किया: राहुल गांधी

## वोटरों को रिझाने में झोंकी ताकत





● मोदी, राहुल गांधी, केजरीवाल, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने कीं जनसभाएं

**गुजरात** में अगले माह विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और वोटरों को रिझाने की कोशिश में सियासी जंग तीखी होती जा रही है। सोमवार को यहां देश के शीर्ष राजनीतिक दिग्गज जुटे। इसमें शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहां अपनी अपनी पार्टी के लिए प्रचार किया, वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी यहां अपना दमखम दिखाया। मोदी ने लगातार तीन रैलियों को संबोधित किया तो अमित शाह ने चार जनसभाएं की। राहुल गांधी ने सूरत में एक रैली और जनसभा की। जबकि केजरीवाल ने रोड शो में भाग लिया और जनसभा की।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा ' लंबे समय से वह जनजातीय लोगों के अस्तित्व के बारे में अनजान थी' और विकास की बात करने के बजाये वह उन्हें उनकी 'औकात' दिखाने की कोशिश कर रही है। वहीं राहुल ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जनजातीय लोगों का अधिकार छीन रही है और जल्द ही वे ' अपने जंगलों को खो देंगे' जो ' दो-तीन उद्योगपतियों के हाथों में' चले जाएंगे। 2022 में लगातार सातवीं बार गुजरात को जीतने के लिए भाजपा ने अभियान की रफ्तार तेज कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार से दक्षिण, मध्य और सौराष्ट्र क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। राहुल ने 'भारत जोड़ो यात्रा' से विश्राम लेकर राज्य में अपनी पहली रैली को संबोधित किया है। राहुल ने हिमाचल में चुनाव अभियान में भाग नहीं लिया था, जहां पर 12 नवंबर को वोटिंग हुई थी।

राज्य में पहले चरण में 89 सीटों पर एक दिसंबर तथा 93 सीटों पर पांच दिसंबर को मतदान होगा। यहां पर कुल 182 विधानसभा सीटें हैं। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावों का परिणाम आठ दिसंबर को आएगा। दक्षिण गुजरात के भरूच स्थित जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र जंबूसार में प्रधानमंत्री मोदी ने एक रैली को संबोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों को सत्ता से बेदखल कर दिया गया है, वे अब सत्ता में आने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। मोदी ने यह भी कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस चुनावों में विकास की बात ना करके उन्हें औकात दिखा देने की बात कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अब चुनाव में विकास की बात नहीं करती है। इसकी जगह कांग्रेस के नेता मुझे औकात दिखाने की बात करते हैं। उनका घमंड देखिए। निश्चित तौर पर वे एक शाही परिवार से हैं जबकि मैं जन सेवक हूं। मेरी कोई औकात नहीं है। उन्होंने कहा, पहले भी कांग्रेस ने मेरे लिए मौत का सौदागर , नीच आदमी और नाली का कीड़ा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है। मैं आपसे (कांग्रेस) अनुरोध करता हूं कि औकात की बात करने की जगह आप लोग विकास की बात करें। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोग सत्ता में लौटने के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं। वे ऐसे लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं जिन्होंने कानूनी याचिकाओं के माध्यम से नर्मदा बांध परियोजना को रोकने का काम किया और 40 वर्ष तक गुजरात को प्यासा रखा। इस चुनाव में गुजरात की जनता पदयात्रा करने वालों को सबक सिखाकर रहेगा। जनता उन्हें भी सबक सिखाएगी जिन्होंने नर्मदा परियोजना का विरोध किया था। प्रधानमंत्री का इशारा नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता रही मेधा पाटकर की ओर था। पाटकर हाल में राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत बचाओ यात्रा में शामिल हुई थीं। राहुल गांधी पर एक और तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो पदयात्रा पर निकले हैं उन्हें मूंगफली और बिनौला (कपास के बीज) फसलों का फर्क नहीं पता है। बिना किसी का नाम लिए मोदी ने कहा कि कुछ लोग गुजरात में निर्मित नमक खाकर भी गुजरात को गाली देते हैं। उन्होंने कहा कि देश के कुल नमक उत्पादन का 80 प्रतिशत हिस्सा गुजरात में होता है लेकिन कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी नमक उत्पादन करने वालों की ओर ध्यान नहीं दिया। नमक बनाने का काम करने वाले समुदाय को अगरिया कहा जाता है।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात के महुआ में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किसानों, युवाओं और आदिवासियों से मिलकर और उनकी समस्याएं सुनकर उनका दर्द महसूस किया। गुजरात में राहुल की यह पहली चुनावी रैली थी। आदिवासियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के पहले मालिक हैं और दावा किया कि भाजपा उनके अधिकारों को छीनने के लिए काम कर रही है गांधी ने कहा, वे आपको वनवासी कहते हैं। वे यह नहीं कहते कि आप भारत के पहले मालिक हैं, ( शेष पेज 8 )

# राजीव हत्याकांड: दोषियों की रिहाई के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा-सुप्रीम कोर्ट से फैसले पर फिर से विचार की मांग की जाएगी

**कांग्रेस** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में छह दोषियों की समय से पहले रिहाई के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया, कांग्रेस ने सैद्धांतिक रूप से यह फैसला किया है कि इस संबंध में पुनर्विचार की मांग की जाएगी। हमने अभी तौर-तरीकों पर निर्णय नहीं लिया है कि हम सरकार की पुनर्विचार याचिका में हस्तक्षेप करेंगे या अलग से हस्तक्षेप करेंगे। इससे पहले, गत बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार ने राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों की रिहाई के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिंघवी ने कहा कि राजीव गांधी हत्याकांड के छह दोषियों की रिहाई के फैसले को चुनौती देते हुए जल्द ही उच्चतम न्यायालय में नया आवेदन दायर किया जाएगा। संभव है कि अगले कुछ दिनों में यह कदम उठाया जाए। शीर्ष अदालत ने 11 नवंबर को नलिनी श्रीहरन सहित छह दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आदेश दिया था। न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार द्वारा अपराधियों की सजा में छूट की सिफारिश के आधार पर यह आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश के बाद नलिनी के अलावा आरपी रविचंद्रन, संथन, मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार जेल से बाहर आ गए थे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश को चुनौती देगी दिल्ली सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## छावला गैंगरेप-मर्डर केस

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दी मंजूरी

**केजरीवाल** सरकार वर्ष 2012 के गैंगरेप के बाद हत्या के मामले में तीन दोषियों को बरी करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देगी। सरकार ने एलजी से अनुरोध किया था कि सरकार को शीर्ष अदालत में पुनर्विचार समीक्षा याचिका दायर करने दी जाए, जिसको उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। साथ ही इस मामले की पैरवी के लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को सरकार की तरफ से नियुक्त करने की स्वीकृति दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने के बाद पीड़िता के माता-पिता ने डर के चलते पुलिस सुरक्षा मांगी थी। इस बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने की मंजूरी देने के लिए सोमवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना का आभार जताया। दिल्ली की एक निचली अदालत ने द्वारका के छावला इलाके में नौ फरवरी 2012 को 19 वर्षीय एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या मामले में तीनों आरोपियों को मौत की सजा सुनाई थी, जिसे दिल्ली उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। आरोपियों ने सजा के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने सात नवंबर 2022 के अपने फैसले में निचली अदालत और उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया था। ( शेष पेज 8 )

# राज्यपाल के विरोध में शिंदे गुट भी शामिल

● विधायक संजय गायकवाड ने मांग की कि शिवाजी पर टिप्पणी के लिए कोश्यारी को राज्य से बाहर भेजा जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



सर्वदलीय बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत बालासाहेबांची शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज पर की गई टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन्हें राज्य से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। बुलढाणा विधानसभा सीट से विधायक गायकवाड ने दावा किया कि कोश्यारी ने मराठा साम्राज्य के संस्थापक के खिलाफ टिप्पणी की है और अतीत में भी विवादों को जन्म दिया है। विधायक ने कहा कि राज्यपाल को समझना चाहिए कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श कभी पुराने नहीं पड़ते और उनकी तुलना दुनिया के किसी भी अन्य महान व्यक्ति से नहीं की जा सकती है। मेरा केन्द्र के भाजपा नेताओं से अनुरोध है कि जिस व्यक्ति को राज्य के इतिहास का नहीं पता है, कैसे यह काम करता है, उसे दूसरी जगह भेजा जाना चाहिए। गायकवाड मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत बालासाहेबांची शिवसेना के विधायक हैं, जिसने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई है। गौरतलब है कि कोश्यारी ने शनिवार को राज्य के आदर्श व्यक्तियों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने जमाने के आदर्श व्यक्ति थे और साथ ही उन्होंने ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया एक दिसंबर से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के निजी स्कूलों में नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू होगी। शिक्षा निदेशालय ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 दिसंबर तक है। चयनित अभ्यर्थियों की पहली सूची 20 जनवरी को घोषित की जाएगी। निजी गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूलों में खुली सीटों के लिए प्री-स्कूल, प्री-प्राइमरी और पहली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू होगी। शिक्षा निदेशालय ने सोमवार को बताया कि दाखिले के लिए चयनित किए गए बच्चों की पहली सूची 20 जनवरी को जारी की जाएगी। इसी के साथ प्रतीक्षा सूची भी जारी की जाएगी। वहीं दूसरी सूची छह फरवरी को जारी की जाएगी। सभी स्कूल दाखिले के लिए उपलब्ध सीटों के साथ प्रवेश स्तर की सभी कक्षाओं का विवरण 16 दिसंबर तक घोषित करेंगे। सभी निजी गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूल 28 नवंबर तक प्रवेश के लिए अपने मानदंड जारी करेंगे।

# ट्रॉली बैग में मिले युवती के शव की पहचान, पिता ने ही की हत्या

● झूठी शान के चलते हत्या किए जाने की आशंका पुलिस कर रही जांच

● दिल्ली के बदरपुर की रहने वाली थी लड़की

**पायनियर समाचार सेवा।** मथुरा



मथुरा पुलिस हिरासत में आरोपी पिता नीतेश और मां ब्रजबाला

**उत्तर प्रदेश** पुलिस ने मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर राया कट के पास लाल रंग के ट्रॉली बैग में मिली युवती की लाश मामले का खुलासा करते हुए सोमवार को दावा किया कि मृतका के पिता ने ही उसकी हत्या की थी। मामले की गुत्थी सुलझने के बाद पुलिस ने मृतका की मां ब्रजबाला को उसके पिता नीतेश यादव के साथ हत्या एवं साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि राया कट के पास लाल रंग के ट्रॉली बैग में मिली युवती की लाश की शिनाख्त कर ली गई है और यह शव आयुषी यादव (21) का है, जो दिल्ली के बदरपुर थाना क्षेत्र के मोड़बंद गांव की रहने वाली थी। अधिकारी के मुताबिक, आयुषी की हत्या उसके पिता नीतेश यादव ने की है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में मृतका के भाई और मां ने खुलासा किया है कि नीतेश ने ही आयुषी को मारा है। इसके अलावा, हत्यारे पिता ने भी अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (शहर) मार्तंड प्रकाश सिंह के अनुसार, युवती की शिनाख्त के लिए पुलिस ने बीस हजार से अधिक फोन ट्रेस किए और 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। ( शेष पेज 8 )

# इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भूकंप, 162 की मौत

**एपी।** सियांजुर

**इंडोनेशिया** के मुख्य द्वीप जावा में सोमवार को आए भीषण भूकंप और उसके बाद आए झटकों के कारण कई मकान गिर गए हैं। भूकंप जनित हादसों से देश में अभी तक कम से कम 162 लोगों की मौत हुई है जबकि सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

भूकंप से दर्जनों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और अपनी जान बचाने के लिए सड़कों और गलियों में भाग रहे लोगों में से कई घायल और खून से लथपथ नजर आए। अधिकारी देश के सुदूर इलाकों में भूकंप से हताहत हुए लोगों की संख्या के संबंध में अभी जानकारी जुटा रहे हैं। जावा के गवर्नर रिदवान कामिल ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 162 हो गई है। उन्होंने कहा, मरने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि भूकंप के वक्त पब्लिक स्कूलों में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे अपनी पढ़ाई खत्म होने के बाद इस्लामिक स्कूल में तालीम ले रहे थे। सियांजुर में सबसे बड़ी संख्या में इस्लामिक आवासीय स्कूल और मस्जिद हैं। कामिल ने कहा, कई इस्लामिक स्कूलों में हादसे हुए हैं।

अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने कहा कि 5.4 तीव्रता का भूकंप पश्चिम जावा प्रांत के सियांजुर क्षेत्र में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में केंद्रित था। इंडोनेशिया की मौसम एवं जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी के मुताबिक, भूकंप आने के बाद 25 झटके और दर्ज किए गए। सियांजुर क्षेत्रीय अस्पताल में उपचाराधीन श्रमिक हसन ने कहा, भूकंप बेहद जबरदस्त था और मैं बेहोश हो गया था। मैंने देखा कि मेरे साथी इमारत से बाहर भाग रहे हैं लेकिन मुझे निकलने में देरी हो गई और मैं दीवार से टकरा गया। सियांजुर में बचाव दल के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग भी राहत एवं बचाव कार्य में मदद करते दिखे। घटना में सैकड़ों लोग घायल हो गए क्योंकि वे ढह गईं इमारतों की चपेट में आ गए। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,145 | ↓ | 519 | |
| निफ्टी | 18,160 | ↓ | 148 | |
| सोना | 52,477 | ↓ | 111 | /10g |
| चांदी | 60,674 | ↓ | 201 | /kg |

## क्विक न्यूज

### झारखंड में मुठभेड़, तीन माओवादी मारे गए

**लातेहार।** लातेहार जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन माओवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि राजधानी रांची से करीब 110 किलोमीटर दूर जिले के बेंडी जंगल में करीब 30 मिनट तक दोनों ओर से मुठभेड़ चली। लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजानी अंजन ने कहा, सुरक्षा बलों को आता देख माओवादियों ने जोरदार गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी भी गोलीबारी की। हालांकि, पुलिस ने कहा कि घने जंगल का फायदा उठाकर कई माओवादी फरार होने मे सफल रहे। उन्होंने कहाकि पुलिस माओवादियों के खिलाफ अभियान जोर शोर से जारी रखेगी।

# सीबीआई ने भारतीय फुटबॉल क्लबों से मांगा सहयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कथित मैच फिक्सिंग का मामला

**सीबीआई** ने देश में फुटबॉल मैचों में कथित मैच फिक्सिंग की प्रारंभिक जांच शुरू की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिन पहले शुरू हुई जांच के दौरान सीबीआई ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ से कई भारतीय फुटबाल क्लबों के दस्तावेज मांगे और एकत्र किए।

उन्होंने कहा कि जांच के दायरे में मैचों के परिणामों में हेराफेरी करने में सिंगापुर स्थित एक कथित मैच फिक्सर की भूमिका है। अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच में नामित संदिग्धों और आरोपों के विवरण के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया क्योंकि इससे जांच में बाधा आ सकती है जो अभी शुरुआती चरण में है। उन्होंने कहा कि एजेंसी को कुछ दस्तावेज मिले हैं जबकि कुछ अन्य का अभी इंतजार है।

उन्होंने कहा कि एजेंसी ने जांच में शामिल होने के लिए कई भारतीय फुटबॉल क्लबों से भी सहयोग मांगा है। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई प्रारंभिक जांच के तहत तलाशी, गिरफ्तारी या समन के जरिए पूछताछ नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी प्रारंभिक जांच के दौरान हितधारकों के सहयोग पर निर्भर करती है और जब उसके पास प्रथम दृष्टया अपराध का संकेत देने वाली सामग्री होती है तब प्राथमिकी दर्ज करती है।

# अंडमान के निलंबित श्रम आयुक्त गैंगरेप में गिरफ्तार किए गए

**पीएनएस/एजेंसी।** पोर्ट ब्लेयर

**अंडमान** निकोबार के निलंबित श्रम आयुक्त आरएल ऋषि को 21 वर्षीय एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार ऋषि को दोपहर करीब एक बजे चेन्नई से एक उड़ान से यहां पहुंचने के बाद अंडमान निकोबार पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें अंडमान निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण और पोर्ट ब्लेयर का कारोबारी संदीप सिंह उर्फ रिंकू शामिल हैं। महिला को सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करके गृह सचिव के घर बुलाने और सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। ( शेष पेज 8 )

# नए साल से शुरू होगा नोएडा में मेट्रो कोच रेस्टोरेंट

● उत्तर प्रदेश में होगी पहली ऐसी पहल, रेस्टोरेंट में तमाम सुविधाओं संग परिवार के साथ कर सकेंगे पार्टी

**रिंकू यादव।** नोएडा



प्रतीकात्मक फोटो

### ये होगा खास...

- रेस्टोरेंट में कम से कम 50 लोगों के बैठने का स्थान होगा।
- इंटीरियर डिजाइन में कोई बदलाव नहीं होने से लगेगा कि आप कोच में है और सफर कर रहे हैं।
- कोच में भोजन सर्व करने वाले भी मेट्रो की ड्रेस में होंगे।
- यहां भी टोकन और कार्ड सिस्टम होगा।

**नोएडा** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) अपने मुसाफिरों की संख्या बढ़ने के साथ अब उनके खानपान और मनोरंजन का ध्यान भी रखने लगा है। नोएडा के मेट्रो स्टेशन पर लाइव एफएम चैनल रेडियो सिटी की शुरुआत की गई और अब प्रदेश में पहला मेट्रो कोच रेस्टोरेंट खोलने जा रही है। इसमें बैठकर मेट्रो की जानकारी ले सकते है और परिवार के साथ पार्टी भी कर सकते है। इसके लिए एनएमआरसी ने आरएफ पी जारी की है। इसके तहत कंपनियां 12 दिसंबर तक आवेदन कर सकती है। इसके बाद प्री बिड बैठक होगी। रेस्टोरेंट के लिए सेक्टर-137 में 300 वर्गमीटर का स्थान रिजर्व कर दिया गया है। यहां नोएडा डिपो में खड़े मेट्रो कोच को रखा जाएगा। इसे अंदर से भले ही रेस्टोरेंट का रूप दिया जाए। लेकिन बैठने की व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। मेट्रो की सीट जैसी है वैसी ही रहेगी इंटीरियर में बदलाव नहीं किया जाएगा। बल्कि इसे ही रेस्टोरेंट की शकल दी जाएगी। इसके अलावा मेट्रो कोच के आसपास के एरिया को डेवलप किया जा रहा है। मेट्रो आने से पहले नोएडा शहर कैसा था, इसके बाद क्या-क्या बदलाव हुए साथ में मेट्रो की इंजन, उसके कोच इन सब की जानकारी म्यूजियम में दी जाएगी। यह म्यूजियम 200 से 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जाएगा। एनएमआरसी ने म्यूजियम का डिजाइन बनाने के लिए रिक्वेस्ट फ ॉर प्रपोजल जारी किया है। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह म्यूजियम एनएमआरसी का इतिहास तस्वीरों के जरिए दिखाएगा। म्यूजियम दिल्ली के पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर बनाए हुए म्यूजियम जैसा होगा। जहां मेट्रो से जुड़ी सारी जानकारी यात्रियों को दी जाएगी। इस म्यूजियम में नोएडा मेट्रो के साथ दिल्ली मेट्रो की शुरुआत से भी जुड़ी सभी जानकारी। दुनिया भर के अलावा भारत के दूसरे शहरों में चल रहे मेट्रो के इतिहास को भी यहां तस्वीरों के जरिए दिखाया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022



# बिल्डरों पर 9 हजार करोड़ रुपए का बकाया अब प्राधिकरण जारी करेगा रिकवरी नोटिस

● 15 दिन में राशि जमा नहीं होने पर बिल्डरों के खिलाफ जारी होगी आरसी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्राधिकरण दो दिन में 75 बिल्डर परियोजनाओं को बकाया राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी कर रहा है। इन बिल्डरों पर 9 हजार करोड़ रुपए बकाया है। वैसे कुल बकाया 12 हजार करोड़ रुपए का है। इसमें 3 हजार करोड़ रुपए एनसीएलटी में चल रहे मामलों के है। इस वसूली के लिए नए विकल्प देखे जाएंगे।

नोटिस के तहत बिल्डर को 15 दिन का समय दिया जा रहा है। 15 दिन में बकाया जमा नहीं होने पर आरसी जारी की जाएगी। जिला प्रशासन फिर भूलेख प्रक्रिया के तहत बिल्डर से वसूली करेगा। इसके लिए बिल्डर की प्रॉपर्टी को अटैच किया जाएगा। इसके बाद मुनादी और फिर नीलामी के जरिए वसूली की जाएगी। प्राधिकरण वसूली के लिए उन प्रॉपर्टी का आवंटन निरस्त कर सकता है जिन पर कुछ नहीं बना। इसके लिए टीमों की ओर से सर्वे कर एक सूची तैयार की जा रही है।

इस वसूली में आम्रपाली और यूनिटेक के मामलों को नहीं जोड़ा गया है। क्योंकि उनके से अदालतों में मामले चल रहे है। करीब 12 दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश को निष्प्रभावी करते हुए नोएडा प्राधिकरण की ब्याज दर के हिसाब से बिल्डरों को बकाये का भुगतान करने का आदेश दिया था। इसके बाद प्राधिकरण ने बकाया धनराशि का आकलन शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण ने बकाए की गणना 11.5 प्रतिशत साधारण ब्याज और तीन प्रतिशत दंड ब्याज के साथ करवाई है। यह दरें 30 जून 2020 तक लगाई गई हैं। इसके बाद 1 जुलाई 2020 से गणना नौ जून 2020 को आए शासनादेश के मुताबिक की गई हैं।

शासनादेश में बकाये पर एमसीएलआर के मुताबिक ब्याज दरें और एक प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क लेने के निर्देश जारी हुए थे। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग की 116 परियोजनाएं हैं। इनमें से करीब 16 परियोजनाओं पर कोई बकाया नहीं है, जबकि 100 परियोजनाओं पर बकाया चल रहा है। इनमें से करीब 75 परियोजनाओं पर प्राधिकरण का 9 हजार करोड़ रुपए बकाया है। इन परियोजनाओं के बिल्डरों को बकाया देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। पैसा जमा करने के साथ ही करीब 8 हजार बायर्स को राहत मिलेगी।

प्राधिकरण की ओर से उनकी रजिस्ट्री शुरू कर दी जाएगी। इसमें एनसीएलटी में चल रहे प्रकरण और आम्रपाली व यूनिटेक को शामिल नहीं किया गया है। नोटिस के बाद बिल्डर पैसा जमा करेगा। बिल्डरों के पास अपील करने के लिए सिर्फ क्यूरेटिव याचिका का एकमात्र विकल्प बचा है। भारत के संविधान के अनुच्छेद.142 के तहत न्याय करने का अधिकार है। इसके लिए पुनर्विचार याचिका के बाद भी एक और याचिका दाखिल करने का अधिकार दिया है, इसे ही क्यूरेटिव याचिका कहते हैं। बिल्डर की ओर से क्यूरेटिव याचिका दायर की जाएगी।

## कोविड काल में मरीज की मौत का मामला

# लापरवाही के आरोप में यथार्थ अस्पताल के 5 डॉक्टरों पर केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के यथार्थ अस्पताल के पांच डाक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गाजियाबाद के प्रदीप कुमार शर्मा ने अपने 22 वर्षीय पुत्र दीपांशु को 30 अप्रैल 2021 में सेक्टर-110 यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि डॉक्टरों ने भुगतान के बावजूद मरीज को निर्धारित समय पर रेमडेसिविर इंजेक्शन नहीं लगाया। जिससे मरीज की मौत हो गई।

मामले में पेंडेमिक पब्लिक ग्रीवांस कमेटी के निर्देश पर गौतम बौद्ध नगर के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ टीकम सिंह को जांच के आदेश दिए थे।

जांच कमेटी ने रिपोर्ट पूरी कर डाक्टरों के खिलाफ फेज.2 कोतवाली में गैर इरादतन हत्या केस दर्ज कराया है। डॉ टीकम सिंह की शिकायत पर यथार्थ अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304, लापरवाही से मौत के तहत फेज 2 पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एडिशनल डीसीपी नोएडा साद मियां खां का कहना है कि मुकदमे की विवेचना शुरू कर दी है।

हालांकि, यथार्थ अस्पताल के प्रबंध निदेशक कपिल त्यागी ने दावा किया कि मृतक के परिजनों के आरोप गलत है।

अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील बालियान का कहना है कि जब युवक भर्ती हुआ था, उसके फेफड़े 90 प्रतिशत खराब हो चुके थे। करीब 36 दिन मरीज अस्पताल में भर्ती रहा। स्वजन स्वेच्छा से मरीज को दिल्ली के निजी अस्पताल ले गए थे। जहां कुछ दिन बाद मरीज की मौत हो गई थी। स्वजन के आरोप बेबुनियाद है। डॉक्टरों के खिलाफ प्राथमिकी को लेकर फेज दो थाने के प्रभारी परमहंस तिवारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस में आरोपी।

### रूममेट बनकर की मोबाइल और सोने की चेन की चोरी

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस ने रूममेट बनकर इंजीनियर की चेन, मोबाइल और एटीएम कार्ड चोरी करने वाला युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से आठ मोबाइल, 25 सौ रुपये और दो एटीएम कार्ड मिले हैं। उसने फरीदाबाद में भी इसी तरह से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान ग्राम खालिस बाहर, थाना शुक्रबाजार जिला अमेठी के मनीष शुक्ल के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि नीति खंड.एक के इंजीनियर विकास यादव ने ओएलएक्स पर रूम शेयर करने का मैसेज लिखा था। मनीष ने अर्जुन सिंह बनकर उनसे संपर्क किया। चार अक्टूबर से उनके साथ रहने लगा। जान.पहचान बढ़ाकर उनके एटीएम कार्ड का पिन नंबर जान लिया। 15 नवंबर को उनका एटीएम कार्ड, मोबाइल व सोने की चेन चोरी करके फरार हो गया।

### निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस का मंथन

**नोएडा।** निकाय चुनावों को लेकर बिशनपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जनपद गाजियाबाद, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर में नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के नामों समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने की और संचालन महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से तीनों जनपदों से कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कॉलेज के बाहर 11वीं के छात्रों पर चाकू से वार

**गाजियाबाद।** माडल टाउन स्थित एमएमएच इंटर कालेज के बाहर सोमवार दोपहर 11वीं के दो छात्रों पर लगभग 15 युवकों ने हमला कर दिया है। सभी हमलावर डंडे और चाकू लेकर वारदात को अंजाम देने आए थे। इस घटना में एक छात्र की पीठ और दूसरे की अंगुली में चाकू लगने से गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही सभी हमलावर वहां से फरार हो गए थे। बता दें कि घायल छात्रों का नाम पीयूष यादव और प्रदीप यादव हैं, इन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। पीयूष ने बताया कि शनिवार को 11वीं के ही दूसरे सेक्शन में पढ़ने वाले दो-तीन छात्रों से उसकी कहासुनी हो गई थी। सोमवार को पीयूष और प्रदीप घर से कालेज के लिए निकले। और स्कूटी पर सवार होकर 15 युवक आए और उनसे मारपीट शुरू कर दी। वजह पूछने पर दो युवकों ने चाकू से वार करना शुरू कर दिया।

# लोन कराने के नाम पर डिस्ट्रीब्यूटर से 40 लाख ठगने वाले 2 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



नगर कोतवाली क्षेत्र के माडल टाउन वेस्ट में एक नामी कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर को 50 करोड़ रुपये का लोन कराने का झांसा देकर 40 लाख रुपये की ठगी मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी अभी फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

आरोपित लोगों का लोन कराने के नाम पर बैंक अधिकारी बन संपर्क करते थे और 10 प्रतिशत कमीशन लेकर उन्हें लोन स्वीकृति का फर्जी मैसेज भेजते थे। नगर कोतवाली प्रभारी महेश सिंह राणा का कहना है कि पकड़े गए कुनाल कपूर व सुरेंद्र कुमार है। उन्होंने बताया कि नगर कोतवाली में कविनगर के योगेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि वह एक नामी कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर हैं और उनका वेस्ट माडल टाउन में आफिस है। उन्हें पैसे की जरूरत थी, इसके लिए उनकी मुलाकात एक परिचित ने सुरेंद्र कुमार से कराई थी। सुरेंद्र ने अपने को फाइनेंसर प्रोवाइडर बताया और उनका लोन कराने का आश्वासन दिया। उनकी मुलाकात कुनाल कपूर से कराई, उसने खुद को बैंक प्रबंधक बताया। दोनों ने उन्हें लोकेश शर्मा से मिलवाया, लोकेश ने खुद को पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का क्रेडिट मैनेजर बताया। तीनों ने मिलकर कमीशन लेकर 50 करोड़ का लोन दिलाने का आश्वासन दिया।

# बाथ टब में डूबने से एक वर्षीय बच्ची की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में एक साल की मासूम की मौत हो गई।

गौर सिटी के एक फ्लैट में एक साल की बच्ची की बाथ टब में नहाते समय डूबने की वजह से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बिसरख के एसचओ उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह को यथार्थ अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि एक साल की आरणा सक्सेना की बाथ टब में नहाते समय डूबने की वजह से मौत हुई है। आरणा सक्सेना अपने पिता विशाल सक्सेना के साथ गौर सिटी के 11 एवेन्यू में रहती थी। जानकारी के मुताबिक मासूम बच्ची घर पर ही बाथ टब में नहा रही थी और इसी दौरान डूब गई। उन्हें गंभीर हालत में यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जन्मदिन मना रहे युवक की गोली मारकर हत्या

● महिला मित्र समेत पांच गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर की इंद्रापुरी कॉलोनी में देर रात जन्मदिन मना रहे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में युवक के भाई द्वारा एक महिला व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दीपक पासी 30 वर्ष अपने परिवार के साथ भूपेंद्रपुरी के निकट इंद्रापुरी कॉलोनी में रहता था।

रविवार देर रात कॉलोनी में स्थित कल्लर वाला मंदिर के निकट वह खाली पड़े प्लाट में जन्मदिन की पार्टी मना रहा था। इसी दौरान वहां कुछ लोगों से विवाद हो गया। उन लोगों ने पहले पथराव किया फिर गोलियों की बौछार कर दी। कमर में गोली लगने से दीपक गिर गया, फिर ऐ के बाद एक चार गोलियां उसके सिर में मारी गईं। रात करीब एक बजे मोहल्ले के किसी युवक ने दीपक के परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। एसएचओ अवधेश त्रिपाठी ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक दीपक के सिर और सीने में गोली मारी गई है। इस मामले में दीपक के भाई राजीव ने महिला मोनिका व उसके साथियों के खिलाफ हत्या के मुकदमा दर्ज कराया है।

मोनिका को हिरासत में ले लिया गया है। बताया गया है कि मृतक दीपक का मोनिका के साथ कुछ विवाद चल रहा था। इसके अलावा शराब के कारोबार को लेकर भी उसका कुछ लोगों से काफी समय पहले विवाद हुआ था।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वेल्लातुरी सुधाकर/वेल्लातुरी सुब्बलक्ष्मी/ एलबीटीईएन00005198416/एच नंबर1046, द्वितीय तल, सेक्टर-45, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 | गुंटूर जिला, तेनाली वेस्ट उप जिला, आंगलाकुडूरू ग्राम पंचायत क्षेत्र, आंगलाकुडूरू ग्राम डी. नंबर 322/3, 322/4, टू डी नंबरों में भूमि जुड़ी है और योजना के अनुसार प्लॉट नंबर 1 की चौहद्दी निम्नानुसार है : पूरब : प्लॉट नंबर 8 साइट- 30 फीट 09 इंच, दक्षिण : 18 फीट चौड़ी पंचायत रोड- 30 फीट 06 इंच, पश्चिम : 18 फीट चौड़ी पंचायत रोड- 30 फीट 09 इंच, उत्तर : प्लॉट नंबर 2 उनमुडी लक्ष्मी की साइट - 31 फीट 09 इंच, इन बाउंड्रीज के भीतर परिमाप 106.34 वर्ग गज अथवा 88.91 वर्ग मीटर और उस में भू तल, आर सी सी डाबा तथा सभी सुख-सुविधाओं तथा उपभोग अधिकारों सहित। सम्पत्ति डोर नंबर 5-136 पंचायत असेसमेंट नंबर 824 | 22-09-2022 रू. 21,43,103.00/- | 04-07-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 22-11-2022
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं:-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती चरणजीत धंजाल (कर्ज़दार), संदीप धंजाल (सह कर्ज़दार) ऋण खाता नं. LBDEL00004207004, LBDEL00005032728 & LBDEL00005335581 | डीडीए फ्लैट नंबर- 139-डी, थर्ड फ्लोर पॉकेट - एजी-1, विकासपुरी, दिल्ली, पिन कोड-110018/ क्षेत्रफल 753 वर्ग फीट | रु. 84,20, 297.64/- (नवम्बर 17, 2022 तक) | रु. 73,10,000/- / रु. 7,31,000/- | दिसम्बर 08, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | दिसम्बर 29, 2022 दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसम्बर 28, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **दिसम्बर 28, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन्न इमेज सहित **दिसम्बर 28, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसम्बर 28, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : नवम्बर 22, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# नगर आयुक्त ने बनाई अधिकारियों की कमेटी

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज गाजियाबाद आगमन को लेकर तैयारिया जोरों पर है। इस कार्यक्रम को लेकर नगर आयुक्त ने अधिकारियों की अलग अलग जिम्मेदारी तय की है।

अधिकारियों की एक टीम बनाई गई है। इस टीम में नगर निगम के चीफ इंजीनियर, हेल्थ अफसर डॉ नितिन गौड़, प्रभारी उद्यान अधिकारी डॉ अनुज सिंह, प्रकाश प्रभारी शामिल किया गया है। आयुक्त की ओर से पत्र लिखकर अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। यह टीम सुनिश्चित करेगी कि स्वच्छता के साथ पानी के छिड़काव की व्यवस्था की गई है।

# नाना-नानी के घर रह रही तीसरी कक्षा की छात्रा का अपहरण

● पिता से फोन पर मांगी 30 लाख की फिरौती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



नंदग्राम की नई बस्ती में नाना.नानी के घर रह रही तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली खुशी 13 का अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया। फोन कर खुशी के पिता से तीन दिन में 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है। रकम न मिलने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है।

मामला रविवार सुबह 10 बजे का है। सोनीपत के गांव टोकी मनोली के रहने वाले मोन सिंह की शादी वर्ष 2009 में गाजियाबाद के नई बस्ती में रहने वाली ममता से हुई थी, जिनसे उनकी दो संतान खुशी और विवेक हैं। दोनों से एक बेटा अर्जुन है। सोनू के पास खुद की क्रेन है, जिसे वह चलाता है। परिवार ने बताया कि खुशी वर्तमान में नई बस्ती में नाना विजेंद्र और नानी शांति देवी के पास रहती थी।

रविवार को खुशी की तबीयत खराब थी, उसे नहलाने के बाद घर में अकेला छोड़ शांति देवी अपने पति विजेंद्र के साथ घास लेने के लिए गई। दोपहर साढ़े 12 बजे वापस आईं तो घर पर ताला लगा मिला। रविवार दोपहर 1;42 मिनट पर सोनू के पास अंजान मोबाइल नंबर से फोन गया, फोन करने वाले ने खुशी के अपहरण करने की बात कह उनसे 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी। इसके बाद मोबाइल नंबर आउट आफ रीच हो गया। सोनू ने अपने साले सतीश को फोन किया तो खुशी के लापता होने की जानकारी मिली तो उन्होंने फोन काल के बारे में बताया। दोपहर तीन बजे बिजेंद्र और शांति ने नंदग्राम थाने जाकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। काफी प्रयास करने पर दोपहर 3;35 बजे जिस नंबर से फोन आया था, उस पर फोन लगा। सोनू ने खुशी और काल करने वाले के बारे में पूछा तो उसने कहा कि इस बारे में ज्यादा जानने की कोशिश मत करो, तुम्हारे पास 30 लाख रुपये का इंतजाम करने के लिए तीन दिन का समय है, इंतजाम कर लो वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना।

# दादरी में दबंगों ने तोड़ी गाड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी कस्बे में दबंगई का मामला सामने आया है। यहां पर पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर पर चढ़ आए और घर के बाहर खड़ी वैगनआर गाड़ी के सारे शीशे डंडे मारकर तोड़ दिया।

गाड़ी को तोड़ने की पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई। दादरी थाना प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार, कस्बे के मनीराम कॉलोनी के अरविंद कुमार ने शिकायत में बताया है कि उनके पड़ोसी लाला और उसके साथ अन्य लोगों ने उनके गेट पर ईंट पत्थर मारे और जमकर गाली-गलौज की।

इसके बाद उसके घर के सामने खड़ी हुई वैगनआर गाड़ी को डंडा मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। गाड़ी को डंडे से क्षतिग्रस्त करने का वीडियो कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि एक युवक बड़ी ही तेजी से गाली गलौज करते हुए गाड़ी के तरफ आता है और वैगनआर गाड़ी के शीशों को डंडा मारकर तोड़ रहा है। दादरी थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार और लाला में उधार के पैसे न देने को लेकर और गाड़ी खड़ी करने को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते कलाकार।

# गैंगस्टर यशपाल तोमर की 100 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीटी रोड चिटेहरा गांव के पास भूमाफिया यशपाल तोमर की 11245 हेक्टेयर भूमि के रकवा को सोमवार को आयकर विभाग, बेनामी निषेध इकाई, कानपुर द्वारा अवंतिम रूप से कुर्क की। इस संपत्ति की खरीद बिक्री अथवा अन्य प्रकार का हस्तांतरण निषेध कर दिया।

यशपाल तोमर भूमि घोटाला में मुख्य आरोपी समेत लेखपाल की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार एससी-एसटी के पटटो को दस्तावेजों में हेराफेरी करके 100 करोड़ रुपये से अधिक की भूमि को सस्ते दामों में खरीद लिया था। कानपुर से आई टीम ने पुलिस के साथ मिलकर संपत्ति कुर्क की प्रक्रिया पूरी की गांव में ढोल बजाकर जमीन पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिये है।

# एसटीपी न होने पर सोसाइटी पर लगा जुर्माना

● हर माह सैंपलिंग की जाएगी। आगे भी नमूना फेल होने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा





बीस हजार वर्ग मीटर से अधिक एरिया में बनी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में इनसीटू सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी नहीं लगाने पर सोसाइटी पर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

सोसाइटी में यह प्लांट लगाया अनिवार्य कर दिया गया है। जिन स्थानों पर ट्रीटमेंट प्लांट क्रियाशील है। उनकी हर माह सैंपलिंग की जाएगी। सैंपल फेल होने पर उन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। नोएडा में 20 हजार वर्गमीटर या उससे बड़ी करीब 95 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी है। इसमें से करीब 77 में इन सीटू सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट क्रियाशील हैं, जबकि 11 ग्रुप हाउसिंग में इन प्लांट का प्रावधान ओसी और सीसी में नहीं है। ये सभी नोएडा की सेंट्रल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े हुए है।

इसके अलावा छह ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में जिसमें आम्रपाली फ्यूटेक शेल्टर्स सेक्टर-75, स्काईटेक सेक्टर-76 में एसटीपी नहीं होने पर नोटिस जारी किए हैं।

वर्तमान में ये नियम बनने से जिन सोसाइटी में इनसीटू ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगे हैं उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इनसीटू सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में सीवरेज पानी को बाहर आकर साफ करने की आवश्यकता नहीं है। इन सीटू पानी के अंदर ही पानी को शोधित करता है। ये शोधित पानी पाइप लाइन के जरिए यमुना में डाला जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भाजपा ने जारी किया स्टिंग

# आप पर टिकट बेचने का लगाया आरोप

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा का दावा, आप पीएसी कमेटी चलाती है जो टिकट किसको कितने में देना है, यह तय करती है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ रहा है। सभी राजनीति दल अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए ताकत झोंक रहे हैं।

इस दौरान भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। विपक्षी पार्टी ने सत्ताधारी पार्टी पर एक स्टिंग का हवाला देते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने केजरीवाल सरकार सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी के एक अन्य नेता विजेन्द्र गुप्ता ने इस पूरे मामले की जांच एसीबी से कराने की मांग की है।

डॉ. संबित पात्रा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक विजेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल के भ्रष्टाचार का एक और बड़ा खुलासा वीडियो के माध्यम से किया और कहा कि आज आम आदमी पार्टी और केजरीवाल सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह से डूबे हुए हैं। इस स्टिंग वीडियो में टिकट के बदले पैसे लेने की मांग की जा रही है और उसके बाद ही प्रत्याशी के नाम का ऐलान किए जाने की बात कही जा रही है। केजरीवाल के भ्रष्टाचार की कहानी रोहिणी के वार्ड नंबर 54 यानि रोहिणी की है जहां से इस पूरे स्टिंग को अंजाम दिया गया। इसमें मुख्य रूप से आप के रोहिणी विधायक कॉडिनेटर इंचार्ज और गोपाल राय के करीबी पुनित गोयल, राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता के समधी दिनेश श्राफ, केजरीवाल के आर आर पठानिया जो आम आदमी पार्टी एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रभारी का नाम भी इस पूरे स्टिंग से सामने आया है।

पात्रा ने वीडियों में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि वीडियो में सबसे पहले बिंदु श्रीराम दिनेश श्रॉफ और पुनित गोयल से मिलती हैं जहां पैसों को लेकर बातचीत होती है। फिर टिकट के बदले 80 लाख रुपये की मांग होती है। आम आदमी पार्टी एक पीएसी कमेटी चलाती है जो टिकट किसको देना है और कितने में देना है, यह सब कुछ तय करती है। संबित पात्रा ने दावा किया वीडियों में साफ कहते हुए सुना जा सकता है कि उस कमेटी में गोपाल राय, दुर्गेश पाठक, आतिशि मार्लेना और आदिल खान का नाम शामिल हैं जिनका अंतिम फैसला होता है। इसमें साफ कहा गया है कि लगभग 110 सीट की बुकिंग हो गई है, इसलिए जल्दी करें। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल मोटे माल का खेल खेल रहे हैं।



स्टिंग प्रकरण में केजरीवाल पर आरोप लगाते भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, साथ में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता व अन्य नेता।

## वोटरों को धन और बल से धमका रही भाजपाः कांग्रेस

*नई दिल्ली।* *प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने भाजपा पर मतदाताओं को धमकाने के लिए धन और बल का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले में पुलिस से शिकायत करेगी।*



चौधरी अनिल कुमार

*चौधरी ने दावा किया कि दिल्ली नगर निगम में पिछले 15 सालों के दौरान भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है और दिल्ली में भाजपा विरोधी लहर है। भाजपा निगमचुनाव में जीत हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अनिल चौधरी ने कहा वह भाजपा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे, क्योंकि उनके युवा मोर्चा के कार्यकर्ता धन और बाहुबल का इस्तेमाल मतदाताओं को धमकाने के लिए कर रहे हैं। वह दिल्ली पुलिस से अनुरोध करेंगे कि ऐसे गुंडों को हिरासत में ले, ताकि लोग शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से मतदान कर सकें। चौधरी ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, प्रदूषण और कचरे का मुद्दा उठाने के बजाय भाजपा धमकाने की तरकीब का इस्तेमाल कर रही है।*

## हार के डर से भाजपा रोज निकाल रही फर्जी स्टिंगः आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं तिमारपुर से विधायक दिलीप पांडेय ने भाजपा द्वारा जारी किए गए स्टिंग पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी रोज-रोज जो स्टिंग जारी कर रही है वह बिल्कुल फर्जी हैं। इससे एक चीज तय हो चुकी है कि भाजपा एमसीडी का चुनाव बुरी तरह हार रही है। चुनाव हारने की बौखलाहट में वह दिनभर फर्जी स्टिंग निकालते रहते हैं। कहीं भी बैठकर वीडियो बना लेते हैं। दिल्ली वाले भाजपा से पूछ रहे हैं कि 15 सालों में आपने किया क्या है। हकीकत तो यह है कि यदि भाजपा ने 15 सालों में वाकई कुछ किया होता तो यह फर्जी स्टिंग निकालने की नौबत नहीं आती। लेकिन इससे भी भाजपा को कुछ हासिल होने वाला नहीं है। भाजपा जो नाम ले रही है, उसके पीछे की वजह को समझिए। आज के समय में सबसे ज्यादा मांग आम आदमी पार्टी की है। चूंकि मांग बहुत ज्यादा है इसलिए हर जगह दलालों की नियुक्ति हो गई। वीडियो में एक चीज साफ हो रही है कि पैसे से टिकट नहीं मिला।



दिलीप पांडेय



संजय भगत को भाजपा सदस्यता दिलाते पार्टी के वरिष्ठ नेता।

## आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष भाजपा में शामिल

- सांसद मनोज तिवारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल की उपस्थिति में ली सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय भगत झाड़ू छोड़कर कमल पकड़ लिया है।

उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद मनोज तिवारी की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ले ली।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आप से आए कार्यकर्ताओं का परिचय कराया और उनका अभिनंदन किया। विजय गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी के कई स्टिंग सामने आ रहे हैं और इसलिए यह बात तय है कि आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे 250 सीटें बेची गई है और इसलिए आप के मेहनती कार्यकर्ता जो सालों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं, वे खफा हैं और पार्टी का साथ छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा निगम चुनाव में 230 सीटों को जीतकर एक बार फिर से निगम में आने वाली है क्योंकि आम आदमी पार्टी से दिल्ली वालों का मोह भंग हो चुका है। संजय भगत ने कहा की उन्होंने पूर्वांचल प्रकोष्ठ के माध्यम से आम आदमी पार्टी के विस्तार के लियें दिल्ली, पंजाब एवं गुजरात में बहुत कार्य किया है पर खेद है आज पूर्वांचल समाज दिल्ली की आबादी का बड़ा भाग है और जब उन्होंने पूरबिया आबादी के अनुपात में निगम चुनाव के 40 टिकट मांगे तो केजरीवाल ने साफ इंकार कर दिया।



प्रेस वार्ता के दौरान डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया

- उपमुख्यमंत्री ने जारी किया प्रचार अभियान केजरीवाल की सरकार, केजरीवाल का पार्षद

## दिल्ली की जनता से की अपील, हर वार्ड में हो आप का पार्षद

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव को लेकर राजनीति दलों में जुबानी जंग तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विपक्षी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा के सांसद, विधायक सुबह उठने से रात में सोने तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गाली देते हैं। इसी से स्पर्धा है। आम आदमी पार्टी के पास काम है, उनके पास गालियां हैं। हम प्यार बांट रहे हैं, वो नफरत बांट रहे हैं। इसी कड़ी में सिसोदिया ने पार्टी के कैम्पेन 'केजरीवाल की सरकार, केजरीवाल का पार्षद' को जारी किया। उन्होंने कहा कि एमसीडी में केजरीवाल की सरकार बन रही है। अगर गलती से भाजपा एक सीट भी जीती तो उस इलाके के काम रुक जायेंगे। इसलिए पूरी दिल्ली में के हर वार्ड में आप का पार्षद होना जरूरी है। मनीष सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल की सरकार केजरीवाल का पार्षद कैम्पेन जारी करते हुए कहा कि यह मुहिम पूरी दिल्ली में चलेगी।

एमसीडी में केजरीवाल की गूँज अभी पूरी दिल्ली में चल ही रही है। लेकिन ऐसा न हो जाये कि नगर निगम में केजरीवाल की सरकार हो और किसी इलाके में भाजपा का पार्षद बन जाये ऐसा हुआ तो वह केवल लड़ता रहेगा, जनता के काम रुकवाएगा। केजरीवाल काम करवाएंगे, साफ-सफाई करवाएंगे, सड़कें-गलियां बनवायेंगे, पार्कों को ठीक करवाएंगे, आवारा पशुओं से छुटकारा दिलवाएंगे।

# श्रद्धा हत्याकांड : पुलिस ने मानव जबड़ा किया बरामद

- दंत चिकित्सक की मदद से पता लगाने का प्रयास किया जा रहा कि यह पीड़िता का है या किसी और का

**पीएनएस।** नई दिल्ली/मुंबई

श्रद्धा वालकर हत्याकांड के अवशेषों को खोज रही दिल्ली पुलिस को एक मानव जबड़ा बरामद किया है एवं यह पता लगाने के लिए यहां एक दंत चिकित्सक से संपर्क किया है कि क्या यह जबड़ा पीड़िता का ही है। यह जबड़ा कहां से मिला है पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

दंत चिकित्सक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि वह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले और जानकारी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस आज आई थी।

उनके पास जबड़े की एक तस्वीर थी जिसे उन्होंने तलाशी के दौरान बरामद किया। मैंने उनसे मुंबई के उस डॉक्टर से एक्स-रे लेने को कहा, जिसने रूट केनाल उपचार (आरसीटी) के लिए पीड़िता का इलाज किया था। बिना एक्स-रे के, इसकी पहचान मुश्किल है।

दिल्ली पुलिस ने रविवार को एक वन क्षेत्र से खोपड़ी के कुछ हिस्से और कुछ हड्डियां बरामद की थी। इसी के साथ दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में एक तालाब से पानी निकाला जा रहा है।



मैदानगढ़ी इलाके में स्थित इस तालाब से पानी निकाला जा रहा है ताकि बाकी सबूत मिल सके। फोटोः रंजन डिमरी

## महाराष्ट्र के फ्लैट से जून में 37 बक्सों में दिल्ली भेजा था सामान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आफताब पूनावाला ने महाराष्ट्र के पालघर जिले स्थित अपने घर से जून में 37 बक्सों में सामान दिल्ली भेजा था और इसके लिए 20 हजार रुपए का भुगतान किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूनावाला ने दिल्ली पुलिस को बताया था कि राष्ट्रीय राजधानी जाने से पहले उसके और वालकर के बीच लड़ाई हुई थी कि पालघर के वसई इलाके में उनके घर से सामान भेजने का खर्च कौन उठाएगा। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि वे गुडलक पैकर्स एंड मूवर्स कंपनी के माध्यम से पता लगाएंगे कि जून में फर्नीचर और अन्य घरेलू सामानों को भेजने के लिए किसके खाते का उपयोग कर 20,000 रुपए का भुगतान किया गया था।

अधिकारी ने कहा कि रविवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम द्वारा महाराष्ट्र के पालघर जिले में पैकेजिंग कंपनी के एक कर्मचारी का बयान दर्ज करने के बाद, यह पता चला कि पूनावाला ने वसई के एवरशाइन सिटी में व्हाइट हिल्स सोसाइटी के अपने फ्लैट से 37 बक्सों में सामान जून में दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र स्थित अपने आवास पर भिजवाया था।

## आफताब के पॉलीग्राफ परीक्षण के लिए आवेदन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की पॉलीग्राफ जांच के लिए यहां अदालत में सोमवार को आवेदन दाखिल किया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने मामले को न्यायधीश विजयश्री राठौर को भेजा जिन्होंने पहले पूनावाला के नार्को विश्लेषण परीक्षण के आवेदन पर सुनवाई की थी। अदालत ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया था कि पांच दिन के भीतर पूनावाला की नार्को जांच कराई जाए। अदालत ने साफ किया था कि पुलिस आरोपी पर किसी थर्ड डिग्री उपाय का प्रयोग नहीं कर सकती। सोमवार को इस आधार पर आवेदन किया गया कि पूनावाला गलत जानकारी दे रहा है।

## तैयारी के बाद भी नहीं हो सका नार्को टेस्ट



**नई दिल्ली।** आफताब का नार्को विश्लेषण परीक्षण सोमवार को नहीं किया जाएगा, भले ही इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एफएसएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की टीम के साथ रविवार को विस्तृत चर्चा हुई।

अधिकारी ने कहा कि मामला लिया गया है, लेकिन नार्को विश्लेषण परीक्षण किए जाने से पहले, कई तरह की जांच किए जाने की आवश्यकता है और इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नार्को टेस्ट से पहले की जांच उसके भावनात्मक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य का पता लगाने के लिए की जाएगी। यदि इनमें से कोई भी गड़बड़ी पाई जाती है तो नार्को विश्लेषण परीक्षण नहीं होगा। पूनावाला की पांच दिन की पुलिस हिरासत मंगलवार को खत्म हो रही है, ऐसे में दिल्ली पुलिस परीक्षण जल्द से जल्द कराने की कोशिश में जुटी है। रोहिणी के डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल में नार्को एनालिसिस टेस्ट किया।

## सत्येंद्र जैन की अवमानना से जुड़ी याचिका पर सुनवाई आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन की उस याचिका पर दिल्ली की एक अदालत मंगलवार को सुनवाई करेगी जिसमें उनकी जेल की कोठरी का सीसीटीवी फुटेज मीडिया में कथित रूप से लीक करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

इस मामले की सुनवाई सोमवार को होनी थी, लेकिन न्यायधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने शनिवार को जांच एजेंसी को निर्देश दिया था कि वह जैन की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करे।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि ईडी ने अदालत को शपथपत्र देने के बावजूद तिहाड़ जेल के अंदर से सीसीटीवी फुटेज को लीक किया। आप को शनिवार को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, क्योंकि वीडियो में जैन को अपनी जेल की कोठरी में कथित रूप से मालिश कराते और आगंतुकों से मिलते दिखाया गया है। इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस ने जैन को बर्खास्त करने और जेल नियमों के उल्लंघन को लेकर एजेंसियों से जांच कराने की मांग की है। ईडी ने भी इसके पहले जमानत पर सुनवाई के दौरान जैन पर आरोप लगाया था कि वे जेल के अंदर विशेष सुविधा हासिल कर रहे हैं।



इसके बाद अदालत ने ईडी और जैन के कानूनी दल को इस संबंध में हलफनामे की किसी सामग्री और वीडियो को लीक नहीं करने का आदेश दिया था और दोनों पक्षों से इस बाबत शपथ पत्र भी लिया था।

## ग्रे लाइन पर आज एक घंटे नहीं चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** मेट्रो की ग्रे लाइन पर मंगलवार को एक घंटे के लिए ट्रेन का परिचालन बंद रहेगा। इस दौरान मेट्रो के द्वारका-ढांसा बस स्टैंड खंड पर स्पीड ट्रायल होना है। द्वारका और ढांसा बस स्टैंड के बीच पांच किलोमीटर से अधिक लंबी ग्रे-लाइन पर चार स्टेशन हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अनुसार ट्रेन परिचालन की गुणवत्ता बेहतर बनाने और गति में तेजी लाने के लिए द्वारका-ढांसा बस स्टैंड खंड (ग्रे लाइन) पर स्पीड ट्रायल होना है। द्वारका-ढांसा बस स्टैंड खंड पर कल दोपहर साढ़े 12 से डेढ़ बजे तक मेट्रो एक घंटे के लिए उपलब्ध नहीं होगी। यात्रियों को सलाह दी है वे इसके अनुसार अपनी यात्रा योजना बनाएं।

## दिल्ली महिला आयोग ने उत्तर प्रदेश पुलिस को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में युवती की उसके पिता द्वारा कथित तौर पर शान की खातिर हत्या के मामले में यूपी पुलिस को नोटिस जारी किया। आयोग ने 24 नवंबर तक आरोपी नितेश यादव के विवरण के साथ प्राथमिकी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की प्रतियां भी मुहैया कराने को कहा है।

डीसीडब्ल्यू ने अपने नोटिस में कहा है कि वह यह भी जानना चाहती है कि क्या आयुषी के घर से जाने पर परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी या नहीं। आयुषी यादव का शव 18 नवंबर को मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे के पास सर्विस लेन पर एक लाल रंग के ट्रॉली बैग के अंदर मिला था। पुलिस के अनुसार, आयुषी के पिता नितेश यादव ने यहां बदरपुर थाना क्षेत्र के मोड़बंद गांव में अपने आवास पर उसकी गोली मारकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। हत्या के बाद शव को ट्रॉली बैग में रखकर यमुना एक्सप्रेस-वे के पास फेंक दिया था।

आयुषी यादव की मां और भाई को पता था कि नितेश ने आयुषी की हत्या कर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आयुषी उन्हें बताए बिना कुछ दिनों के लिए बाहर चली गई थी और इससे उसके पिता नाराज हो गए थे।

# शकूर बस्ती की झुग्गी ढहाने का नोटिस वापस ले रेलवेः अदालत

- इलाके के लोगों ने दायर की थी याचिका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने रेलवे से कहा कि वह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शकूर बस्ती इलाके में रहने वाले झुग्गिवासियों को जारी विध्वंस नोटिस को वापस ले।

याचिका में कहा गया कि नोटिस के अनुसार, रेलवे द्वारा झुग्गी-बस्ती में सोमवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई की जानी थी। भविष्य में, अगर रेलवे वहां के निवासियों को नए सिरे से विध्वंस नोटिस जारी करने का फैसला करता है, तो वह झुग्गी नंबर का उल्लेख करते हुए व्यक्तिगत नोटिस जारी करेगा और झुग्गीवासियों को जवाब दाखिल करने का समय देगा। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की खंडपीठ ने पिछले कई वर्षों से शकूर बस्ती में रह रहे निवासियों की ओर से दायर एक अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने 2019 में कांग्रेस नेता अजय माकन के मामले में एक फैसला सुनाया था, जिसमें रेलवे को निर्देश दिया गया था कि तोड़फोड़ की कोई भी कार्रवाई करने से पहले झुग्गी-बस्ती के निवासियों का पुनर्वास किया जाए।



झुग्गीवासियों की ओर से पेश वकील कवलप्रीत कौर ने कहा, लेकिन, रेलवे ने उस फैसले का उल्लंघन करते हुए शकूर बस्ती इलाके के लिए विध्वंस नोटिस जारी किया है। रेलवे की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे पहचान करेंगे कि कौन से नए अतिक्रमण हैं और उन लोगों को फिर से नोटिस जारी करेंगे, जिन्हें पूर्व के आदेश में संरक्षण प्राप्त नहीं है।

## उपराज्यपाल के आदेश को जैस्मीन शाह ने दी चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के थिंक टैंक डीडीसीडी के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह ने उपराज्यपाल के आदेश को चुनौती दी है। जिसमें उन्हें दायित्व निर्वहन से रोकने तथा उनके कार्यालय को सील करने के एलजी के आदेश पर रोक लगाने की अंतरिम राहत की भी मांग की है। शाह की ओर से यह अर्जी वकील चिराग मदान ने दायर की है और उसे मंगलवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सामने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उपराज्यपाल के आदेश के बाद बतौर संवाद एवं विकास आयोग (डीडीसीडी) उपाध्यक्ष शाह को मिली सुविधाएं वापस ले ली गई हैं। शाह ने 18 नवंबर को (उपराज्यपाल के) इस फैसले को बिल्कुल गैरकानूनी एवं असंवैधानिक करार दिया था।

सूत्रों के अनुसार, उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से राजनीतिक उद्देश्यों के लिए अपने पद का दुरूपयोग करने के आरोपों को लेकर शाह को डीडीसीडी के उपाध्यक्ष पद से हटाने को भी कहा था।

दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक वाहन नीति के पीछे शाह का ही योगदान है। शाह को कैबिनेट रैंक प्राप्त है और वह दिल्ली सरकार के मंत्री के समान विभिन्न अधिकारों एवं अन्य सुविधाओं के हकदार हैं। मंत्री की भांति उन्हें सरकारी आवास, कार्यालय, वाहन एवं निजी कर्मी दिए गए।

## विशेष कोर्ट में नियुक्त होंगे 5 न्यायिक अधिकारी

- उपराज्यपाल ने 35 सहायक कर्मचारियों की भर्ती को भी दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत दर्ज मामलों की भारी संख्या को देखते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पांच विशेष अदालतों में पांच न्यायिक अधिकारियों और 35 अन्य लिपिक और सहायक कर्मचारियों की भर्ती को मंजूरी दे दी है। एनआई अधिनियम, 1881, बैंक चेक, प्रॉमिसरी नोट्स, हुंडियों सहित अन्य तरीकों के माध्यम से वित्तीय लेनदेन से संबंधित मामलों को कवर करता है।



उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (एनआई) अधिनियम के मामलों से निपटने वाली अदालतों में पाठकों, आशुलिपिकों, अहलमदों, सहायक अहमदों और चपरासी सहित कर्मचारियों की नियुक्ति एक वर्ष के लिए पायलट आधार पर की जाएगी। इस पहल का मकसद एनआई अधिनियम के तहत अदालती मामलों के निपटान में तेजी लाना है और इन अदालतों में लंबित मामलों की भारी संख्या को कम करना है। मुख्य रूप से कर्मचारियों की कमी के कारण प्रक्रियात्मक और तार्किक देरी के कारण। यह कदम इस साल 19 मई को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के मद्देनजर आया है, जो नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत मामलों के शीघ्र निपटान से संबंधित एक सू मोटो रिट में है। शीर्ष अदालत के आदेश के अनुपालन में, दिल्ली सरकार के कानून विभाग ने अदालत के कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी मांगी थी।

सूत्रों दिल्ली उच्च न्यायालय की राज्य न्यायालय प्रबंधन समिति ने सिफारिश की है कि पायलट परियोजना के शुरू होने के समय केवल 2500 पुराने लंबित मामलों को मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा प्रत्येक विशेष अदालत (एनआई अधिनियम) में सौंपा जाएगा। यह देखा गया कि एनआई अधिनियम के तहत मामलों में ज्यादातर चेक बाउंस के मामलों सहित छोटे वित्तीय विवादों से निपटते हैं, अक्सर मुकदमेबाजी के लिए मुकदमेबाजी अप्रासंगिक हो जाती है और इसमें शामिल पक्षों को परेशान किया जाता है।

# सवा करोड़ हरियाणवियों की सेहत सुधारेगी चिरायु योजना

### आयुष्मान भारत योजना के तहत शुरू हुई चिरायु योजना, गोल्डन कार्ड बांटे

### चिरायु योजना के तहत मिलेगी 5 लाख रुपये तक के खर्च की उपचार सुविधा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**सवा** करोड़ हरियाणवियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को मनोहर सौगात दी। हरियाणा में अंत्योदय परिवारों तक आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करके यहां चिरायु योजना शुरू की, ताकि प्रदेशवासियों की सेहत का ख्याल रखा जा सके। इस योजना में बीमारियों पर 5 लाख रुपये तक का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत करते हुए परिवारों को गोल्डन कार्ड भी वितरित किए।

हरियाणा सरकार ने ऐसे जरूरतमंद परिवारों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ देने की शुरुआत की है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस योजना से राज्य के करीब 29 लाख परिवारों की बीमारी की स्थिति में इलाज पर आने वाले खर्च की चिंता खत्म होगी। हरियाणा की 50 प्रतिशत जनता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना को चिरायु हरियाणा के नाम से जाना जाएगा।

### दिव्यांगों को भी योजना में किया शामिल

**मुख्यमंत्री** ने कांता देवी और हरपाल सहित दर्जनभर लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए। इस योजना में शामिल किए जाने वाले इन परिवारों का 5 लाख रुपये तक का इलाज पर खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब दिव्यांग का इलाज भी योजना में समाहित किया गया है। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से तैयार फिल्म भी प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज का दिन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का एक नया संदेश लेकर आया है। आज से अन्त्योदय परिवारों को भी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे में लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लाभार्थियों का डाटा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ साझा किया गया है, ताकि उसे आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पोर्टल तथा पीपीपी आईडी के साथ एकीकृत किया जा सके। पात्र लाभार्थियों की पहचान करने, उन्हें पंजीकृत करने और मिशन मोड में उनके कार्ड बनाने के लिए सभी जिलों के साथ एकीकृत डेटा सांझा किया जा रहा है।


गुरुग्राम के मानेसर से प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत चिरायु हरियाणा योजना का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


गुरुग्राम के मानेसर से प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत चिरायु हरियाणा के तहत महिलाओं को गोल्डन कार्ड वितरित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य के हिसाब से केंद्र की एक लाख 20 हजार रुपये वार्षिक आय की सीमा को एक लाख 80 हजार रुपये तक किया है। मिशन मोड में अंत्योदय परिवारों के सभी लाभार्थियों को कवर करने के लिए लाभार्थी की पहचान और कार्ड बनाने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। उम्मीद है कि 31 दिसम्बर तक सभी को ये कार्ड मिल जाएंगे।

## चिरायु हरियाणा योजना में 1500 किस्म की बीमारियों का होगा इलाज

### आयुष्मान भारत योजना में पूरे प्रदेश में 1715 अस्पताल हैं सूचीबद्ध

**गुरुग्राम।** हरियाणा में सोमवार से मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई चिरायु हरियाणा योजना के तहत 1500 किस्म की बीमारियों का इलाज संभव हो सकेगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में कुल 715 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जिनमें 539 निजी और 176 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो हरियाणा के 22 जिलों में हर जिले में लगभग 32 अस्पतालों में इस योजना से जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक आयुष्मान भारत योजना के तहत 580.77 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम दिए गए हैं। वर्ष 2021 के दौरान शीघ्र क्लेम भुगतान के लिए हरियाणा को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएच ए) से प्रशंसा-पत्र भी मिला है। आयुष्मान कार्डों को आधार से जोड़ने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। प्रदेश में अस्पताल में भर्ती होने के समय 100 प्रतिशत बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (नवजात शिशुओं और आपात स्थितियों को छोड़कर) किया जाता है।


समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के अलावा भी प्रदेश में आमजन को किफायती, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया है। आज प्रदेश में 228 प्रकार के ऑप्रेशन, 70 प्रकार के टेस्ट और 21 प्रकार की दंत चिकित्सा मुफ्त उपलब्ध है। साथ ही 541 दवाइयां भी मुफ्त दी जाती हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी गरीबों के उत्थान और कल्याण के लिए कारगर कदम उठाये हैं। अन्त्योदय अभियान में हम उन परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में लगे हैं, जो किन्हीं कारणों से पिछड़े रह गए। सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने का बीड़ा उठाया है। प्रदेश में तीन चरणों में 550 से ऊपर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया, जिनमें करीब ढ़ाई लाख से अधिक परिवार शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं की आखिरी गरीब तक पहुंच और अंतिम व्यक्ति का उदय ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान और स्वावलंबन के सिद्धांत पर काम कर रही है। हरियाणा बड़े राज्यों में देश में सबसे आगे, हरियाणा की जनता को सुविधाओं का लाभ मिले ये सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी के चलते परिवार पहचान पत्र को लागू किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अलावा पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सोहना के विधायक संजय सिंह, हरियाणा में आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजनारायण कौशिक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना,जनसंपर्क एवं भाषा विभाग महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, मुख्यमंत्री के पब्लिक सेफ्टी एडवाइजर अनिल राव, गुरुग्राम के मण्डलायुक्त आरसी बिढान, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। हरियाणा के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसद तथा मंत्रिमंडल के सदस्य वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े। इस मौके पर पूरे प्रदेश में लगभग 29 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित हुए।

## अंत्योदय परिवारों की चिकित्सा को लेकर चिंता हुई दूर : राव इंद्रजीत


गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल में चिरायु हरियाणा योजना के तहत पात्रों को कार्ड वितरित करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंत्योदय परिवारों तक विस्तारीकरण से उनकी चिकित्सा को लेकर चिंता दूर हुई है। इस योजना के तहत अंत्योदय परिवार 5 लाख रुपये तक का इलाज नि:शुल्क करवा सकते हैं। वे सोमवार को यहां सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान राव इन्द्रजीत सिंह ने पांच पात्र लाभार्थियों को अपने कर कमलों से सांकेतिक तौर पर गोल्डन कार्ड वितरित किए।

इस मौके पर अपने विचार रखते हुए केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में गुरुग्राम जिला में चिकित्सा सुविधाओं में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देश भर से लोग गुरुग्राम में इलाज करवाने के लिए आए, लेकिन इस महामारी के दौरान आम आदमी के लिए चिकित्सा सुविधाएं अपेक्षाकृत कम रही। महंगी स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण लोगों को आर्थिक तंगी का भी काफी सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से नागरिक अस्पताल 400 बैड का बनाने का निर्णय लिया गया। जिसके निर्माण को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत एक लाख 20 हजार रुपये वार्षिक से कम आय वाले परिवारों को शामिल किया गया था, लेकिन अब इस योजना के तहत सीमा को बढ़ाकर एक लाख 80 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के विस्तारीकरण से अब जरूरतमंद परिवारों को 5 लाख रुपये तक के ईलाज की नि:शुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंत्योदय परिवारों तक विस्तारीकरण से लोगों की चिकित्सा को लेकर चिंताए दूर हुई है।

### नागरिक अस्पताल में बनाया आयुष्मान कांउटर

**कार्यक्रम** में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत जिला में 39 अस्पतालों को इंपेनल्ड किया गया है, जिनमें से 32 निजी अस्पताल तथा 7 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत जिला में 3 लाख 84 हजार पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में इस योजना के तहत पंजीकरण करवाने को लेकर आयुष्मान कांउटर भी स्थापित किया गया है, जहां पर आयुष्मान मित्रों के माध्यम से पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी का गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। इस मौके पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव, पूर्व विधायक बिमला चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## गुरुग्राम में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बनेगी

### पत्रकारहित की दोनों परियोजनाओं पर निकट भविष्य में शुरू होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में प्रेस क्लब और पत्रकारों के लिए ग्रप हाउसिंग सोसायटी बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को मुहर लगा दी। यहां स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के कॉन्फ्रेंस हॉल में जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के साथ मुख्यमंत्री की बैठक हुई।

इस दौरान जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के पदाधिकारी, सदस्य और हरियाणा हाउसिंग बोर्ड के पूर्व चेयरमैन जवाहर यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी (मीडिया) अमित आर्य, मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव, पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष संजय यादव ने बुके देकर स्वागत किया। साथ ही कहा कि देशभर में हरियाणा पत्रकारों के हित में किए गए कार्यों के लिए रोल मॉडल है। उन्होंने एसोसिएशन की ओर से तैयार किया गया मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि गुरुग्राम भी दिल्ली, चंडीगढ़ की तरह मीडिया हब बन चुका है। ऐसे में यहां प्रेस क्लब बनाने के लिए एसोसिएशन प्रयासरत है। इसके साथ ही पत्रकारों के लिए ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बनाने की भी बात उन्होंने रखी। दोनों मांगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वीकार करते हुए अपनी ओर से संस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने इस बाबत जिला उपायुक्त से भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के नियमों को देखते हुए इन दोनों कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री के ओएसडी (मीडिया) अमित आर्य ने कहा कि पत्रकारों के हित में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सदैव बेहतर करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर पत्रकार आदित्य राज, बागीश झा, सारिका किस्सू, सोनू यादव, अनिल भारद्वाज, अभिषेक बहल, राजेश यादव, अभिषेक अग्रवाल, संजय कुमार मेहरा, अभिषेक, संजय गुलाटी, प्रवीण कुमार, मयंक तिवारी, गौरव तिवारी आदि पत्रकार मौजूद रहे।


जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

## बिजली निगम: ब्याज माफी योजना का मात्र 441 उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

### बिजली निगम को 51 लाख रुपये की बकाया बिल राशि का लाभ हुआ

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना से लाभ उठाने में बकायादार उपभोक्ता लाभ रुचि नहीं ले रहे हैं। निगम की योजना को 12 हजार में से मात्र 441 उपभोक्ताओं ने ही लाभ लिया हैं। जिनसे निगम को 51 लाख रुपये की बकाया बिल राशि का लाभ हुआ है। जबकि 29 लाख रुपये का निगम द्वारा बकाया बिल जमा करने वालो का ब्याज माफ किया है।

एक सितम्बर से 30 नवंबर तक करीब बिजली निगम द्वारा बिजली बिल कायायादार उपभोक्ताओं के लिए चलाई गई ब्याज माफी योजना का मात्र 3 फीसदी उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया है। ब्याज माफी योजना के दौरान अब तक केवल 441 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिल का भुगतान किया है। जिनसे निगम को 51 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। जबकि सोहना सब डिविजन में 12 हजार उपभोक्ताओं पर निगम का 12 करोड़ से अधिक ब्याज समेत राशि बकाया है। जिसमें से मात्र 5 फ ीसदी के लगभग बकाया राशि की वसूली हुई है।

योजना के दौरान बिजली निगम को बकाया और ब्याज माफी वसूली गई 51 लाख रुपये और 29 लाख रुपये का ब्याज माफ किया है।

**योजना में 8 दिन शेष :** ब्याज माफ ी की योजना में अभी भी निगम के बकायादार उपभोक्ताओं के पास 8 दिन शेष है। निगम के एसडीओ कार्यालय में योजना का लाभ लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विशेष रूप से तीन काउंटर चलाए हैं। ताकि उपभोक्ताओं योजना का लाभ लेने के दौरान अधिक समय तक लाइन में खड़ा न होना पड़े।


बिजली निगम के एसडीओ लियाकत अली।

> “ **योजना** के तहत बकायादार निगम के उपभोक्ताओं से प्राप्त हुई राशि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। एक दिसम्बर से निगम की टीम द्वारा बिजली बिल बकायादार और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ छापा मारने की पूरी तैयारी कर ली है। जिसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।
>
> **लियाकत अली (एसडीओ बिजली निगम)**

## संक्षिप्त समाचार

### खट्टर ने निभाया स्वस्थ हो हर परिवार का वादा : धनखड़



**गुरुग्राम।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए अंत्योदय परिवारों को योजना के दायरे में शामिल कर स्वस्थ हो हर परिवार का वादा पूरा करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाकर जरूरतमंद व गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव में बतौर मेनिफेस्टो कमेटी चेयरमैन पार्टी के संकल्प पत्र में आयुष्मान भारत पीएम आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाकर एक लाख 80 हजार रुपये वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों को पीएम आरोग्य योजना में शामिल करने वादा किया था। धनखड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा जारी मेनिफेस्टो में हर जरूरतमंद परिवार व व्यक्ति को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का वादा किया था, वह वादा आज अंत्योदय विस्तारीकरण योजना से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है और इसके लिए हरियाणा सरकार बधाई की पात्र है। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने सभी लाभार्थियों को अंत्योदय विस्तारीकरण योजना में शामिल होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ सालों में हरियाणा की मनोहर सरकार ने अंत्योदय योजना के तहत जरूरतमंद नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेकों पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विजन को साकार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मानदंडों के अनुसार हरियाणा में 15 लाख 51 हजार 798 परिवार इस योजना में कवर हो रहे थे, लेकिन हरियाणा की मनोहर सरकार ने योजना का दायरा बढ़ाया, जिसके कारण अब प्रदेश के लगभग 28 लाख परिवारों के लगभग सवा करोड़ लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत-सशक्त भारत के विजन को एक नयी दिशा और गति मिलेगी।

### तीरंदाजी व साईकलिंग के खेलों का हुआ ट्रायल



**सोहना।** खेल एवं युवा स्टेडियम में तीरंदाजी और साईकिलिंग का खेलो कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में स्थानीय देवीलाल खेल में हरियाणा के लिए चयन का ट्रायल हुआ। दिसंबर माह के पहले सप्ताह में राज्य स्तरीय खेलो हरियाणा विभिन्न खेलों का आयोजन होना है। जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी ही भाग लें सकेंगे। सोमवार को जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा ताऊ देवी लाल स्टेडियम सोहना में तीरंदाजी वे साईकिलिंग खेलों का जिला स्तरीय चयन ट्रायल लिया। जिसमें गुड़गांव जिले के काफी खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीरंदाजी खेल में जिला गुड़गांव की टीम में चयन होने वाले खिलाड़ी ने भाग लिया। जिनमें रिकॉरव राउंड 70 मीटर डिस्टेंस लड़कों में यस अभयपुर ने प्रथम स्थान, श्वेता सिंह रिकारव राउंड 70 मीटर में प्रथम स्थान कंपाउंड राउंड 50 मीटर डिस्टेंस गर्ल्स में जिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कंपाउंड राउंड बॉयज 50 मीटर डिस्टेंस में आयुष राव ने प्रथम स्थान प्राप्त करके राज्य स्तरीय हेलो हरियाणा प्रतियोगिता के लिए गुडगांव की टीम में अपना चयन पक्का किया। वहीं साइकिलिंग लड़कों में राजेंमस चौधरी नील, शिवम,यस, शिवम, हिमांशु, तरुण शामिल हैं। लड़कियों में रुचिका सिंह, मेघा बिष्ट, अग्रिमा संधू, आरणा, कोमल, सुष्मिता, वंदना ने खेलो हरियाणा प्रतियोगिता के लिए अपना चयन पक्का किया। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतियोगिताओं पर जोर दे रही है।

## आबादी क्षेत्र में बना क्रेसर जोन ग्रामीणों को बांट रहा है जानलेवा बीमारियां

### सोहना खंड के गांव रायसीना में बने जोन में चल रहीं 10 से 15 क्रेसर मशीन

### आरोप है कि क्रेसर जोन से आस-पास की उपजाऊ जमीन बनती जा रही है बंजर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**रायसीना** क्रेसर जोन से लगते गांवों के ग्रामीण पिछले करीब 20 वर्ष से हटाएं जाने की मांग कर रहे हैं। क्रेसर जाने का प्रदूषण ग्रामीणों को जानलेवा बीमारियों की चपेट में तो ले ही रहा है। इससे आस-पास की फसल देने वाली जमीन बंजर बनती जा रही है। जिससे किसानों की आजीविका समाप्त हो रही है।

सोहना के खंड के गांव रायसीना में बने क्रेसर जोन में वर्तमान समय में 10 से 15 मशीन चल रही हैं। जिससे क्रेसर जोन से लगते गांव हरियाहेड़ा, रायसीना, रामनगर की ढाणी, अलीपुर, धुनेला और सोहना ढाणी के ग्रामीण पिछले करीब 20 वर्ष से इसको हटाएं जाने की मांग कर रहे है। क्रेसर जोन से बिगड़ती आवोहवा ग्रामीणों के लिए जान की दुश्मन बनी हुई है। ग्रामीण सास, तपेदित, पेट में पत्थरी जैसी जानलेवा बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। क्रेसर जोन से जाने वाले मार्गों पर उड़ती धूल व कंक्रीट वाली मिट्टी से आस-पास के लगते खेतों में होने वाली फसल प्रभावित हो रही है।


सोहना खंड के गांव रायसीना में बना क्रेसर जोन।

> “ **क्रेसर** जोन में प्रशासन की मिलीभगत से मशीन चल रही है। वर्तमान समय में जो भी मशीन चल रही है। उनके 50 फीसदी ने अपना लाइसेंस ही नहीं लिया है। इस क्रेसर जोन को यहा से समाप्त करने के लिए पिछले 20 साल से ग्रामीण प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं, लेकिन राजनीति पहुंच का फायदा उठाकर जोन को अवैध रूप चलाया जा रहा है। जिसके कारण जोन से मात्र 2 से 3 किलोमीटर की दूरी अरावली पहाड़ी में पत्थर चोरी होते है। अवैध खनन होने से पर्यावरण दूषित हो रहा है।
>
> **यादराम (ग्रामीण)**

> “ **जोन** से उड़ने वाली धूल घरों के आंगन तक पहुंच रही है। इतना ही नहीं इस धूल के कारण सास लेना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीण टीवी, सास और पत्थरी जैसी जानलेवा बीमारी के शिकार हो रहे है। ग्रामीण महिलाएं घर और खेत पर जाकर काम करती है। महिलाएं जोन से उड़ने वाली धूल से न तो घर में सुरक्षित है और न ही खेल खलियान में। खराब प्रदूषण का असर महिलाओं के गर्भ में पलने वाले बच्चे पर भी पड़ता है।
>
> **सुनीता (घरेलू महिला)**

> “ **क्रेसर** जाने से लगती गांव अलीपुर, धुनेला, बेरका, सोहना ढाणी, राम नगर, मौहम्मदपुर गूर्जर, गुंडवास, रायसीना, हरियाहेड़ा आदि गांवों की फसल देने वाली जमीन लगती है। लेकिन क्रेसर जोन से उड़ने वाली कंक्रीट वाली धूल फ सल देने वाली जमीन तक पहुंच रही है। जिससे फसल की पैदावार प्रभावित हो रही है। प्रत्येक वर्ष जमीन में फसल पैदावर घट रही है। किसान चाह कर भी अपने अनुमानित फसल की पैदावार नहीं कर पा रहा है।
>
> **दिनेश कुमार (ग्रामीण)**

## आईआईएफएल फाईनेंस ने भारत में 'गोल्ड लोन मेला बंपर धमाका ऑफर' लॉन्च किया

### सौरभ कुमार, बिजनेस हेड, गोल्ड लोन्स ने कहा, ग्राहक उपहार भी पाएं

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**भारत** की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने 15 नवंबर, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 के बीच सभी ग्राहकों के लिए 'गोल्ड लोन मेला बंपर धमाका' के साथ गोल्ड लोन पर आकर्षक ऑफर प्रस्तुत किए हैं। इन ऑफर्स में भारत में आईआईएफएल की 2400 से ज्यादा शाखाओं से गोल्ड लोन लेने वाले हर ग्राहक के लिए लग्जरी कार, बाईक, स्मार्टफोन और अन्य एश्योर्ड गिफ्ट शामिल हैं।

'गोल्ड लोन मेला बंपर धमाका' के लॉन्च के बारे में सौरभ कुमार, बिजनेस हेड, गोल्ड लोन्स, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा, ''आईआईएएल गोल्ड लोन ग्राहकों की अत्यधिक निष्ठा के साथ भारत में सबसे पसंदीदा गोल्ड लोन ब्रांड्स में से एक है। ग्राहकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करने के लिए हमने 'गोल्ड लोन धमाका' ऑफर लॉन्च किए हैं, जिसमें करोड़ों रुपये के उपहार दिए जाएंगे। हम सभी गोल्ड लोन ग्राहकों से निवेदन करते हैं कि वो भारत के 1200 से ज्यादा शहरों में हमारी किसी भी शाखा में आएं और ऑफर का सर्वश्रेष्ठ लाभ लें।'' आकर्षक उपहारों के अलावा, आईआईएफएल फाईनेंस तीव्र प्रोसेसिंग, सर्वाधिक लोन मूल्य, और आसान डिजिटल पेमेंट विकल्पों की प्रतिबद्धता के साथ सबसे आकर्षक मासिक ब्याज दर पर गोल्ड लोन प्रदान करता है। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में सबसे तेजी से विकसित होती हुई और सर्वाधिक रिटेल केंद्रित फाईनेंस कंपनियों में से एक है, जिसके पास 55,000 करोड़ रुपये के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल फाईनेंस का कस्टमर बेस और बिजनेस ग्राहकों के साथ सीधी बात और कम ब्याज दर एवं बिना किसी हिडन शुल्क के कारण काफी तेजी से बढ़ा है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 नवंबर, 2022



# लापरवाही : दो दिन बाद भी सड़क पर पड़ा नजर आया टूटा खंभा

## सड़क दुर्घटना को न्योता दे रहा है सड़क पर बिजली का खंभा

कविता। फरीदाबाद

**एनआइटी** इलाके के नीलम बाटा पर रोड स्थित होटल डिलाईट के निकट एक अज्ञात वाहन चालक ने सड़क के किनारे लगे बिजली के खम्भे को टक्कर मार कर गिरा दिया। रविवार सुबह चार बजे टूटे हुए खम्भे को सोमवार शाम चार बजे तक भी सड़क से नहीं हटाया गया। जिसके कारण यहां से निकलने वाले महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों समेत अन्य वाहन चालकों और यहां सड़क किनारे रेहड़ी लगा रहे दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**लापरवाही से टूटा खंभा :** नीलम बाटा रोड पर फलों की रेहड़ी लगा रहे राजवीर नामक एक बुजुर्ग ने बताया कि सुबह चार बजे एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए इस बिजली के खम्बे को तोड़ दिया था। जिसकी सूचना बिजली विभाग को दी गई थी, लेकिन रविवार सुबह चार बजे से टूटे पड़े इस खम्बे को बिजली विभाग ने अभी तक भी नहीं हटाया। जिसके कारण यहां गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।


नीलम बाटा रोड पर पड़ा बिजली का टूटा खंभा।


राजवीर।

**हादसों का रहता है डर:** राजवीर ने बताया कि बिजली का यह खम्भा चौक के निकट गिरा है, यहां से गाडियां यूटर्न लेती है। स्कूली बच्चें, अभिभावक और बुजुर्ग व्यक्ति भी यहां से पैदल आते-जाते हैं। ऐसे में खम्बे के तारों में किसी तरह का कोई करंट न हो। जिससे डर बना रहता है। कहीं बिजली निगम के कर्मचारियों के लापरवाह रवैये के कारण कोई अपनी जान न गंवा दें।

**एक्सीडेंट का डर :** लोगों का कहना है कि खम्भे में कई लोहे की रॉड लगी हुई है, तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहन चालकों और यहां पैदल जाने वाले लोगों का इससे टकराने का खतरा बना रहता है। इस खम्भे के कारण यहां बड़ा हादसा भी हो सकता है, जिसका उन्हें डर है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी जान कर भी इससे अंजान बने बैठे हैं।

# जिला परिषद चुनाव : सभी तैयारियां पूरी, आज होगा मतदान

## पोलिंग पार्टी ईवीएम व पूरी चुनाव सामग्री सहित मतदान बूथों के लिए हुई रवाना

पायनियर सामचार सेवा। फरीदाबाद


ईवीएम और चुनाव सामग्री लेकर समान को चैक करती पोलिंग पार्टी।


मशीन लेकर जाते चुनावी ड्यूटी पर अध्यापकगण।

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में मंगलवार, 22 नवंबर को होने वाले जिला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्यों के चुनाव को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है, जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। डीसी विक्रम सिंह व स्पेशल चुनाव आब्जर्वर नीलम साहनी ने डीएवी स्कूल सेक्टर-14 में चुनाव सामग्री वितरण प्रक्रिया का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने पोलिंग पार्टी की फाइनल रिहर्सल को संबोधित करते हुए कहा कि पोलिंग पार्टी पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता व पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें और पंचायत चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। जिला में जिला परिषद सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान मंगलवार, 22 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। पंचायत समिति सदस्य व जिला पार्षद पद के लिए मंगलवार, 22 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को खंड स्तर पर फाइनल रिहर्सल करवाकर रवाना कर दिया गया है। जिला के सभी तीनों खंडों में चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों पूरी तैयारी कर ली गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां मंगलवार,22 नवंबर को मतदान के उपरांत उसी स्थान पर ईवीएम व चुनाव सामग्री जमा करेंगी जहां से प्राप्त की हैं। जिला में मंगलवार,22 नवंबर को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 6 बजे एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल किया जाएगा। अगर कोई एजेंट सुबह 6 बजे नहीं पहुंचता है तो 10 मिनट इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मॉक पोल शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला परिषद के 10 वार्डों के लिए उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**कंट्रोल रूम स्थापित :** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि प्रशासन की ओर पंचायत आम चुनाव के मद्देनजर सूचना तंत्र को मजबूत किया गया है। पंचायत चुनाव के तहत मतदान प्रक्रिया के निर्बाध, पारदर्शी, सफल और सुचारू संचालन के लिए जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। ताकि पंचायत चुनाव के मद्देनजर सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके।

**शांति और सौहार्द बनाए रखें:** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने मतदाताओं से मतदान के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनाव में सभी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मतदान करें और प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बनें। किसी प्रत्याशी के हार या जीत के बाद भी गांव में वैसा ही आपसी प्यार-प्रेम व भाईचारा बना रहे और आपस में कोई मनमुटाव पैदा न हो। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**बख्शे नहीं जाएंगे बोगस वोटर:** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने पुलिस विभाग, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सभी खंड निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र पर किसी भी प्रकार अवांछित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बोगस आईडी के आधार पर या फिर डुप्लीकेट मतदान करने वाले को तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। डीसी ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए बूथों को सामान्य, सवेंदनशील व अतिसंवेदनशील की श्रेणी में बांटा गया है। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

**ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सुपवाइजर व जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त :** डीसी ने कहा कि जिला में आदर्श चुनाव संहित की अनुपालना और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराने के लिए पूरे जिले को जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सुपरवाइजर और जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट लॉ एंड आर्डर की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि सुपरवाइजर व जोनल मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों की मदद के लिए तत्पर रहेंगे।

**27 को आएंगे जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनाव नतीजे:** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव के परिणाम 27 नवंबर 2022 को घोषित किए जाएंगे। हरियाणा में तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। जिला परिषद एवं पंचायत समिति के तीनों चरणों के मतदान के बाद परिणाम एक साथ घोषित किए जाएंगे। सरपंच व पंच पद के नतीजे मतदान के बाद उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जिला के खंड फरीदाबाद की पोलिंग पाटियों को आरओ कम एसडीएम बडखल पंकज सेतिया की अध्यक्षता में डीएवी स्कूल सैक्टर -14 व खंड बल्लबगढ की पोलिंग पार्टियों को सेक्टर-3 स्थित राजकीय माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चुनाव से संबंधित सामग्री वितरित की गई।

# ऑर्गेनिक फार्मिंग ने आदिवासियों का जीवन बदला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**पश्चिम** के साथ केरल के व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध बहुत पुराने हैं। यह संबंध आज भी अलग-अलग रूप में बना हुआ है। केरल के मसालों ने हमेशा इन संबंधों को मजबूत बनाने में भूमिका निभाई है, लेकिन समय और स्वाद को लेकर बदलती पसंद के साथ बाजार में नए उत्पादों ने जगह बनाई है। अब यूरोपीय बाजारों में पारंपरिक किस्मों की जगह ऑर्गेनिक मसाले लेने लगे हैं।

इडुकी जिले के पेरियार टाइगर रिजर्व के पास वांचीवायल जनजातीय क्षेत्र में उपजाए जाने वाले ऑर्गेनिक मसाले, विशेषतौर पर काली मिर्च की गुणवत्ता इतनी खास है, इसने जर्मनी के प्रीमियम बाजार में अपनी पहचान बना ली है। 2022 में अब तक उन्होंने जर्मनी की कंपनी रिचाबेल को 12,000 किलोग्राम काली मिर्च निर्यात की है। 2003 में वर्ल्ड बैंक के सहयोग से जनजातीय समुदायों ने काली मिर्च की खेती शुरू की थी और उसी साल इसे ऑर्गेनिक का प्रमाण पत्र मिल गया था। वांचीवायल ऑर्गेनिक फार्मिंग की खास बात यह है कि यहां स्वदेशी ज्ञान और तकनीक को मिलाकर काम किया जा रहा है। इससे उपज बढ़ाने में मदद मिली है। जब जनजातीय समुदाय ने मिलकर सपोर्टिंग ग्रुप्स के प्रोफेशनल लोगों से हाथ मिलाया तो वांचीवायल में नतीजे आने शुरू हो गए। अब यहां के जनजातीय समुदायों के लिए कृषि आय का प्रमुख स्रोत बन गई है। यह इस बात का भी उदाहरण है कि कैसे जनजातीय समुदायों को नकदी फसलें उगाने के लिए तैयार किया जा सकता है। 2018 में वांचीवायल को केरल में दूसरे सर्वश्रेष्ठ फार्मिंग ट्राइबल बेल्ट का पुरस्कार मिला था। अब जनजातीय गतिविधियों को वनश्री के माध्यम से संचालित किया जाता है, जिसे केरल वन विभाग ने स्थापित किया है। यह वन विभाग एजेंसियों के लिए एक संयुक्त संगठन की तरह काम करता है। ये वन पर आश्रित समुदायों से जुटाए गए नॉन-टिंबर फॉरेस्ट प्रोड्यूस की बिक्री को बढ़ावा देते हैं।

# फूड फेस्टिवल टेक्स मेक्स फिएस्टा के फ्यूजन का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यूईआई** जो भारत के शीर्ष मूल्यांकित हॉस्पिटैलिटी एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस है, वह ऐसे पाठ्यक्रम प्रदान करता है जिन्हें पारंपरिक उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण में विभाजित किया जा सकता है। इसके वर्तमान में पूरे भारत के 9 शहरों में 9 अत्याधुनिक परिसर हैं। यूईआई ग्लोबल सेवा क्षेत्र की आवश्यकताओं पर केंद्रित उद्योग उन्मुख कार्यक्रमों का गुलदस्ता प्रदान करता है। बहु-कुशल पेशेवरों को बनाने के लिए विश्व स्तर के वातावरण में सावधानीपूर्वक और समकालीन पाठ्यक्रम, मानकीकृत प्रक्रियाओं और योग्य संकाय के माध्यम से शिक्षा प्रदान करता है।

रोजगार उन्मुख और पीढ़ी दोनों में कुशल कार्यबल बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार के मिशन का समर्थन करने के लिए यूईआई दिल्ली प्रबंधन के साथ कौशल को संरेखित करने के लिए नवीन शिक्षण का उपयोग करता है और न केवल उच्च स्तर कुशल छात्रों का निर्माण करता है बल्कि अपने छात्रों के बीच उद्यमशीलता क्षमताओं का पोषण भी करता है। उन्हें नवीन व्यावसायिक अवसरों की एक श्रृंखला के लिए उजागर करना।




यूईआई एजुकेशन के प्रबंध निर्देशक, मनीष खन्ना ने कहा, पिछले 15 सालों से हम लगातार नई पद्धति द्वारा अपने छात्रों के लिए शिक्षण और सीखने के कई तरीकों का निर्माण कर रहे हैं। हमारे पास विभिन्न पृष्ठभूमि वाले जीवन के सभी क्षेत्रों के छात्र हैं और हम उनकी यात्रा के साथ बने रहने का प्रयास करते हैं और उन्हें अनुभवात्मक और समकालीन शिक्षा देते हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरेखित है, ताकि हमारे छात्र विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने का प्रयास कर सकें और यही हमने किया दिल्ली में हमारा टेक्स मेक्स फियेस्टा उन्हें मेक्सिकन संस्कृति के साथ संरेखित करने के लिए उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान एक उच्च गुणवत्ता और अच्छी तरह से संतुलित पाठ्यक्रम विकसित किया है।

# बीके : मरम्मत कार्य के कारण बंद हैं प्रयोगशाला में जांच कार्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में करीब एक सप्ताह से जांच का सामान न होने के कारण प्रयोगशाला में सीबीसी की जांच नहीं हो रही थी, मरीजों को सोमवार को आने की बात कहकर लौटाया जा रहा था, लेकिन जब मरीज सोमवार को अपनी जांच करवाने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि अब सीबीसी समेत सभी जांच प्रयोगशाला में मरम्मत कार्य के कारण पूरी तरह से बंद है। मात्र एक जांच ही जा रही है। जिससे ओपीड़ी में आए मरीजों को वापस लौटना पड़ा।


जांच कक्ष के बाहर लगी मरीजों की लम्बी लाइन में लगे लोगों का नम्बर आने पर वापस लौटता लैब कर्मी।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अपातकालीन और वार्डो में भर्ती मरीजों की कुछ जांचे की जा रही है, जिन जांचों का सामान समाप्त है, उनकी जांच नहीं की जा रही है। वहीं जब उनसे पुछा गया कि ओपीड़ी में कई बार में भी गंभीर मरीज आ जाते है, तो उन्होंने कहा कि इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की जाएगी। वहीं सामान्य मरीजों को निजी सेंटरों से जांच करवानी पड़ेगी। शहर के सिविल अस्पताल में रोजाना दो से ढ़ाई हजार मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं। जिसमें से करीब 300 मरीजों की जांच होती हैं। अस्पताल प्रबंधन ने करीब दो हफ्ते पहले एक नोटिस जारी कर अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच प्रयोगशाला से ही करवाने के आदेश दिये थे। जिसे देखते हुए चिकित्सक प्रयोगशाला की जांच ही लिख रहे थे, लेकिन पिछले कुछ समय से सीबीसी जांच का सामान समाप्त होने से मरीजों को लौटाया जा रहा था। अब प्रयोगशाला में टाईले लगाने का कार्य चल रहा है, वहीं कुछ और जांच का सामान समाप्त हो गया है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। सोमवार को जांच करवाने जब मरीज लैब में पहुंचे, तो लम्बी लाईनों में लगे मरीजों को उनकी बारी आने पर कर्मचारियों द्वारा जांच करने से मना कर दिया। जांच नहीं होने की वजह से मरीजों को निजी लैब से जांच करवानी पड़ रही है। वहीं सूत्रों की माने तो कुछ जांचों का केमिकल खत्म हो गया है और जिनका है, वह जांच अब लैब का मरम्मत के चलते बंद कर दिया है।

## एनएचपीसी खेल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित


**फरीदाबाद।** एनएचपीसी द्वारा 16 खेलों- फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, वॉलीबॉल, ब्रिज, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन और पैरा खेलों के लिए 'उभरते हुए खिलाडियों हेतु एनएचपीसी खेल छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

ये छात्रवृत्तियां 14-19 वर्ष (पैरा खेलों के लिए 14-24 वर्ष) की उम्र के होनहार युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा के प्रोत्साहन तथा ऐसे खिलाड़ियों को उनकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान एक प्रतिभा-पूल बनाने के उद्देश्य से दी जाएंगी। उपरोक्त 16 खेलों में अधिकतम 32 छात्रवृत्तियों (प्रत्येक खेल हेतु 2 छात्रवृत्ति) का प्रावधान है। आवश्यक मानदंडों की पूर्ति के आधार पर दो श्रेणियों अर्थात एलीट स्कॉलर तथा स्कॉलर हेतु छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। छात्रवृत्तियां तीन वर्ष की अवधि तक दी जाएगी।

# जिले को जल जीवन सर्वेक्षण में मिला तीसरा स्थान

**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में जिला फरीदाबाद ने बेहतरीन कार्य करते हुए देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं। केन्द्र सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग के जलशक्ति मंत्रालय की ओर से हुए ताजा सर्वेक्षण में जिला फरीदाबाद ने पूरे देश में 63.98 अंक हासिल करते हुए तीसरे नंबर पर बाजी मारी। इस उपलब्धि की घोषणा सोमवार को जलशक्ति मंत्रालय की ओर से आयोजित वीडियों कांन्फ्रेंस में की गई।

जानकारी देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जिला फरीदाबाद के जिला सलाहकार सत्यनारायण नेहरा ने बताया कि केन्द्र सरकार की बहुत की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिसमें हर घर तक प्रत्येक उस व्यक्ति तक 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन शुद्ध पेयजल पहुंचाना है जो आज तक पेयजल कनैक्शन से वंचित थे । इसी योजना के तहत विभाग को बेहतरीन कार्य करने पर यह अवार्ड हासिल हुआ है। इसके अलावा प्रदेश में जिला अंबाला 64.88 अंक के साथ पहले स्थान व रोहतक 64.25 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



इस उपलब्धि के लिए विभाग के अपर मुख्य सचिव एके सिंह ने तीनों जिलों की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के डायरेक्टर राजीव बातिश जी ने भी पूरे विभाग की मेहनत को सराहते हुए तीनों जिलों की टीम को बधाइयां दी। इस मौके पर जिला फरीदाबाद के जिला उपायुक्त विक्रम सिंह व विभाग के कार्यकारी अभिंयता अमित कुमार जैन सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात महिला के हत्या की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** गत आठ नवम्बर की शाम को करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सैक्टर सात के गुरुद्वारे के पीछे पार्क के पास एक औरत की लाश पड़ी है। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पब्लिक मैन विशाल की शिकायत पर थाना सैक्टर-8 में हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान मनोज निवासी जिला सैमका, नेपाल हाल अपोजिट स्टेडियम सैक्टर 12 फरीदाबाद के रूप मे हुई है। आरोपी ने पूछताछ मे बतलाया कि सात नवंबर की शाम को वह लेबर चौक सैक्टर 17 फरीदाबाद से काम करके सैक्टर 7 फरीदाबाद की तरफ जा रहा था। उसे एसआरएस मॉल के पास बने एक पार्क के पास सड़क किनारे एक औरत बैठी दिखाई दी, शराब के नशे की वजह से उस औरत को देखकर उसकी नीयत खराब हो गयी। महिला का सिर दीवार मे दे मारा तथा चुन्नी से महिला का गला घोट दिया। महिला के चिल्लाने से आरोपी इस कदर नाराज हुआ कि पार्क मे पड़े पाइप को महिला के गुदा द्वार मे डाल दिया और मौके से फरार हो गया।

### महिला ने की आत्महत्या, ससुराल वालों पर मामला दर्ज


महिला के परिजन व परिचित पुलिस को जानकारी देते हुए। मृतक महिला निशा

**फरीदाबाद।** एक महिला की मौत के बाद बदरौला गांव में पुलिस को उसके मायके वालों ने दहेज हत्या के मामले में पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पलवल के नाई नंगला निवासी त्रिदेव ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह दो भाई और पांच बहन हैं। 6 साल पहले उसने बदरौला गांव के रहने वाले जयपाल के बेटे बिल्लू से अपनी बहन मंजू की और निशा की शादी की थी। आरोप है कि शादी के दो साल बाद से निशा के साथ उसका पति नीटू मारपीट करने लगा। पंचायत के फैसले पर उन्होंने अपनी बहन को नीटू, ससुर जयपाल और जेठ के साथ भेज दिया। करीब दो महीने बाद नीटू उसकी बहन को फिर से परेशान करने लगा। जिसमें उसकी सास महाबीरी, जेठानी संगीता, सुनीता, बहन मंजू, ससुर जयपाल, जेठ ईश्वर, अजीत और बिल्लू शामिल थे। रविवार की शाम करीब 5 बजकर 45 मिनट पर गांव बदरौला से किसी पड़ोसी ने फोन करके बताया की उनकी बहन निशा की मृत्यु हो गई है और निशा के ससुराल पक्ष और बड़ी बहन मंजू इस बात के बारे में नहीं बताया। उन्होंने 112 नम्बर पर काल करके पुलिस को शिकायत की।

### नीमका जेल में बंद कैदी ने लगाई फांसी, मौत


शोका कुल मृतक के परिजन।

**बल्लभगढ़।** जिला जेल में रविवार रात एक विचाराधीन बंदी ने बाथरूम में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह दूसरे कैदी बाथरूम में गए तो मामले का खुलासा हुआ। आत्महत्या की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मामले की जेल में जांच चली। पलवल के मानपुर गांव निवासी 27 वर्षीय गुलशन अपनी पत्नी की दहेज हत्या के आरोप में आठ अक्टूबर से जिला जेल में बंद था। गुलशन के खिलाफ अटाली गांव निवासी सतीश ने मुंडकटी थाने में केस दर्ज कराया था। सदर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि गुलशन ने रविवार रात को बाथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस बारे में मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। शव का ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### सर्दी से अस्पताल में बीपी शुगर के मरीज बढ़े

**फरीदाबाद।** ठंड बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीज बढ़ गए है। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में हार्ट ओपीडी में रोजाना 15 से 20 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें युवाओं की संख्या अधिक है। कार्डियक डिपार्टमेंट डायरेक्टर सिम्मी मनोचा ने इसका कारण, ठंड में रक्त नलिकाओं के सिकुड़ने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर का अनियंत्रित होना बताया है। सर्दियों में हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को विशेष सावधानी रखने की जरूरत होती है क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही में भी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

### जटिल न्यूरोलॉजिकल विकार ग्रस्त बच्चे की बचाई जान

**फरीदाबाद।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ और जटिल किस्म के न्यूरोलॉजिकल विकार (लिपोमेनिंजोमाइलोसेल विद स्पाइनल डायसराफिज़्म) से ग्रस्त दो वर्षीय शिशु का सफल उपचार किया है। डॉ आशीष गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी एवं डॉ राजेश कुमार भारती, कंसल्टैंट न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने उपचार के लिए यह जटिल सर्जरी की। इस बारे में, डॉ आशीष गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी एवं डॉ राजेश कुमार भारती, कंसल्टैंट न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद ने कहा, 'यह दुर्लभ किस्म का विकार था, और तमाम तरह के जोखिमों के चलते इस दो वर्षीय शिशु की सर्जरी भी काफी चुनौतीपूर्ण हो गई थी।

### सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य के वक्तव्य के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज शुक्ला ने कार्यक्रम की विषय वस्तु को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने इस कार्यक्रम की महत्वता पर प्रकाश डाला। इस सत्र के मुख्य वक्ता मंजूश्री (योगा प्रशिक्षक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की महिला शाखा (महिला पतंजलि योग समिति) के राज्य अध्यक्ष ने हॉलिस्टिक वैलनेस के बारे में प्रतिभागियों को बताया।

### बड़खल विधायक ने लिया एसटीपी प्रोजेक्ट का ट्रायल

**फरीदाबाद।** बड़खल झील को भरने का काम तीव्र गति से किया जा रहा है और तय समय सीमा में बड़खल झील में पानी पहुंच जाएगा। सोमवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा सैक्टर-21 ए स्थित एसटीपी प्लांट पर पहुंची और 22 करोड़ 50 लाख की लागत से बने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट प्रोजेक्ट का ट्रायल लिया। विधायक सीमा त्रिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि एसटीपी प्रोजेक्ट का ट्रायल 2021 में किया जाना था, परंतु 2020 एवं 2021 में कॉरोना काल की वजह से इसकी तिथि एक्सटेंड कर 30 नवंबर 2022 कर दी गई। जिसको आए तय अवधि से 10 दिन पूर्व ही पूरा कर लिया गया और आज इसका ट्रायल लिया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट लेटेस्ट तकनीक यानि टरसरी प्रक्रिया से होते हुए क्लीन किया जाएगा। जिसमें तीन चरण से यह प्रक्रिया चलेगी और पानी पूरी तरह पीने योग्य हो जायेगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर 21 ए में अमृत का टैंक बनाया गया है, जिसमें पूरे सेक्टर 21 का सीवर का पानी एकत्रित किया जाता है। यहां से पानी को ट्रीट किया जाता है, जिस प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा किया जाता है। पहले चरण में टैंक में 5 एमएलडी यानि 5 हजार मिलीलीटर पानी प्रतिदिन स्वं छ किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट सहमत
## कालेजियम पर विचार

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कालेजियम व्यवस्था पर पुनर्विचार की सहमति प्रकट की है। सभी जानते हैं कि सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति की कालेजियम व्यवस्था से संतुष्ट नहीं है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सहमति की भावना प्रकट करते हुए कालेजियम व्यवस्था पर पुनर्विचार की बात कही है। इसका अर्थ है कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग-एनजेएसी को पुनर्जीवित करने की एक याचिका पर उचित समय पर विचार होगा। इससे एक बार फिर पुरानी एनजेएसी बनाम कालेजियम बहस भी पुनर्जीवित होगी। 2014 में संविधान के 99वें संशोधन से एनजेएसी अस्तित्व में आया था। इस आयोग में 6 लोगों का प्राविधान था जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीश, विधि मंत्री तथा दो 'प्रख्यात व्यक्ति' शामिल हैं। प्रख्यात व्यक्तियों का नामांकन तीन साल के लिए इस शर्त के साथ होगा कि उनका पुन: नामांकन नहीं होगा। इसके साथ ही प्रधान न्यायाधीश, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता दो व्यक्तियों का नामांकन करेंगे। लेकिन इस आयोग की वैधता को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी जहां उसे एक के मुकाबले चार के बहुमत फैसले से खारिज कर दिया गया। उस समय सरकार ने तर्क दिया था कि जजों द्वारा जजों की नियुक्ति उचित व्यवहार नहीं है। उस दृष्टिकोण में अब थोड़ा परिवर्तन आया है। कानून एवं विधि मंत्री किरन रिजिजू ने हाल ही में कालेजियम व्यवस्था को 'अपारदर्शी' कहा है। वास्तव में उन्होंने दावा किया कि बहुसंख्य न्यायाधीश उनसे सहमत हैं और 'आज न्यायाधीश कालेजियम व्यवस्था से प्रसन्न नहीं हैं।' उन्होंने इस बात पर



भी जोर दिया कि जब जजों द्वारा जजों के चयन का प्राविधान होता है तो उसमें राजनीति होती है। उन्होंने यह भी कहा कि हम राजनेताओं की राजनीति न्यायपालिका में चल रही राजनीति के मुकाबले कुछ नहीं है।

सरकार का कथन उचित लगता है। अब समाप्त किए गए एनजेएसी के तीन या आधे सदस्य केवल वरिष्ठ जज होते हैं तथा दो अन्य सदस्यों की नियुक्ति भी इस प्रकार होती है जिसमें सरकार का प्रतिनिधित्व कम होता है। यह व्यवस्था काफी न्यायोचित लगती है, पर सर्वोच्च न्यायालय ने इसके बावजूद इसे खारिज कर दिया था। हालांकि, वर्तमान प्रधान न्यायाधीश ने कालेजियम व्यवस्था के पुनर्विचार पर सहमति प्रकट की है, पर उनके निकटतम पूर्ववर्ती जस्टिस यू.यू. ललित ने स्पष्ट कर दिया था कि कालेजियम व्यवस्था 'बिल्कुल सही' है और इसमें परिवर्तन की कोई जरूरत नहीं है। लगता है कि न्यायपालिका के प्रमुख सदस्य किसी परिवर्तन के विरोधी हैं क्योंकि उनको लगता है कि इससे सरकार को न्यायिक मामलों में अनावश्यक रूप से लाभ की स्थिति मिल जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में विश्वास की कमी बढ़ी है। कुछ लोगों को लगता है कि सरकार संवैधानिक व विधिक संस्थाओं समेत सभी संगठनों में अपने दृष्टिकोण से सहमत लोगों को भरना चाहती है। हालांकि, यह समझ भ्रामक हो सकती है, लेकिन हर हाल में समय की आवश्यकता है कि कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच समझदारी विकसित होनी चाहिए क्योंकि ये संगठन लंबे समय तक एक दूसरे के साथ असहमति की स्थिति में नहीं रह सकते हैं। इसके कारण नियुक्तियों में भी विलम्ब होता है जो न्यायिक व्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि वह पहले से ही मुकदमों के बोझ का सामना कर रही है। इस दृष्टिकोण से भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कालेजियम व्यवस्था पर पुनर्विचार की बात कह कर सहमति संभव करने का प्रयास किया है।

# गुजरात पर पूर्वाग्रही टिप्पणियां

राजनीतिक टिप्पणीकार पूर्वाग्रहों से अत्यधिक प्रभावित होते हैं, पर ये टिप्पणीकार व विश्लेषक अनेक परिवर्तनों को समझ नहीं पाते हैं।



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)




पिछले 27 साल में गुजरात में अनेक स्तरों पर परिवर्तनकारी घटनायें हुई हैं जिन्होंने राज्य की अतीत से मुक्ति पाने में सहायता की है। गुजरात अब वैश्विक गांव है। राज्य की जनता पहले की तुलना में ज्यादा महत्वाकांक्षी है। वे 27 साल पहले डाली गई वह नीव बनाए रखना चाहते हैं जिसने उनको देश में कहीं और विस्थापित हुए बिना अपने सपने पूरे करने का अवसर दिया है। इसके बावजूद राजनीतिक टिप्पणीकार गुजरात को केवल अपने 'हिंदुत्व' के चश्मे से देखते हैं। राजनीतिक टिप्पणीकार अधिकांशत: अपने पूर्वाग्रहों व अतीत की छवियों से अत्यधिक प्रभावित होते हैं। लेकिन अनेक परिवर्तन ऐसे होते हैं जो इन विद्वानों की समझ में नहीं आते हैं, जबकि पूर्वाग्रह-रहित विश्लेषण करते समय उन पर गौर करने की जरूरत होती है। इसके बिना भारतीय जनता पार्टी-भाजपा द्वारा यहां लगभग तीन दशक से किए काम का उचित मूल्यांकन नहीं हो सकता है। इसके लिए राजनीतिक विद्वानों को अपने चश्मे बदल कर गुजरात पर फिर नजर डालनी चाहिए। 1970 व 1980 के दशक तथा इसके बाद भी कुछ साल तक गुजरात में सांप्रदायिक दंगे सामान्य बात थी। गुजराती समाज हिंदू-मुसलमान के आधार पर अत्यधिक विभाजित है। राज्य के कुछ भागों में माफिया अपनी अवैध गतिविधियां चलाने के लिए वर्चस्व बनाए हुए थे। गुजरात में व्याप्त हिंसा के कारण उसे आर्थिक लाभ नहीं हो पा रहे थे। उद्योगों ने अपना आधार महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक व अन्य राज्यों में बना लिया था। इस प्रकार गुजरात की छवि ऐसे राज्य की बन गई थी जहां हमेशा सांप्रदायिक तनाव बना रहता है। इससे राजनीतिक विद्वानों की यह समझ बनी कि यह राज्य 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' है। यह समझ बदलने की जरूरत है।

गुजरात में कच्छ जल संकट का सामना कर रहा था। गुजरात में सौराष्ट्र जल संकट का सामना कर रहा था। हिंदू, मुस्लिम, पारसी व अन्य एकसाथ जल संकट के कारण कष्ट का अनुभव कर रहे थे। जल संकट सांप्रदायिक नहीं था। इससे लोगों को देश के अन्य भागों या गुजरात के अन्य भागों में पलायन करना पड़ता था। पड़ोसी राजस्थान भी भयंकर जल संकट का सामना कर रहा था। पानी की उपलब्धता किसी अर्थव्यवस्था की मूल आवश्यकता है। सूखे क्षेत्र कभी अर्थव्यवस्था की सहायता नहीं कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड इसका स्पष्ट उदाहरण है। लाखों लोगों को इन स्थितियों में अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ता है और इनके साथ श्रमशक्ति भी चली जाती है। इससे कोई अर्थव्यवस्था काम नहीं कर सकती है। गुजरात के सूखे क्षेत्रों में किसान एक फसल पैदा कर पाते थे। पिछले 27 साल में गुजारत के किसान कम से कम दो और यहां तक कि तीन फसलें पैदा करने लगे हैं। इस लाभ का राजस्थान के साथ भी साझा किया गया है। पिछले 27 साल में किए काम ने सुनिश्चित किया है कि गुजरात में एक भी व्यक्ति को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ा है और इसने राज्य की तस्वीर बदल दी है। सरदार सरोवर परियोजना ने नर्मदा के पानी को पहले के सूखे क्षेत्रों में पहुंचाया है तथा वह लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट लाया है, भले ही उनकी जाति, नस्ल या धर्म कोई हो। यह इसलिए संभव हुआ कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी इंजीनियरों के साथ मिल कर काम कर रहे थे, जबकि राजनीतिक विद्वान राज्य में हिंदू-मुस्लिम टकराव तलाश रहे थे। वे अपने पूर्वाग्रहों के चलते मोदी पर हमले बोल रहे थे, जबकि मोदी राज्य की जनता को समृद्ध बना रहे थे। जब राज्य में राजनीतिक विद्वान 'हिंदू प्रयोगशाला' का विमर्श आगे बढ़ाने में व्यस्त थे, तब मोदी अर्थव्यवस्था की राजनीति पर गुजरात के लोगों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे थे। पिछले 27 साल में गुजरात में तेजी से औद्योगीकरण हुआ है। राज्य की अनेक नीतियां दूसरे राज्यों के लिए निवेश आकर्षित करने के मामले में अनुकरणीय सिद्ध हुई हैं।

अब कई राज्य 'लैंड पूल' नीति को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। लेकिन इसकी शुरुआत गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने की थी। निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए एकल खिड़की व्यवस्था को मूर्तरूप देने में मोदी ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। उन्होंने ऐसी प्रशासनिक संस्कृति विकसित की जिसमें लाल फीताशाही का कोई स्थान नहीं था तथा फाइलों को मंजूरी के लिए रिश्वत नहीं देनी पड़ती थी। यह संदेश स्पष्ट रूप से गया था कि तकनीक को आधार बना कर केन्द्रीकृत निगरानी हो रही है। गुजरात में बिजनेस सुगमता को बढ़ावा देने के लिए नौकरशाही में परिवर्तन किया गया। नौकरशाहों ने अपनी तकनीकी क्षमता में सुधार किया तथा तेजी से मोदी के 'विज़न' का क्रियान्वयन किया। निवेश आने से गुजरात समृद्ध हुआ। प्रशासन को राजनेताओं के हस्तक्षेप से मुक्त किया गया। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ तथा राज्य में सांप्रदायिक हिंसा अतीत का विषय बन गई। मुसलमानों को भी राज्य में शांति का लाभ मिला और उन्होंने आर्थिक गतिविधियों में अपनी पूरी ऊर्जा लगा दी। इसके कारण ऐसी स्थिति बनी कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में मुसलमान भी भाजपा को वोट देते हैं। भाजपा ने पिछले 27 साल में जनता का विश्वास प्राप्त किया है कि वह जनता की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम है। भाजपा की इस कार्य संस्कृति तथा पार्टी के नेतृत्व वाले प्रशासन ने राज्य की राजधानी, शहरी नगर निगमों व ग्राम पंचायतों में संस्थाबद्ध रूप ले लिया है। प्रशासन जानता है कि लोग महत्वाकांक्षी हैं तथा उनको समय से आगे रहना है।

इसलिए मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद भी गुजरात का प्रशासनिक माडल वही बना रहा। मोदी द्वारा राज्य की दो दशक तक सेवा के बाद आनन्दीबेन पटेल, विजय रूपानी व भूपेन्द्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री बने। यह एक उदाहरण है कि प्रक्रिया-आधारित प्रशासनिक माडल लगातार विकसित हो रहा है और उसने जनता की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए अपना दायरा बढ़ाया है। गुजरात हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में नेतृत्व कर रहा है। राज्य सौर ऊर्जा को अंगीकार करने में अग्रणी है। गुजरात के ग्रामीण बिजली में आत्मनिर्भरता के लिए छतों पर सोलर पैनलों का विकल्प चुन रहे हैं। राज्य सरकार ने सिंचाई नहरों, नालों, सामुदायिक इमारतों व अन्य परिसंपत्तियों को सोलर पैनलों से ढक कर सौर ऊर्जा फार्मिंग की अवधारणा विकसित की है। इससे गुजरात बहुत तेज गति से सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। यह देख कर खुशी होती है कि कार्पोरेट परिसरों ने भी गुजरात प्रशासन का अनुसरण करते हुए बिजली आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता के लिए बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा का प्रयोग शुरू किया है। गुजरात एक औद्योगीकृत राज्य है। गुजरात भारत की विनिर्माण शक्ति है। गुजरात में सौर ऊर्जा के प्रयोग में लोकतांत्रकरण को बढ़ावा देने में सफलता मिली है। यह भारत तथा दुनिया को एक उपहार व सबक है कि प्रशासन कारगर उदाहरणों से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर सकता है।

राजनीति कभी गतिहीन नहीं होती है। संसाधनों का नवीकरण जरूरी है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिससे वह बड़ी संख्या में नौजवानों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता भी महत्वाकांक्षी हैं और वे अपने प्रदर्शन के आधार पर पार्टी के पदानुक्रम में ऊपर बढ़ना चाहते हैं। भाजपा ने सुनिश्चित किया है कि गुजरात के युवा कार्यकर्ता आगे बढ़ें। पार्टी उनको हर स्तर पर स्पेस दे रही है। स्थानीय संस्थाओं से विधानसभा और राज्य में मंत्री बनाने तक भाजपा ने उनको अवसर देकर पार्टी का विस्तार किया है। इससे स्पष्ट है कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वाकांक्षायें पूरी होती हैं और उसने अन्य पार्टियों के समक्ष उदाहरण पेश किया है। लेकिन राजनीति सनसनीखेज नहीं होती है। राजनीतिक विद्वान अभी सीख रहे हैं कि मोदी ने गुजरात व देश में महत्वाकांक्षी राजनीति में क्या परिवर्तन किया है।

गुजरात में महत्वाकांक्षी राजनीति पहचान की राजनीति पर भारी पड़ी है। जातियों, नस्लों व धर्मों के आधार पर विभाजन राजनीतिक रूप से अप्रासांगिक हो गए हैं क्योंकि सभी लोग शांति से रह कर गुजरात की आर्थिक यात्रा में सहभागी बनना चाहते हैं। महत्वाकांक्षी राजनीति की उपलब्धियां पहचान की राजनीति के लालच पर बहुत भारी पड़ी है। इसने पिछले लगभग तीन दशक में राज्य के लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन किया है।

# अफगानिस्तान में महिला-अधिकारों का हनन



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

जबकि दुनिया का ध्यान यूक्रेन में युद्ध पर केंद्रित है, अफगानिस्तान का तालिबान शासन अपने मौजूदा शासन को 1996 से 2001 तक अपने पुराने रूढ़िवादी और प्रतिगामी शासन का क्लोन बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। मानवाधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले -खास तौर पर महिलाओं के - कई उपायों के मद्देनजर लिया गया हालिया निर्णय - शरिया या इस्लामी कानूनों को लागू करने और महिलाओं की स्वतंत्रता को और कम करने -के तहत आता है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने 13 नवंबर, 2022 को ट्वीट किया कि संगठन के सर्वोच्च नेता, हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने "चोरों, अपहरणकर्ताओं और देशद्रोहियों की फाइलों की सावधानीपूर्वक जांच करने" और "उन फाइलों की सावधानीपूर्वक जांच करने" के लिए एक अनिवार्य आदेश जारी किया था, जिनमें हुदूद और किसास की सभी शरिया शर्तों को पूरा किया गया है, आप इसे लागू करने के लिए बाध्य हैं। उन्होंने कहा, "यह शरिया का शासन, व मेरी आज्ञा है, जिसे मानना अनिवार्य है।"

हुदूद ईश्वर के खिलाफ अपराधों पर लागू होता है, जिसमें जिना या उसके झूठे आरोप, शराब का सेवन, राजमार्ग डकैती और किसी प्रकार की चोरी शामिल हैं। इन्हें न तो पीड़ितों की ओर से और न ही राज्य द्वारा माफ किया जा सकता है। इसमें कोड़े मारने, पत्थर मार-मार कर मार डालने, अंगों को काटने से लेकर सूली पर चढ़ाने तक की सजा सार्वजनिक रूप से दी जानी चाहिए। किसास का अर्थ प्रतिशोध है और जो अपराधियों को सजा के रूप में वही सजा प्रदान करता है, जो असल में उसने पीड़ित को दी होती है। इसे आंख के बदले आंख, दांत के बदले दांत कहा जाता है। शरिया के प्रावधानों के तहत, अभियुक्त को, या अगर उसे पेश नहीं किया जा सकता हो, तो उसके बजाय, उसके परिवार या जनजाति के एक सदस्य को, पीड़ितों के परिवार या जनजाति को सौंपना होता है। पीड़ित परिवार या जनजाति या तो उसे प्रदान किया गया दंड दे सकता है या उसे वित्तीय मुआवजे के बदले छोड़ सकता है या उसे माफ कर सकता है। सजाएं उतनी ही कठोर हैं जितने कि हुदूद के मामले। न्यायशास्त्र की आधुनिक प्रणालियां शरीयत के तहत निर्धारित दंडों




को इस आधार पर खारिज करती हैं कि ये अमानवीय हैं। सत्ता में अपने पहले कार्यकाल के दौरान तालिबान द्वारा शरिया के कार्यान्वयन की विश्व स्तर पर कड़ी आलोचना की गई थी। शुरू में माना गया यह विचार- कि तालिबान फिर से उसी रास्ते पर नहीं चल सकता है -अब ध्वस्त हो गया है। हालांकि कुछ महिलाएं अभी भी काम करती हैं, विशेष रूप से जो सरकार और अन्य सार्वजनिक संस्थानों द्वारा नियोजित हैं, मगर तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद उन्हें अपने काम को सीमित करना पड़ा है। उनके द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों को हिंसक ढंग से तोड़ दिया गया है। उल्लेखनीय रूप से, दुनिया ने विदेशों में अफगानिस्तान की फंडिंग को रोकने के अलावा बहुत सतही काम किया है, जिसका वास्तव में कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह एक बार फिर संदेश देता है कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए नैतिकता व घोषित चिंता अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कोई भूमिका नहीं निभाती है। यदि लोकतांत्रिक देश अलग ढंग से देख रहे हैं जबकि अफगानिस्तान में महिलाओं को गुलाम बनाया जा रहा है, तो उन्होंने यहूदियों के मामले में भी ऐसा ही किया था, जिन्हें 'चिकित्सा प्रयोग' के नाम पर यातना शिविरों या गैस चैंबरों में ले जाया गया था या भयावह रूप से प्रताड़ित किया गया था, जब हिटलर ने अंतिम समाधान के रूप में होलोकास्ट अभियान चलाया था। कुछ लोगों ने, विशेष रूप से ब्रिटेन में, सोवियत प्रभाव के प्रसार के खिलाफ नाजी शासन को एक बचाव के रूप में मौन समर्थन भी दिया - उनका दृष्टिकोण इसे नारे में अभिव्यक्त है, "नाजी कुत्ते को बोल्शी कुत्ते को खाने दो।"

पश्चिमी लोकतंत्रों ने इतिहास से यह नहीं सीखा है कि इस तरह की उदासीनता के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। यहूदियों के भाग्य के प्रति उदासीनता और हिटलर के खिलाफ निष्क्रियता, जब वे उसके उभार को विफल कर सकते थे, द्वितीय विश्व युद्ध का कारण बनी, जिसे हिटलर ने छेड़ा था, जब उसने वर्साय संधि की शर्तों के उल्लंघन में जर्मन आयुध उद्योग को पर्याप्त रूप से खड़ा कर दिया था। हाल ही में, 15 फरवरी, 1989 को अंतिम सोवियत टुकड़ियों के चले जाने के बाद अफगानिस्तान के बारे में संयुक्त राज्य अमेरिका सब कुछ भूल गया, और इसने बहुत कम सार्थक कार्रवाई की जबकि तालिबान ने इसे मानवाधिकारों के, विशेष रूप से महिलाओं के, मानवाधिकारों के कब्रिस्तान में बदल दिया। नतीजतन, तालिबान ने ओसामा बिन लादेन और ऑल-कायदा को पाला पोसा और वैश्विक आतंकवाद का जन्मस्थान बन गया। और फिर 9/11 हुआ। 31 जुलाई, 2022 को काबुल में एक अमेरिकी ड्रोन द्वारा दो एजीएम-114 आर9एक्स मिसाइल दागी, जिसमें हुई अयमान अल-जवाहिरी की मौत ने स्पष्ट रूप से दिखाया कि तालिबान अल-कायदा को शरण दिए हुए था। और कुछ भी, काबुल में एक विशेष इलाके से इसके कामकाज का बयान नहीं कर सकता है। यह जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों को भी शरण देता रहा है।

ये आतंकवादी संगठन दुनिया भर में शरिया शासन स्थापित करना चाहते हैं और पश्चिमी देशों के प्रति शत्रुतापूर्ण स्तर पर विरोधी हैं, जिनकी जीवन शैली को वे पतित मानते हैं और जिन्हें वे अपने वैश्विक लक्ष्य को प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा मानते हैं। ऐसा है तालिबान, पश्चिम के प्रति उसका प्रारंभिक नरम रवैया उसके निष्क्रीय पड़े धन को जारी करने का एक प्रयास था। वे तैयार होने पर हमला करेंगे और उनका हथियार होगा आतंकवाद। हालांकि वे 9/11 को दोहराने में सक्षम नहीं हो पाएं, पर कुछ भी उन्हें अमेरिकियों और विदेशों में उनके हितों को प्रभावित करने से नहीं रोकता है। अशांत दौर आगे है।

## आप की बात

### सड़क दुर्घटनायें

**देश** में दो बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। एक पुणे-बेंगलुरु हाइवे पर हुई जिसमें करीब 48 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। 50 लोग घायल भी हुए। दूसरी घटना बिहार के वैशाली में एक ट्रक ने 12 लोगों को रौंद दिया जिसमें 6 बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। सड़क दुर्घटनाएं भले ही किसी भी कारण से हो रही है किन्तु चिंतनीय तो है ही। बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को तो प्रयास करने ही चाहिए, साथ ही सबसे महत्वपूर्ण भूमिका चालक और आम लोग ही निभा सकते हैं। तकनीकी खराबी या ब्रेक फेल जैसी घटनाओं के लिए स्वयं चालक जिम्मेदार होता है। परिवहन विभाग को भी ऐसे मामले में अभियान चलाना चाहिए। परिवहन विभाग हमेशा निरीक्षण अभियान चलाता रहे और अनफिट वाहनों की चेकिंग करता रहे तो तकनीकी खराबी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है, साथ ही चालकों पर भी नियंत्रण रखा जा सकता है। नौसिखिये, हवाबाज, मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाने पर यातायात विभाग को सख्ती करनी चाहिए। शहरों की सड़कों पर सही मापदंड वाले स्पीड ब्रेकर व उन पर संकेतक भी जरुरी है ताकि दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### क्षेत्रीय सिनेमा की प्रगति

**खुशी** की बात है कि हमारा क्षेत्रीय सिनेमा बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों से कई दमदार फिल्में आ रही हैं। भारतीय सिनेमा हमारे देश की विशाल विविधता को दर्शाता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं का घर है। इस तरह की सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाएं भी दुनिया के कई हिस्सों में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। इस संबंध में भारतीय सिनेमा अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दे सकता है। सिर्फ हिंदी फिल्में ही नहीं बल्कि भारतीय भाषाओं की फिल्मों को भी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक दर्शक मिल रहे हैं। विश्व भर में फैले भारतीय मूल के लोगों में खूब लोकप्रिय सिनेमा के वैश्वीकरण से इसमें मदद मिल सकती है। हमें भारत को ब्रांड बनाने के लिए सामग्री तैयार करने और देश को दुनिया का सामग्री उपमहाद्वीप बनाने के लिए हमें फिल्म बिरादरी और भारत की ताकत का इस्तेमाल करते हुए सार्वजनिक.निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। वैसे क्षेत्रीय सिनेमा को अपना नजरिया विस्तृत करने तथा मुख्यधारा सिनेमा की कुछ विकृतियों से बचने की भी जरूरत है।

**डॉ सत्यवान सौरभ,** भिवानी

### पर्यावरण सम्मेलन

कॉप 27 सम्मेलन को विधिवत शुक्रवार, 18 नवम्बर को खत्म हो जाना था। मगर शनिवार रात 12 बजे तक, अमीर देशों एवं विकाशशील देशों में तनातनी बनी रही। अंततः रविवार दिन में, अंतिम दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर हुए। समझौते का मुख्य बिंदु गरीब देशो में, क्लाइमेट चेंज के कारण आई बाढ़ और सूखा की क्षतिपूर्ति करने पर, जो गतिरोध कायम था, वो तो टूटा। अमीर देश पाकिस्तान एवं नाइजेरिया जैसे देशो में, हाल के दिनों में बाढ़ से हुए तबाही की भरपाई करने पर सहमति बनी। लगता है इसके बाद के तमाम जलवायु सम्मेलनों का यही एक मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। क्योंकि शर्म-अल-शैख़ में न तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री तक सिमित रखने पर कोई ठोस उपाय सामने आये, ना ही कार्बन उत्सर्जन को कैसे खतरे के लेवल से नीचे लाया जायेगा। उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए फिर से अविकसित देशों को अरबों डॉलर का मुवाबजा देना पड़ेगा। इसलिए मेरी नज़र से कॉप 27 अपना मुख्य उद्देश्य हासिल करने में विफल रहा। देखना होगा कि इसका क्या नतीजा निकलेगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मोदी** सरकार किसी दबाव, भय या बेचैनी की स्थिति में नहीं है। जरूरत होने पर बाजार स्वयं लाजिस्टिक मुद्दों से निपट लेगा।

**- हरदीप पुरी**
केन्द्रीय मंत्री

**अमेरिका** तथा उसके सहयोगियों की शत्रुतापूर्ण नीतियों के कारण हमारे देश को अपनी नाभिकीय क्षमतायें काफी बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ा है।

**- किम जोंग उन**
उत्तर कोरिया के तानाशाह





**आप** स्पा व मसाज पार्टी बन गई है। जैन का मालिश करवाना व आगंतुकों से मिलना जेल कानूनों व नियमों का खुला उल्लंघन है।

**- गौरव भाटिया**
भाजपा प्रवक्ता

# सीएम आज करेंगे कर्टेन रेजिंग सेरेमनी की अध्यक्षता

## यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 को लेकर दिल्ली में होगा आयोजन

- यूपी जीआईएस पर शॉर्ट फिल्म का भी होगा प्रदर्शन,दो पोर्टल के उद्घाटन के साथ ही लोगो भी होगा लॉन्च
- जीआईएस-23 वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी को लक्षित कर यूपी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** इनवेस्टर समिट 2023 के कर्टेन रेजिंग प्रोग्राम का आयोजन 22 नवंबर 2022 को दिल्ली के सुषमा स्वराज प्रवासी भारतीय भवन में होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हो रहे इस कर्टेन रेजिंग सेरेमनी में इनवेस्टर्स की इज आफ इनवेस्टमेंट को ध्यान में रखकर दो पोर्टल्स का शुभारंभ भी किया जाएगा। साथ ही ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट को लेकर एक शॉर्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के जुड़े लोगो को भी लांच किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश शासन इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है और इसमें सीआईआई व फिक्की इंडस्ट्री पार्टनर की भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआती सेशन में केंद्रीय सार्वजिनक क्षेत्रों के मुख्य प्रबंधक व राजदूतों के साथ संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में यूपी के मुख्य सचिव डीएस मिश्रा का संबोधन होगा जिसके बाद उत्तर प्रदेश में इनवेस्टमेंट की संभावनाओं को दर्शाती प्रस्तुतिकरण अरविंद कुमार अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में की जाएगी। सीआईआई व फिक्की की ओर से भी कार्यक्रम को ब्रीफ किया जाएगा और कई आयामों पर प्रकाश डाला जाएगा। यूपी जीआईएस-23 का लोगो और टैगलाइन भी अनावृत किया जाएगा। इसके साथ-साथ यूपी शासन के संकलन का अनावरण, आनलाइन प्रोत्साहन प्रबंधन पोर्टल का शुभारंभ, निवेश सारथी और यूपी जीआईएस 2023 की आफिशियल वेबसाइट का भी शुभारंभ होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में यूपी जीआईएस की एक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। आने वाले 5 सालों में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन यूएस डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार विशेष तौर पर प्रयास कर रही है। इसका एक कारण यह भी है कि केंद्र सरकार भी देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में केंद्र द्वारा हाल ही में आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत कुल 5 राज्यों में ग्लबोल इनवेस्टर्स को लाने के लिए बड़ी मुहिम शुरू की गई है। इसमें यूपी चूंकि जनसंख्या, मैनपावर समेत कई मायनों में न केवल अन्य राज्यों से बड़ा है बल्कि यहां मैनुफैक्चरिंग समेत कई सेक्टर्स में इनवेस्टमेंट की असीमित संभावनाएं हैं। इन्हीं संभावनाओं को लक्ष्य करते हुए यूपी ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2023 के आयोजन के जरिए बड़े स्तर पर पूरी दुनिया से निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करना चाहती है। मौजूदा प्रयास भी इसी संदर्भ में हो रहा है। यूपी ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2023 का आयोजन लखनऊ में फरवरी 10 से 12 को बीच किया जाएगा। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम पॉलिसी मेकर्स, इनवेस्टर्स, कॉर्पोरेट लीडर्स, बिजनेस डेलिगेट्स, एकेडमिक्स की फील्ड के दिग्गज व पॉलिटिकल और सरकार की लीडरशिप को एक मंच साझा करने का मौका देगा जिसमें वह अपने विचार साझा कर सकेंगे। मुख्य तौर पर कार्यक्रम में 25 प्लस पॉलिसीज पर फोकस किया जाएगा जिनके जरिए देश के अलावा दुनिया की दिग्गज कंपनियों और एफडीआई को आकर्षित करने के लिए भी दशा-दिशा की ओर अहम कदम उठाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश सरकार 10 लाख करोड़ रुपए के लक्ष्य को हासिल करने और 25 सेक्टर्स जिनमें आईटी, मैनुफैक्चरिंग, ड्रोन, टूरिज्म व डिफेंस मुख्य होंगे। यूपी शासन का एक उद्देश्य राज्य के 5 शहरों को भी इनवेस्टमेंट हब के तौर पर विकसित करना है और इन पावर हब्स में मेजर इनवेस्टमेंट होने के बाद प्रदेश में बड़े स्तर पर रोजगार व अवसर का सृजन हो सकेगा।

# स्पीकर ने अमन गिरि को दिलायी शपथ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को विधान भवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन हॉल में लखीमपुर खीरी की विधान सभा क्षेत्र गोला गोकर्णनाथ से नव-निर्वाचित विधायक अमन गिरि को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी।

अमन गिरि ने विधान सभा अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होकर शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के इस कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली भेंट की। विधान सभा अध्यक्ष ने सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हो और जीवन में यशस्वी हो तथा सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## तीन आईएएस व एक पीसीएस का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** सरकार ने सोमवार को चार अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें तीन आईएएस और एक पीसीएस अधिकारी है। सीडीओ उन्नाव दिव्यांशु पटेल को हटाकर विशेष सचिव खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन विभाग एवं अपर आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन बनाया गया। लम्बे समय तक चुनाव आयोग में तैनात रहे पीसीएस केशव कुमार को सीडीओ बदायूं बनाया गया है। राहुल सिंह अपर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को विशेष सचिव ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा तथा ऋषिराज सीडीओ बदायूं को सीडीओ उन्नाव के पद पर भेजा गया है।

## खतौली उपचुनाव को लेकर रालोद ने 11 प्रभारी किये नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी को व्यापारियों का घोर विरोधी बताते हुये राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि उप्र में उपचुनाव हो रहे हैं, जिसमें व्यापारी वर्ग ने पूरे मन से भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए कमर कस लिया हैं। खतौली सीट पर भारी जीत दर्ज करने के लिए 11 प्रभारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा खतौली विधानसभा के उपचुनाव में मदन भैया को प्रत्याशी घोषित किया गया है। खतौली की सम्मानित जनता ने मन बना लिया है कि उपचुनाव में जनविरोधी ताकतों को धूल चटानी है। अग्रवाल ने मेरठ के अरूण मलिक, मेरठ के राजू तेवतिया, हापुड के लक्ष्मण गोयल, मेरठ के रोहित चौधरी, अमरोहा के दीपक रस्तोगी, शामली के सुधीर काटियान, हापुड़ के दिनेश प्रकाश गुप्ता, मेरठ के नितिन खरे, मुरादाबाद के उपेन्द्र चौधरी, लखनऊ के निखिल जैन को उपचुनाव का प्रभारी मनोनीत किया जाता है। उन्होंने प्रभारियों को निर्देशित किया कि व्यापार प्रकोष्ठ के चुनाव प्रभारी एवं सभी सम्मानित साथी आपस में समन्वय स्थापित करते हुये पार्टी प्रत्याशी को विजय दिलाने में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे।

# लखनऊ व हापुड़ में वेयरहाउसिंग की दो परियोजनाएं स्वीकृत

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उप्र वेयर हाउसिंग व लॉजिस्टिक्स नीति 2018 को लेकर हुई बैठक

- धीमी प्रगति से हो रहे कार्यों पर यूपीसीडा के अधिकारियों को लगाई फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वेयर हाउसिंग तथा लॉजिस्टिक्स नीति 2018 के अन्तर्गत प्राधिकार प्राप्त समिति की पंचम बैठक आयोजित की गई। बैठक में वेयरहाउसिंग इकाई न्यू ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट्स के अन्तर्गत मैसर्स के जे इंटरप्राईजेज और मैसर्स ग्रीन स्पेश वेयरहाउसिंग एलएलपी की परियोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। मैसर्स केजे इंटरप्राईजेज द्वारा लखनऊ के ग्राम परवर बिजनौर में 25.83 करोड़ रुपये की लागत से 26780 वर्गमीटर क्षेत्रफल में तथा मैसर्स ग्रीन स्पेश वेयरहाउसिंग एलएलपी द्वारा हापुड़ के ग्राम छजारसी में 68.98 करोड़ रुपये की लागत से 47516 वर्गमीटर क्षेत्रफल में वेयर हाउसिंग इकाई का निर्माण किया जायेगा। निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने धीमी प्रगति से हो रहे कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि एक सप्ताह उपरान्त निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की पुन: समीक्षा की जाएगी। बैठक में बताया गया कि मेसर्स नानक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड की लखनऊ में 85.35 करोड़ रुपये की लागत से 20 एकड़ क्षेत्रफल में वेयरहाउिसंग फैसिलिटी परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है और यह परियोजना वर्तमान में क्रियाशील है। इसके अतिरिक्त मेसर्स अमृत कौर की लखनऊ में 26.50 करोड़ रुपये की लागत से 3.13 एकड़ क्षेत्रफल में तथा मेसर्स बीजी लिंक इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी के 69.73 करोड़ रुपये की लागत से 12.50 एकड़ क्षेत्रफल में वेयरहाउसिंग फैसिलिटी परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा मेसर्स श्री निरपुरिया इंटरप्राइजेज की लखनऊ में 25.57 करोड़ रुपये की लागत से 2.80 एकड़ क्षेत्रफल में वेयरहाउसिंग फैसिलिटी परियोजना का कार्य प्रगति पर है। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, जल निगम के एमडी अनिल कुमारए यूपीपीसीएल के एमडी पंकज कुमार, एसीईओ यूपीसीडा प्रेम प्रकाश मीना सहित संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद थे।

# प्रदेश में एज डेटा सेंटर का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क होगा स्थापित: सीएस

## यूपी सरकार व वीयूई नॉऊ इंफ्राटेक के बीच 13500 करोड़ के एमओयू साइन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार और वीयूई नॉऊ इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के बीच सोमवार को एमओयू साइन किया गया। सीएस दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष प्रदेश सरकार की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार और वीयूई नॉऊ इंफ्राटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर सुखविंदर सिंह खरौर ने 13500 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

एमओयू के तहत प्रदेश के कंपनी सभी जनपदों में एज डेटा सेण्टर के लिये इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश तेजी से ग्लोबल डेटा सेंटर ऑपरेटरों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार प्रत्येक जनपद में डाटा सेंटर स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। एमओयू हस्ताक्षर के उपरान्त प्रदेश में एज डेटा सेंटर का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि इन डेटा केंद्रों की स्थापना राज्य को भविष्य में 5जी नेटवर्क के तेजी से रोलआउट में निवेश के लिए सीडिंग ग्राउंड के साथ ब्लॉकचैन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए कंप्यूटिंग क्षमता में वृद्धि करने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने कहा कि डेटा केंद्रों का यह मजबूत नेटवर्क डेटा वेयरहाउसिंग और आईटी सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए व्यवसायों और उनकी डिजिटल अवसंरचना आवश्यकताओं के बीच की खाई को समाप्त करेगा। दुनिया भर में विभिन्न डोमेन में काम करने वाले उद्योगों के लिए यह डाटा केन्द्र परिणाम और विकास के अवसर प्रदान करते हुए तेजी से और कुशल कामकाज की सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रति व्यक्ति आय को बढ़ावा देनेए अपनी 25 करोड़ आबादी के जीवनयापन में आसानी और समग्र रूप से अपनी अर्थव्यवस्था के आकार को बढ़ावा देने के लिए राज्य में एक विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं। सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था में भाग लेने और उभरती हुई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हमारे युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने में सक्षम होने के लिए राज्य में प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढांचे की उपलब्धता को बहुत अच्छी तरह से रेखांकित करती है। कंपीनी के एमडी सुखविंदर सिंह ने बताया कि उनकी कंपनी राज्य के सभी 75 जिलों में फैले 750 डेटा केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा पहला पायलट डाटा सेंटर मोरटा गाजियाबाद में पहले ही चालू कर दिया गया है।

# अपराधियों के खिलाफ भविष्य में भी चलता रहेगा आपरेशन पाताल लोक

- वाराणसी मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम को पुलिस महानिदेशक ने की दो लाख पुरस्कार देने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** देवेंद्र सिंह चौहान ने वाराणसी मुठभेड़ पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि भविष्य में भी अपराधियों के खिलाफ आपरेशन पाताल चलता रहेगा। उन्होंने दारोगा को गोली मारकर उसकी सरकारी पिस्टल लूटने वाले बिहार के दो अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराने वाली वाराणसी पुलिस की टीम को दो लाख रुपए पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए शासन स्तर से भी पुरस्कार के लिए संस्तुति भेजी जा रही है।



डीजीपी ने कहा कि मुठभेड़ में शामिल सब इंस्पेक्टर राजकुमार पांडेय व बृजेश मिश्रा को उत्साहवर्धन के लिए थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह मुठभेड़ गत आठ नवंबर को हुई घटना के बाद की गई व्यूह रचना के तहत हुई। कमिश्नरेट वाराणसी के लक्सा थाने में नियुक्त सब इंस्पेक्टर अजय यादव जब अपने निजी प्लॉट पर गए थे तो अभियुक्तों ने गोली मारकर उनकी सर्विस पिस्टल छीन ली थी। डीजीपी ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए वाराणसी कमिश्नरेट को अभेद्य व्यूह रचना तैयार कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। घटना का खुलासा करने के लिए स्पेशल आपरेशन पाताल लोक चलाया गया और इसमें कर्मठ व साहसिक पुलिस कर्मियों का चयन कर टीमें लगाई गईं।

# पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों की संख्या में वृद्धि हो: नरेन्द्र कश्यप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने डा शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिये। उन्होने विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के प्रवेश एवं पंजीकरण बढ़ाने पर भी जोर दिया है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को र्दिश दिये हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले इसके लिए योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

सोमवार को विधानसभा कार्यालय कक्ष में विभागीय बैठक करते हुए नरेन्द्र कश्यप ने विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को मिले इसके लिए योजनाओं के लिए आवंटित बजट को बढ़ाये जाने के निर्देश दिये हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में नयी योजनाओं को संचालित करने हेतु एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी नयी योजनाओं के प्रस्ताव उपलब्ध करायेगी। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होने कहा कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र युवाओं को मिले, इसके लिए योजना का बजट बढ़ाया जाये। उन्होने योजनाओं में अधिक बजट का प्राविधान करके दिव्यांगजनों को योजानाओं का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये।

## गर्भवतियों को अब जांच के दौरान मिलेगी जलपान की सुविधा

**लखनऊ।** प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व को सुनिश्चित करने के लिए अब जांच के इंतजार में गर्भवती महिलाओं को भूखे-प्यासे बैठने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को अब जलपान की सुविधा मिलेगी। इसके लिए नेशनल हेल्थ मिशन की तरफ से बजट का प्रावधान किया गया है। हर माह 24 तारीख को सामुदायिक व दूसरी स्वास्थ्य इकाइयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है। इसमें गर्भवती महिलाओं को जांच समेत दूसरी स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कई बार महिलाओं को जांच में काफी समय लगता है। ऐसे में उनके लिए अभियान के तहत जल पान व अल्पाहार के इंतजाम का प्रावधान किया गया है। वहीं ग्रामीण इलाकों में पीपीपी मॉडल पर अल्ट्रासाउंड जांच का प्रावधान किया गया है। जिससे उन्हें ज्यादा भागदौड़ न करनी पड़े।

# विभिन्न घोटालों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

**पायनिय समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने विभिन्न घोटालों को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा है कि जहां तमाम छात्रों का भविष्य आयुष घोटाले की भेंट चढ़ रहा है, वहीं घोटाले के आरोपी अपट्रान पावरट्रानिक्स के प्रबन्धक प्रबोध कुमार की गिरफ्तारी चर्चा में है। उनके सम्बन्धित विभाग आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स में उसकी पहुंच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें प्रबन्ध निदेशक बनाने के लिए योगी सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं अजीत पाल ने सिफ ारिशी पत्र लिखा था। निश्चित रूप से प्रदेश के सबसे बड़े घोटाले के आरोपी की सिफारिश में पत्र लिखना कहीं न कहीं मंत्री की पुरानी मिलीभगत दर्शाती है। इस तरह से योगी सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर इसे पुष्पित एवं पल्लवित कर रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकान्त पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी नैतिकता दिखाते हुए कब इन मंत्रियों को बर्खास्त करेंगे। जबकि उसी विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा आरोपी प्रबोध कुमार के खिलाफ जांच शुरू कराई गई थी। योगी सरकार पूर्णतया भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार बन चुकी है। कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक के मामले में गम्भीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद भी एसटीएफ गिरफ्तार नहीं कर पा रही है, आखिर क्या लाचारी है? आगरा विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति के रूप में प्रो. विनय पाठक के समय की बीएचएमएस परीक्षा की कापियों का पुर्नमूल्यांकन की जोच भी शुरू हो चुकी है, उन्हीं के समय में बीएड परीक्षा में भी अंक बढ़वाने का मामला संज्ञान में आया था। निश्चित रूप से भ्रष्टाचारियों को बचाना इस सरकार की नीयत बन चुकी है।

## अब तक 6.18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में सीधे खरीद करते हुएए विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 618707.81 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 90837 किसानों को लाभान्वित करते हुए 918.482 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 64692.79 मीट्रिक टन खरीद हुई है। धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होए इसका पूरा.पूरा ध्यान रखकर खरीद की जा रही है।


# कमल खिलाकर इतिहास रचने का काम करें: भूपेंद्र

## रामपुर उपचुनाव-बूथ सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ रामपुर

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष ने भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता बूथ जीतो, चुनाव जीतो के मंत्र पर कार्य करते हुए रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में कमल खिलाकर इतिहास रचने का काम करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथों पर डटकर एक-एक वोट डलवाने का कार्य करना है। कोई मतदाता ऐसा न हो, जो अपने मताधिकार का प्रयोग न कर सके।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सोमवार को रामपुर के शाहबाद रोड स्थित सांवरिया पार्क में भाजपा का रामपुर नगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के कल्याण, युवाओं को रोजगार और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में गांव के गरीब से लेकर किसानों के हितों तक की चिंता भाजपा सरकार कर रही है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को जनता को उनके हितों के लिए चल



रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए घर-घर पहुंचे। निश्चित ही जनता भाजपा को वोट देगी और रामपुर में इतिहास रचने का काम होगा। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से उनके बूथों की स्थिति के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं को इस विधानसभा उपचुनाव में बूथ स्तर पर और अधिक मेहनत करनी होगी। एक एक मतदाता के पास पहुंचना होगा, जिससे सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व के प्रदेश भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं व सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की नीति के साथ कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से रामपुर में इस बार कमल खिलना तय है।

## आजम के मीडिया प्रभारी फसाहत भाजपा में शामिल

**लखनऊ/रामपुर।** प्रदेश की रामपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ने के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां के मीडिया प्रभारी फसाहत अली शानू भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कभी आजम खां के बेहद करीबी सहयोगी माने जाने वाले फसाहत अली भाजपा के प्रान्तीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। यह घटनाक्रम आजम खां के लिए एक झटका माना जा रहा है। भाजपा में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में अली ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व को देखते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब रामपुर में नगर निकाय और वार्ड स्तर तक हर जगह कमल खिलेगा। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर मुसलमानों को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन पार्टियों ने चुनाव में मुसलमानों का ठीक वैसे ही इस्तेमाल किया जैसा कि बिरयानी में तेज पत्ते का किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिरयानी बनने के बाद तेज पत्ते को निकालकर फेंक दिया जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि अली के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और वह भाजपा परिवार में सबका स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि फसाहत अली शानू ने इस साल के शुरू में हुए प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद आजम खां को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तल्ख टिप्पणियां की थी। उन्होंने मुसलमानों का दर्द बयां करते हुए कहा था, अब्दुल ही दरी बिछाएगा। अब्दुल ही वोट देगा और अब्दुल ही जेल जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ही बनेंगे। भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के चुनाव कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष फसाहत अली खां शानू के साथ इरशाद महमूद, सनी खां, बब्बू घोसी, शाहिद खां, तारिक मियां, अमरपाल यादव, अरशद खां, फैसल खां, अली अहमद, तारिक मियां समेत सैकडों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आज करेंगे भारत जोड़ो यात्रा को लेकर तैयारी बैठक

- यूपी में निकलेंगी छह यात्राएं

**लखनऊ।** राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में 6 प्रान्तीय अध्यक्षों के नेतृत्व में यूपी में भी यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी इनमें कई यात्राओं में शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकान्त पांडेय ने बताया कि 22 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदेश मुख्यालय में मौजूद रहकर कांग्रेसजनों से मुलाकात कर नगर निकाय चुनाव एवं संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करेंगे साथ ही प्रदेश में निकलने वाली भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी बैठक में भाग लेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव एवं संगठन की मजबूती को लेकर प्रान्त अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नकुल दूबे ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अपने क्षेत्र के समस्त जिला व शहर अध्यक्षों की बैठक की। इसी क्रम में अनिल यादव कानपुर में तथा प्रान्तीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कांग्रेसजनों के साथ बैठक की।

### संविधान दिवस पर कांग्रेस सभी जिलों में करेगी सेमीनार व जनसभाएं

**लखनऊ।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने समस्त जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों को सूचित किया है कि वह इस अवसर पर विद्वानों, बुद्धिजीवियों के साथ समस्त कार्यकर्ताओं को लेकर सेमीनार व जनसभाओं का आयोजन करें। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ लेते हुए संविधान की अधिक से अधिक जानकारी देना सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकान्त पांडेय ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों को निर्देशत किया गया है वह इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञों व विद्वानों को संवाद करने एवं विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।

# उपचुनाव में तीनों सीटें जीतेगी भाजपा : दयाशंकर सिंह

● खैराबाद स्थित भोलानाथ चंद्र प्रकाश ज्वैलर्स के नवीन शोरूम का परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह सोमवार को सीतापुर पहुंचे। खैराबाद स्थित भोलानाथ चंद्र प्रकाश ज्वैलर्स के नवीन शोरूम का शुभारंभ करने के बाद उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की तीन सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ही जीतेगी। मैनपुरी लोकसभा के उपचुनाव में चाचा शिवपाल यादव और भतीजे अखिलेश यादव एक हो जाने पर मंत्री बोले यह परिवार का मामला है, एक होना चाहिए लेकिन इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मैनपुरी में भाजपा की जीत निश्चित है। खतौली में सपा रालोद गठबंधन फिर हारेगा और आजम के गढ़ रामपुर में भाजपा जीता का इतिहास फिर दोहराएगी। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने टैक्टर ट्राली से हो रहे हादसों को रोकने के लिए उनका विभाग क्या कर रहा है इसकी भी जानकारी दी। परिवहन विभाग आम जनों के लिए क्या कुछ कर रहा है, कितनी बसें चला रहा है, इस बारे में भी परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने जानकारी दी। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर सिंह को एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने विभागीय समस्याओ से अवगत कराया। एआरटीओ प्रशासन ने जानकारी दी की सीतापुर जनपद में लाइसेंस नवीनीकरण के 33 स्लॉट है जबकि आवेदन अधिक संख्या में आते है जिसकी वजह से 90 दिनो तक वाहन चालको को इंतजार करना पड़ता है। लाईसेंस नवीनीकरण आवेदन के बाद चालान अथवा दुर्घटना की स्थिति में वाहन चालको को कोई लाभ नही मिलता है ऐसी स्थिति में बड़ी तादात में वाहन चालक परेशान है। एआरटीओ प्रशासन ने परिवहन मंत्री से लाईसेस नवीनीकरण की प्रक्रिया को स्लॉट मुक्त अथवा स्लॉट बढ़ाने का अनुरोध किया। परिवहन मंत्री ने इस समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया।

## दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर।** बिसवां तहसील क्षेत्र के ग्राम क्योटी इब्राहिमपुर में एक विशाल दस्तारबंदी कार्यक्रम हुआ। मदरसा अरबिया नूरुल उलूम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात इस्लामिक विद्वान मुफ्ती सय्यद मुहम्मद अफ़फ़ान मंसूरपुरी रहे। जमीयत उलमा-ए-हिन्द के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व अध्यक्ष मुदर्रिस, उस्ताज़े हदीस मदरसा इस्लामिया अरबिया जामा मस्जिद अमरोहा ने कहा हमें हमेशा इंसानियत के लिए कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा माता पिता की सेवा दुनिया की सबसे बेहतर सेवा है। इस दौरान कई मुस्लिम धार्मिक विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मौलाना जावेद नदवी, मौलाना आफ़ताब आलम नदवी, मौलाना आसिम इकबाल नदवी, जिला अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिन्द, नगर अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिन्द मुफ्ती अशफ़ाक नदवी, महासचिव व समाजसेवक मौलाना फहीम जामई और कोषाध्यक्ष हाफ़िज़ मुहम्मद सुहेब, मुफ़्ती सुहैल मौजूद रहे। 18 बच्चों की दस्तारबंदी अमल में आई, अतिथियों द्वारा डिग्रियां भी वितरित की गई।

## वरमाल गुजरात के महामण्डलेश्वर विद्यानंद ने किया सिद्धेश्वर का पूजन

संवाददाता। सीतापुर

● सिधौली नगर स्थित शिवमंदिर पहुंचे महामण्डलेश्वर, किया प्रवचन

**नगर सिधौली** के श्री सिद्धेश्वर महादेव धाम में रविवार की शाम अखण्डानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट सदगुरू धाम, वरमाल गुजरात के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती महाराज का आगमन हुआ। उन्होंने श्री सिद्धेश्वर महादेव का पूजार्चन किया। महामंडलेश्वर ने इस दौरान कहा कि शिवलिंग का दर्शन नंदी को मिलना चाहिए मंदिर में ऐसी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि पंचमुखी शिव का मुकुट रखकर श्रृंगार कर आरती करें तत्पश्चात शयन कराना चाहिए। महामंडलेश्वर का पूजन अर्चन करने उनके परमशिष्य स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती ने कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस मौके पर नैमिषारण्य पधारे स्वामी विद्यानंद सरस्वती महाराज, साध्वी मुमुक्षा, गंगाराम राजपूत चेयरमैन प्रतिनिधि, रामनरेश राजपूत,राधे, हरी जायसवाल आलोक शर्मा, आलोक जायसवाल,पंकज अवस्थी, विजय शर्मा, अजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, वरुण शुक्ल गोविंद चौरसिया, गिरिजा मिश्र, विनीत श्रीवास्तव, पंकज मिश्र, अजय मिश्र, राहुल मिश्र, अमित, विनोद तिवारी, टिंकू गुप्ता, मोनी जायसवाल आचार्य अनिल मिश्र वानप्रस्थी, पंडित दयाशंकर त्रिपाठी, शिव सागर दीक्षित, कन्हैया लाल, अनूप श्रीवास्तव, पुष्कर गुप्ता, अनूप तिवारी, बिन्दु बाजपेई, गोपाला नंद, कृष्णा नंद, आकाश वीडियोज आदि मौजूद रहे।

# डेंगू बुखार से हो रही मौतों के बावजूद नगर पालिका सीतापुर नहीं कर रही फागिंग

संवाददाता। सीतापुर

**डेंगू बुखार** से आए दिन हो रही मौतों के बावजूद नगर पालिका द्वारा न तो फागिंग कराई जा रही है और न ही दवा का झिड़काव कराया जा रहा है। मोहल्लों में सफाई की जगह गंदगी की भरमार है, नालियां चोक हैं। ऐसी ही अन्य समस्याओं को लेकर भारत परिषद की तरफ से डीएम को संबोंधित पांत्र सूत्रीय मांग पर एसडीएम न्यायिक हरीश चन्द्र शुक्ला को सौंपा गया। नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी ने स्वास्थ्य महकमे की लापरवाही की भी शिकायत की। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक यूनिट में मरीजों की सुविधा के लिए कम्पोनेंट सेपरेटर लगाया जाना था जो अभी तक नहीं लग पाया है। इस दौरान मंडल महासचिव सुधांशु मिश्रा, अधिवक्ता टीका राम प्रजापति, जिला अध्यक्ष अधिवक्ता आकाश राय, जिला उपाध्यक्ष राम कुमार कटियार, अधिवक्ता सचिन अवस्थी, अधिवक्ता पवन यादव, जिला मंत्री अम्ब्रीश दीक्षित उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया कान्हा गौ शाला का शुभारंभ

**सीतापुर।** विकास खण्ड मछरेहटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अनोगी में क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव द्वारा कान्हा गौशाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने गायों को हरा चार खिलाया और साथ ही माल्यार्पण किया। क्षेत्र की अधिकांश न्याय पंचायतों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत अनोगी के प्रधान प्रतिनिधि राणा प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू ने बताया कि मनरेगा व 15वां वित्त से 15.16 लाख रूपये की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य कराया गया है। ग्राम पंचायत में दो एकड़ भूमि पर हरे चारे की बुवाई की गई है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामगोपाल अवस्थी, संदना मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, कल्ली मंडल अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, राहुल सिंह, सीटू अवस्थी, खण्ड विकास अधिकारी मछरेहटा ओपी वर्मा, एपीओ अर्चना सिंह, एडीओ पंचायत संदीप, पशुचिकित्सा अधिकारी रितेश, रणबिजय सिंह, मनोज सिंह, सोनू पाण्डेय, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने राजघाट पर डेढ लाख मछिलयों को जल में छोड़ा

**सीतापुर।** सिधौली से भाजपा विधायक मनीष रावत ने सोमवार को नैमिषारण्य स्थित राजघाट पर डेढ लाख मछिलयों को गोमती नदी के जल में छोड़ा। मछलियों को छोड़ने से पहले उन्हें विधि विधान से गोमती का पूजन किया। मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नाव द्वारा मछलियों को छोड़ने की व्यवस्था की गयी थी। विधायक ने अपने हाथों से मछलियों को गोमती की पवित्र जल में छोड़ी वही विभाग द्वारा 100 लोगो को प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत राष्ट्रीय मत्स्य दिवस पर ट्रेनिग कैपेसिटी बिल्डिग के अंतर्गत मछिलयों को जल में छोड़ा गया। इस अवसर पर अनूप कुमार, ब्रजेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

## वृहद रोजगार मेला के आयोजन आज

**सीतापुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि 22 नवंबर को प्रातः 10 बजे एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला बच्चूलाल रामदुलारी महाविद्यालय बिसवॉ के प्रांगण में आयोजित हो रहा है। उक्त मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा असिस्टेन्ट मैनेजर, ब्लाक हेड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेलीकॉलर, सुपरवाइजर आदि पदों हेतु प्रतिभाग किया जाना है। जिसमें हाईस्कूल, इण्टर स्नातक, व आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 10 हजार से 23 हजार तक के पदों पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकतें है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## नेत्र शिविर में 264 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाददाता। सीतापुर

**विकास खंड** हरगांव में समाज सेवी राजेश सिंह तोमर द्वारा आयोजित कराए गए नेत्र शिविर का थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। नेत्र शिविर में सैकड़ों की तादात में पहुंचे क्षेत्रीय जनों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में 264 मरीजों ने पहुंचकर अपना नेत्र परीक्षण कराया तथा चिकित्सक के परामर्श से 158 मरीजों को लगातार तीन बार में आंख अस्पताल के वाहन से ऑपरेशन के लिए सीतापुर ले जाया गया। कैम्प में प्राथमिक विद्यालय रायपुर की शिक्षामित्र नीलम सिंह चौहान, अतुल कुमार, रावेंद्र सिंह, श्याम सिंह, मातादीन, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, गयासुद्दीन , शाहनवाज, कृपाल, गोविंद, जगदीप शुक्ला डॉ0 मेघना दीक्षित, डॉ0विष्णु केश त्रिपाठी, आप्टोमैट्रिक्स दिव्या, दीक्षा,फूल सिंह, आदिल वित्तविहीन प्राइवेट शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आचार्य रामनरेश, प्राइवेट शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष कमरुज्जमा, हरगांव पत्रकार संघ के महामंत्री राकेश कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### 24 नंवबर से बजेंगी शहनाइयां

**सीतापुर।** शुक्र उदय होने के साथ ही 24 नंवबर से सहालग शुरू हो जाएगी। हर ओर शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। कई जोड़े दांपत्य जीवन में बंध जाएंगे। विवाह को लेकर परिजनों व व्यापारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 24 नवंबर से शुक्र उदय होते ही सहालगें शुरू हो जाएंगी। यह 14 दिसंबर तक चलेंगी। सहालगों को लेकर रविवार के दिन भी बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। जहां बंदी होने के कारण आम दिनों में सन्नाटा छाया रहता था, वहीं इस रविवार को बाजार में भीड़ देखने को मिली। साड़ियों की दुकानों पर काफी महिलाओं की भीड़ रही। सर्राफा की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली। सराफा व्यापारियों ने बताया कि कई ग्राहकों ने पहले से ही आभूषण बनाने के लिए आर्डर बुक करा दिए थे। इसके साथ ही कुछ लोग अभी भी खरीदारी कर रहे हैं।

### लेकर भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** किसान समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन चौहान गुट की तरफसे एसडीएम सिधौली राखी वर्मा को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में राशन कार्ड, आवास, उर्वरकों की कमी दूर करने की मांग की गई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पहला शिव कुमार कश्यप, तहसील सचिव वीरेंद्र यादव, कमला देवी, आदि उपस्थित रहे।

### महिला पंचायत सहायकों से दुर्व्यवहार कर रहे एडीओ पंचायत

**सीतापुर।** एडीओ पंचायत सिधौली पंचायत सहायकों खासकर महिला पंचायत सहायकों से अभद्रता और दुर्व्यवहार कर रहे है। मांग के बावजूद उन्हें साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जा रहा है। ऐसी ही अन्य 7 शिकायतों से संबंधित एक मांग पत्र सोमवार को सिधौली विधायक मनीष रावत को पंचायत सहायक संघ की तरफसौंपा गया। नेतृत्व कर रहे संघ के अध्यक्ष आदित्य भानु ने बताया कि पंचायत सहायकों को आयुष्मान लाभार्थियों को बुलाने का काम सौंपा जा रहा है। यह कार्य वह नहीं करेंगे, क्योंकि उन्हें बुलाने का काम आशा कार्यकत्री और कोटेदार का है। उन्होंने माह के प्रथम सप्ताह में भुगतान, पंचायत भवन में इनर्वटर लाइट, पेपर और इंटरनेट की व्यवस्था कराए जाने की भी मांग की। इस मौके पर महामंत्री दिलीप यादव, उपाध्यक्ष पूजा सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीमा गौतम, कोषाध्यक्ष मोहम्मद गुफरान, पंचायत संघ प्रतिनिधि अनमोल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय रामकथा का समापन

**सीतापुर।** लहरपुर नगर के मोहल्ला बेहटी स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर परिसर में सात दिवसीय रामकथा का समापन रविवार को हुआ। समापन अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे संत शिरोमणि, वेदांती राम शंकर दास महाराज ने श्रीराम जानकी विवाह का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्र, भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी, राजेश्वर दयाल रस्तोगी, वरिष्ठ नागरिक रामलाल रस्तोगी, रघुवीर शरण मेहरोत्रा, कन्हैया मेहरोत्रा, शीलू शुक्ला, बीलू शुक्ला, भगवानदीन त्रिवेदी, कमल किशोर शुक्ला, नारायण मेहरोत्रा, निरंकार कुमार मेहरोत्रा, राम कपूर, रामे बाजपेई, मनोज गुप्ता, हरीश रस्तोगी गोलू, विशाल कपूर, पुत्तन कपूर, राजेंद्र तिवारी एडवोकेट, पुत्तू लाल तिवारी, राम गोपाल पुरी, विभूति पुरी, प्रमोद मिश्र, रामानंद अवस्थी, रचित मेहरोत्रा, कैलाश बिहारी दीक्षित, अनुज मेहरोत्रा प्रभात पुरी सहित भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया।

### देवहरा बाबा नामक स्थल पर मैरिज हॉल बनवाये जाने पर नागरिकों में रोष

**सीतापुर।** लहरपुर नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला में देवहरा बाबा नामक स्थल पर मैरिज हाल बनवाए जाने पर स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताई है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यहां देवहरा बाबा नाम से एक चबूतरा बना था, पहले चबूतरे के साथ बाउंड्री वॉल भी बनी थी। जिसके साक्ष्य आज भी मौजूद है, लेकिन मौजूदा समय नगर पालिका लहरपुर की तरफसे वहां खुदाई कराई जा रही है, बताया जाता है कि यहां मैरिज हॉल बनवाया जाएगा। मामले में मोहल्ले वासियों ने एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्रा को संबोधित प्रार्थना पत्र नायब तहसीलदार दिलीप कुमार को सौंपा हैं। मोहल्ले वासियों ने चबूतरा व बाउंड्री वाल की जगह छोड़कर मैरिज हाल बनाए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र देने वालों में पप्पू, राम भरोसे, बाबू, दिलीप, प्रेम, रंजीत, दिनेश, विजय कुमार आदि शामिल रहे।

# राज्यपाल ने सुदूरवर्ती थारू जनजाति क्षेत्र में किया दौरा



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन तहसील, ब्लॉक पलिया के सुदूरवर्ती क्षेत्र में तय कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। गवर्नर ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, ओडीओपी प्रदर्शनी, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, एसएसबी के सैनिक संमेलन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई।

राज्यपाल ने सर्वप्रथम एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सोनहा पहुँची, जहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स की सलामी ली, उनका परिचय प्राप्त किया। विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर चुके ऐसे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया, जिन्होंने उच्चतर शिक्षा में एमबीबीएस सहित अन्य बेहतर स्ट्रीम व संस्थानों में प्रवेश पाया। साथ ही पुरातन स्टूडेंट महेष्वरी, ऋचा, राजकुमार, अनिल कुमार के पुलिस में चयनित होने पर पुरस्कृत किया, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इसके बाद राज्यपाल बारवीं कक्षा में पहुचीं। उन्होंने बच्चों से संवाद किया। उनका शैक्षिक स्तर जाचा। क्या बच्चे भी डिजिटल बोर्ड का संचालन कर सकते हैं? छात्र मनीष से डिजिटल बोर्ड पर छात्र मनीष से एशिया के नक्शे पर भारत, श्रीलंका, यूपी व खीरी की लोकेशन पूछी, सही जवाब पर हौसला-अफजाई की।

## पालिकाध्यक्ष चुनाव

# आरक्षण को लेकर बढ़ी दिलों की धड़कनें

● दो गांवों के सम्मिलित होने से बढ़ा है पालिका क्षेत्र का दायरा

अब्बास नकवी। मोहम्मदी-खीरी।




**नगर पालिका** चुनाव को लेकर अध्यक्ष सहित सभासद के आरक्षण को लेकर दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। नगर पालिका परिषद के परिसीमन का कार्य बहुत पहले पूरा हो चुका है, जिसमें 2 गांव को सम्मिलित किया गया है। नगरपालिका के 25 वार्ड पहले की तरह है कुछ वार्ड के क्षेत्रफल में परिवर्तन किया गया है। इस बार का चुनाव बेहद रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है। अध्यक्ष पद को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। लगातार मोहम्मदी नगर पालिका परिषद सामान्य महिला और सामान्य पुरुष होती आई है। इस बार लोग कयास लगा रहे हैं कि पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होगी परंतु जानकारों का कहना है कि इस बार सामान्य महिला होने के प्रबल आसार नजर आ रहे हैं। सभासदों की धड़कने भी बढी हुई नजर आ रही हैं। अभी तक अध्यक्ष से लेकर सभासद के आरक्षण को लेकर कोई भी परिसीमन अभी प्रसारित नहीं हुआ है परंतु उसके विपरीत सत्ता पक्ष और विपक्ष के संभावित अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के पोस्टर नगर में बड़े पैमाने पर दिखाई दे रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से वर्तमान चेयरमैन के अतिरिक्त अन्य लोग भी अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर रहे हैं। चुनाव के आरक्षण की घोषणा होनी बाकी है परंतु उससे पहले शतरंज की तरह चाले चल दी गई हैं। इस बार अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा सपा बसपा कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी के प्रत्याशी भी मैदान में आने का पूरी तरह मन बना चुके हैं। आम जनता पूरी तरह खामोशी की चादर ओढ़े बैठी है और वो आरक्षण के साथ पार्टी के प्रत्याशी आने का इंतजार कर रही है। इस बार चुनाव बेहद रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं अधिकाशं सभासद दुबारा फिर से चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। वहीं उन सभासदों का दुबारा नगर पालिका पहुंचना बेहद कठिन लग रहा है जो अपने वार्ड की जनता के भरोसे पर खरे नही उतरे हैं।

## सीओ ने वाहनों व बैल गाड़ियों में लगवाईं रेडियम पट्टियां



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड गोला चीनी मिल में आज क्षेत्राधिकारी पुलिस राजेश कुमार यादव ने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैक्टर-ट्राली, बैलगाड़ी एवं क्रय केंद्रों से गन्ना लाने वाले ट्रकों इत्यादि वाहनों में रेडियम पट्टी लगायी। क्षेत्राधिकारी श्री यादव के अलावा यूनिट हेड जेएस जादौन, पीएस चतुर्वेदी, आरके मिश्र एवं अन्य अधिकारियों ने भी रेडियम पट्टी लगायी ताकि वाहनों को दुर्घटना से बचाया जा सके।

# एमसीएच में दिव्यांगों ने का प्रदर्शन

संवाददाता। ओयल-खीरी

जिला अस्पताल (एमसीएच) मोतीपुर मे गुस्साए दिव्यांगों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया । दिव्यांग जनों का आरोप है कि सोमवार को विकलांगों के प्रमाण पत्र बनने के लिए, उनकी विकलांगता की जांच करने के लिए दिन नियुक्त किया गया था, परंतु संपूर्ण जिले से दूर से आने वाले विकलांग जनों को ना तो डॉक्टर साहब मिल पाते हैं और ना ही विकलांगता से संबंधित फार्म। यहां तक कि कुछ दिव्यांग महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि एक वर्ष व 6 महीने से चक्कर काट रही है लेकिन उनका विकलांगता प्रमाण पत्र आज तक नहीं मिला है। एक अन्य दिव्यांग से बात करने पर उसने बताया की डॉक्टर साहब न हीं मिलते हैं, ऐसा लगता है कि हम लोग भारतवर्ष के नागरिक नहीं हैं व हम लोगों ने मतदान में वोट नहीं दिया था जिस कारण हम लोगों का विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। मौके पर पहुंचे ओयल चौकी इंचार्ज जितेंद्र बहादुर सिंह ने अस्पताल गेट पर प्रदर्शन कर रहे दिव्यांगों को समझाया तथा प्रदर्शन ना करने को कहा। दिव्यांग जनों ने यह भी कहा कि हम लोगों की बात राज्यपाल महोदया के पास पहुंचाई जाए जो इस समय लखीमपुर खीरी के दौरे पर हैं। आज अगर हम लोगों की बात नहीं मानी गई तो हम लोग लगातार ऐसे प्रदर्शन करते रहेंगे।



## पेज एक का शेष

### गुजरात में उतरे...

बल्कि यह कहते हैं कि आप जंगल में रहते हैं। आपको फर्क दिखता है? इसका मतलब है कि वे नहीं चाहते कि आप शहरों में रहें, वे नहीं चाहते कि आपके बच्चे इंजीनियर बनें, डॉक्टर बनें, विमान उड़ाना सीखें, अंग्रेजी बोलें। कांग्रेस नेता ने कहा, वे चाहते हैं कि आप जंगल में रहें, लेकिन वहां रुकें नहीं। उसके बाद वे आपसे जंगल छीनने लगते हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो अगले 5-10 वर्षों में सारे जंगल दो-तीन उद्योगपतियों के हाथ में हो जाएंगे, और आपके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं होगी, शिक्षा, स्वास्थ्य और नौकरी नहीं मिलेगी। गांधी ने कहा कि देश की एकता के लिए आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने किसानों, युवाओं और आदिवासी समुदाय के लोगों की समस्याएं सुनकर उनके दर्द को महसूस किया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश...

आरोपियों को बरी करने के फैसले की तीखी आलोचना हुई थी। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने कहा था कि इससे अभियुक्तों का हौसला बढ़ेगा। तीन आरोपियों को बरी करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि कानून अदालतों को किसी आरोपी को केवल संदेह के आधार पर दंडित करने की अनुमति नहीं देता है। मालूम हो कि 9 फरवरी 2012 को छावला इलाके से उत्तराखंड की 19 साल की लड़की का अपहरण कर लिया गया था, जिसकी जली हुई लाश 14 फरवरी को हरियाणा के रेवाड़ी में एक खेत में मिली थी। मामले में तीन आरोपी रवि, राहुल और विनोद पकड़े गए थे, जिन्हें 2014 में निचली अदालत ने दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने भी फांसी की सजा को बरकरार रखा था।

### राज्यपाल के विरोध...

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी उल्लेख किया था। उनके इस बयान की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना के उद्धव ठाकरे नीत गुट ने आलोचना की थी। राज्यपाल ने औरंगाबाद में भाजपा नेता गडकरी और राकांपा प्रमुख शरद पवार को डी.लिट की उपाधि देने के बाद यह टिप्पणी की थी।

### ट्रॉली बैग में मिले...

इसके साथ ही सोशल मीडिया और दिल्ली में जगह-जगह पोस्टर लगाकर युवती की पहचान कराने के प्रयास किए गए। सिंह ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस के नंबर पर आए एक अज्ञात फोन से युवती के बारे में सही जानकारी प्राप्त हुई। युवती की तस्वीरों और उसके पास से मिले सामान से उसकी मां व भाई ने पहचान की पुष्टि कर दी। सिंह के अनुसार, जब पुलिस उन तीनों को लेकर मथुरा पहुंची तो मां व भाई ने मुर्दाघर में आयुषी का शव देखकर शिनाख्त कर दी। इस बीच, पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पिता नीतेश यादव ने भी अपना अपराध कबूल कर लिया। सिंह के अनुसार, पूछताछ में आयुषी के परिवार से जानकारी मिली कि नीतेश ने उसकी घर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि नीतेश मूलतः गोरखपुर के सुनारड़ी गांव का रहने वाला है और उसके पिता काम की तलाश में दिल्ली आ गए थे, जिसके बाद नीतेश भी वहीं बस गया और व्यापार करने लगा। उसकी बेटी आयुषी बीसीए की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक, आयुषी एक-दो दिन पहले परिवार को बिना बताए कहीं चली गई थी और जब वह 17 नवंबर को घर लौटी, तब उसकी इस हरकत से आग बबूला पिता ने अपनी पिस्तौल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और उसी रात लाश को ट्रॉली बैग में रखकर यमुना एक्सप्रेस-वे पर फेंक गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर सर्विस रोड के पास झाड़ियों में एक ट्रॉली बैग पड़ा मिला था, जिसमें एक युवती की लाश थी। रविवार तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी, लेकिन एक अज्ञात फोन कॉल से उसके बारे में जानकारी मिली, जो पड़ताल में सही निकली। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिता हिरासत में है और उससे पूरे मामले से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल पहले ही बरामद की जा चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, हत्या की वजह का पता लगाया जा रहा है और जल्द ही इसका भी खुलासा हो जाएगा। पुलिस ने ऑनर किलिंग का मामला होने का भी अंदेशा जताया है।

### इंडोनेशिया के जावा...

दुकानदार डी. रिस्मा अपने ग्राहकों से बात कर रही थीं कि अचानक ही भूकंप ने तबाही मचा दी। उन्होंने कहा, भूकंप का झटका जोरदार था, जिसके चलते सड़कों पर वाहन रूक गए। मैंने तीन बार झटके महसूस किए लेकिन पहला झटका सबसे जबरदस्त था। मेरी दुकान के बाद वाली दुकान की छत गिर गई। सियांजुर एजेंसी के प्रमुख हरमन सुहेरमन ने बतायाथा कि सोमवार शाम तक मृतक संख्या 62 तक पहुंच गई और सैकड़ों लोग घायल हैं। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के प्रमुख सुहरयांतो ने कहा कि सैकड़ों लोग घायल हैं। एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि सिजेडिल गांव में 25 लोग अब भी मलबे में दबे हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल, एक अस्पताल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं सहित दर्जनों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। एक बयान में कहा गया है कि हताहतों की संख्या और नुकसान के बारे में जानकारी अभी एकत्र की जा रही है। जकार्ता में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। राजधानी में ऊंची इमारतें हिल गईं और कुछ को खाली करा लिया गया। दक्षिण जकार्ता में एक कर्मचारी विडी प्रिमाधनिया ने कहा, भूकंप बहुत तेज महसूस हुआ। मैंने और नौवीं मंजिल पर स्थित मेरे दफ्तर में मेरे सहकर्मियों ने आपातकालीन सीढ़ियों से बाहर निकलने का फैसला किया। विशाल द्वीपसमूह राष्ट्र में अक्सर भूकंप आते हैं, लेकिन जकार्ता में उन्हें महसूस करना असामान्य है। इंडोनेशिया की आबादी 27 करोड़ से अधिक है और यह भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट तथा सुनामी से अक्सर प्रभावित होता रहता है। इस साल फरवरी में, पश्चिम सुमात्रा प्रांत में 6.2 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई थी और 460 से अधिक घायल हो हुए थे। जनवरी 2021 में, पश्चिम सुलावेसी प्रांत में 6.2 तीव्रता के भूकंप से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 6,500 लोग घायल हो गए थे। 2004 में हिंद महासागर में आए एक शक्तिशाली भूकंप और सुनामी ने एक दर्जन देशों में लगभग 2,30,000 लोगों की जान ली थी, जिनमें से अधिकतर इंडोनेशिया में थे।

### अंडमान के निलंबित श्रम...

एसआईटी नारायण से तीन बार पूछताछ कर चुकी है। अंडमान निकोबार पुलिस ने दो नवंबर को सिंह और ऋषि के बारे में जानकारी देने पर एक-एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

# गवर्नर ने की महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन



**लखीमपुर खीरी।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तहसील व ब्लॉक पलिया के आंगनबाड़ी केंद्र सोनहा पहुंची, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया, संबंधित अफसरों ने अपने विभागीय योजनाओं के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज इस आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों, उनकी माताओं एवं गांव के संभ्रांतजनों से मिलकर प्रसन्नता की अनुभूति हो रही। आप ना केवल बॉर्डर पर निवास करते बल्कि इसकी सलामती भी करते है। हमें भारत को सशक्त, आबाद एवं शक्तिशाली बनाना होगा। अभिभावक को यह जानना होगा कि उनका बच्चा किस फील्ड में आगे जाना चाहता है। भविष्य में उसे क्या बनना है, इसके लिए अभी से प्रवृत्तियों शुरू करनी होगी। मौजूद ग्राम वासियों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र अवश्य भेजें। बच्चे की शिक्षा अनवरत जारी रहे, हम सबको मिलकर सुनिश्चित करना होगा। अभी 30 फ़ीसदी बच्चे ही कालेज पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री का 2030 तक लक्ष्य है कि 50 फ़ीसदी बच्चे कॉलेज पहुंचे।

# पत्र भेजकर राहुल, कमलनाथ की हत्या की धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान हुई

भाषा। इंदौर

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के मध्य प्रदेश पहुंचने की उल्टी गिनती शुरू होने के बीच पुलिस ने उनकी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की हत्या की धमकी देने वाले शख्स की पहचान कर ली है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस के एक आला अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, जूनी इंदौर क्षेत्र में मिठाई-नमकीन की एक दुकान को 17 नवंबर को डाक से मिले पत्र में वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया गया था और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान इंदौर के अलग-अलग स्थानों में भीषण बम धमाकों के साथ राहुल व कमलनाथ को जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया, हमने उस व्यक्ति की पहचान कर ली है, जिसने यह पत्र भेजा था। हमें उसकी तस्वीरें भी मिल गई हैं। हम उसकी तलाश कर रहे हैं।

उन्होंने इस व्यक्ति की पहचान उजागर किए बगैर कहा कि खानाबदोश की तरह रहने वाले इस शख्स के बारे में जानकारी मिली है कि वह सूबे के अलग-अलग जिलों में अपने दुश्मनों को झूठे मामलों में फंसाने के लिए फर्जी नामों से उनकी शिकायतें करता है। गौरतलब है कि भारत जोड़ो यात्रा 23 नवंबर को बुरहानपुर जिले से मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी और 28 नवंबर को इंदौर पहुंचेगी। पुलिस आयुक्त ने कहा, हम आश्वस्त करते हैं कि इस यात्रा के दौरान शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। राहुल और इस यात्रा में शामिल लोगों का इंदौर के उस खालसा स्टेडियम में 28 नवंबर को रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है, जो कुछ दिन पहले कमलनाथ से जुड़े एक विवाद का गवाह बन चुका है। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने संकेत दिए हैं कि रात्रि विश्राम स्थल बदला जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस सचिव नीलाभ शुक्ला ने कहा, यात्रा में शामिल लोगों के रात्रि विश्राम के लिए इंदौर के चिमनबाग मैदान और अन्य स्थानों पर भी विचार किया जा रहा है। खालसा स्टेडियम में आठ नवंबर को गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में कमलनाथ के स्वागत-सम्मान के बाद मशहूर कीर्तनकार मनप्रीत सिंह कानपुरी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों की हिंसा की ओर स्पष्ट इशारा किया था और आयोजकों के प्रति तीखे शब्दों में मंच से नाराजगी जताई थी। विवाद के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता घोषणा कर चुके हैं कि अगर राहुल की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस स्टेडियम में कदम रखा, तो भाजपा कार्यकर्ता काले झंडे दिखाकर उनका विरोध करेंगे। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों में कमलनाथ की भूमिका को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा अक्सर आरोप लगाया जाता है, लेकिन कमलनाथ और कांग्रेस के अन्य आला नेता इसे सिरे से खारिज करते रहे हैं।

## राहुल गांधी ने संजय राउत को फोन कर स्वास्थ्य का हाल जाना, राउत ने आभार जताया



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फोन कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। इसके साथ ही राउत ने कहा कि राजनीतिक कटुता के समय में इस तरह का व्यवहार कम ही देखने को मिलता है। राउत ने कहा कि गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिल रहा है क्योंकि वह प्रेम और करुणा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य राउत ने ऐसे समय में राहुल गांधी की प्रशंसा की है, जब वह (राहुल) वी. डी. सावरकर पर की गई अपनी टिप्पणी को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में पिछले दिनों दावा किया था कि सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और भय के चलते उन्होंने माफीनामा लिखा था। राउत ने सोमवार को ट्वीट किया, कुछ मुद्दों पर भारी मतभेद होते हुए भी अपने राजनीतिक सहयोगी से उनका हाल-चाल पूछना इंसानियत की निशानी है। भारत जोड़ो यात्रा के अपने व्यस्त कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी जी ने कल मेरे स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करने के लिए फोन किया था। हाल में धन शोधन मामले में जमानत पाने वाले राउत ने कहा, 110 दिन जेल में बिताने वाले एक राजनीतिक सहयोगी के दर्द को महसूस करने की उनकी सहानुभूति की, मैं सराहना करता हूं। राजनीतिक कटुता के दौर में ऐसा व्यवहार कम ही देखने को मिलता है।

# भारत ने बतौर अध्यक्ष संभाली जीपीएआई परिषद की कमान




**राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, एआई फ्रेमवर्क निर्माण के लिए काम करेगा भारत**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत ने** बतौर अध्यक्ष वर्ष 2023 के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ग्लोबल पार्टनरशिप (जीपीएआई) परिषद की कमान संभाली है। जापान में आयोजित जीपीएआई सम्मेलन में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को भारत सरकार की तरफ से प्रतीकात्मक रूप से परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष फ्रांस से जीपीएआई की अध्यक्षता ग्रहण की। इस अवसर पर राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हम सदस्य देशों के गहन सहयोग से एआई का एक फ्रेमवर्क बनाने की दिशा में काम करेंगे ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ताकत का उपयोग दुनियाभर में नागरिकों और उपभोक्ताओं के हितों के लिए हो और इसके दुरुपयोग पर लगाम लगाना एवं उससे होने वाले नुकसान से उपयोगकर्ताओं का पर्याप्त बचाव सुनिश्चित हो पाए। आईटी राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास एक राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम है। साथ ही, राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क नीति बनाई गई है और दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक रूप से सुलभ डेटा सेट प्रोग्राम नियोजित है ताकि हमारे नागरिकों के लिए और पूरी दुनिया के लिए अच्छे और भरोसेमंद एप्लीकेशंस का सृजन हो सके। जीपीएआई अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मैक्सिको, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य और सिंगापुर सहित 25 सदस्य देशों का एक समूह है। भारत 2020 में एक संस्थापक सदस्य के रूप में समूह में शामिल हुआ था। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों में जापान के आंतरिक मामलों और संचार मामलों के राज्यमंत्री, सुगे योशिफुमी, जापान के पार्लियामेंटरी वाइस-मिनिस्टर ऑफ इकॉनोमी, ट्रेड एंड इंडस्ट्री नागामाइन मकोतो, और फ्रांस के डिजिटल ट्रांजिशन एंड टेलीकम्यूनिकेशन मंत्री, जीन-नोएल बरोट एवं अन्य शामिल थे।

## क्विक न्यूज़

### बीरभूम नरसंहार मामला : आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

**रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के बोगटुई नरसंहार मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ एक स्थानीय अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पहले जांच एजेंसी ने 20 जुलाई को 16 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मार्च में, तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता भादू शेख की हत्या के बाद बोगटुई में कथित तौर पर हमलावरों द्वारा किए गए हमले में दस लोगों की मौत हो गई थी। जिन आठ आरोपियों के नाम प्राथमिकी में नहीं थे, उन्हें 22 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। इस महीने की शुरुआत में सीबीआई ने इस मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। सीबीआई ने 21 मार्च को हुए नरसंहार के सिलसिले में अब तक कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस कर रही जांच : क्या मंगलुरु विस्फोट के मुख्य आरोपी शारिक का तमिलनाडु में भी है कोई साथी

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** पुलिस यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि क्या मंगलुरु विस्फोट के मुख्य आरोपी मोहम्मद शारिक का तमिलनाडु में भी कोई साथी है? पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब यह साफ हो गया है कि शारिक ने ऊटी के निवासी सुरेंद्रन के आधार कार्ड का उपयोग करके एक सिम कार्ड खरीदा था। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि शारिक सितंबर में कोयंबटूर में ठहरा था और वह उसका यहां ठहरना कही किसी आपराधिक साजिश का हिस्सा तो नही था ? कोयंबटूर में पिछले महीने विस्फोट हुआ था। पुलिस सुरेंद्रन से पूछताछ कर रही है। सुरेंद्रन भी उसी डॉर्मिटरी में ठहरा था, जिसमें शारिक रुका था और शारिक ने आधार कार्ड प्राप्त करने के लिए सुरेंद्रन से मित्रता की थी।

### भाजपा ने बंगाल के मंत्री अखिल गिरि की गिरफ्तारी की मांग की

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर विवादास्पद टिप्पणी करने के मामले में पश्चिम बंगाल के कारागार राज्य मंत्री अखिल गिरि को गिरफ्तार करने और विधानसभा से उनको अयोग्य घोषित किए जाने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और वरिष्ठ पार्टी विधायक अग्निमित्र पॉल के नेतृत्व में शहर के बीचोंबीच एस्प्लेनेड इलाके में कॉलेज चौराहे से वाई चैनल तक करीब दो किलोमीटर का मार्च किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अधिकारी और पॉल ने तृणमूल कांग्रेस को महिला विरोधी, आदिवासी विरोधी और संविधान विरोधी कहा। अधिकारी ने कहा, हमारी मुख्यमंत्री (ममता बनर्जी) से मांग है कि गिरि को अयोग्य करार दिया जाए और जेल में डाला जाए। उनके बयान महिला विरोधी है। चौंकाने वाली बात है कि राज्य का कोई मंत्री देश की राष्ट्रपति के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी कैसे कर सकता है? उन्होंने दोहराया कि ममता बनर्जी सरकार इस साल दिसंबर के बाद नही रहेगी क्योंकि यह धीरे-धीरे जनता से दूर हो रही है और आम लोग इसे पसंद नही करते। उन्होंने कहा, दिसंबर तक इंतजार कीजिए, इस सरकार के दिन गिनती के रह गए है। उलटी गिनती शुरू हो गई है। गिरि ने इस महीने की शुरुआत में नंदीग्राम में राष्ट्रपति मुर्मू के बारे में कथित टिप्पणी की थी जिस पर तृणमूल कांग्रेस के अंदर से भी आलोचनात्मक प्रतिक्रिया आई थी।

### पंजाब में अवैध शराब के मामलों में जांच की प्रगति पर असंतोष प्रकट किया न्यायालय ने

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब में अवैध शराब व्यापार के कुछ मामलों में जांच में प्रगति पर सोमवार को असंतोष प्रकट किया और कहा कि राज्य इस मुद्दे को बचकाने तरीके से देख रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नकली शराब की घटनाओं में सबसे ज्यादा पीड़ित गरीब और वंचित वर्ग के लोग होते है। उसने पंजाब के आबकारी विभाग को निर्देश दिया कि उसे इस संबंध में दर्ज कुछ प्राथमिकियों से जुड़े पहलुओं के बारे में बताया जाए। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि अवैध शराब के उत्पादन और परिवहन के कारोबार में शामिल वास्तविक दोषियों तक पहुंचने के लिए गंभीर प्रयास नही किए गए। पीठ पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के सितंबर 2020 के एक आदेश से सामने आई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में जहरीली शराब के उत्पादन, उसकी बिक्री और इसकी अंतर-राज्ईय तस्करी के संबंध में पंजाब में दर्ज कुछ प्राथमिकियों को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को हस्तांतरित करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी।

# बांग्लादेश से 200 से अधिक कुकी-चिन-मिजो लोगों ने मिजोरम में प्रवेश किया: अधिकारी

**आइजोल।** बांग्लादेश सेना और कुकी-चिन नेशनल आर्मी (केएनए) के बीच सशस्त्र संघर्ष के कारण बांग्लादेश से 200 से अधिक लोग मिजोरम के दक्षिण में स्थित लवंगतलाई जिले में आ गए हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। केएनए, बांग्लादेश में जातीय कुकी-चिन-मिजो समुदाय द्वारा गठित राजनीतिक मोर्चा कुकी-चिन नेशनल फ्रंट (केएनएफ) की सशस्त्र शाखा है। यह संगठन पड़ोसी देश में समुदाय के लिए एक अलग राज्य और सुरक्षा की मांग करता है। अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) और केएनए के बीच हालिया मुठभेड़ के कारण रविवार शाम को 125 महिलाओं और बच्चों सहित 274 बांग्लादेशी अपने देश के अपने गांवों से भाग निकले और लवंगतलाई जिले के सिमिनासोरा में प्रवेश कर गए। उन्होंने कहा कि कुकी-चिन-मिजो समुदाय के बांग्लादेशी नागरिक सात गांवों से पूर्वोत्तर राज्य में शरण लेने आए हैं। अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन और गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) मानवीय आधार पर उन्हें राहत प्रदान कर रहे हैं। इस बीच, जो रीयूनिफिकेशन ऑर्गेनाइजेशन (जोरो) ने बांग्लादेशी सेना द्वारा कुकी-चिन-मिजो समुदाय के नागरिकों पर हमले की निंदा की है।

# उदयपुर में दोहरे हत्याकांड मामले में तांत्रिक गिरफ्तार

भाषा। उदयपुर

राजस्थान पुलिस ने उदयपुर में एक तांत्रिक को गिरफ्तार कर दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है। गोगुंदा थाना क्षेत्र के केलाबावड़ी के जंगलों में 18 नवंबर को सरकारी अध्यापक और उसकी महिला मित्र के निर्वस्त्र शव पाए गए थे। उदयपुर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि दोनों ही शादीशुदा थे और मामला प्रेम प्रसंग का था। शवों के मिलने के बाद करीब 50 जगहों के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया एवं 200 लोगों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध तांत्रिक भालेश कुमार को हिरासत में लिया गया, जिसने पूछताछ में हत्या करने का जुर्म कबूल किया। कुमार पिछले 7-8 साल से भादवी गुड़ा स्थित इच्छापूर्ण शेषनाग भावजी मंदिर में रहकर लोगों को कष्ट निवारण के लिए ताबीज बना कर देता है। मृतका सोनू कवर और मृतक राहुल मीणा के परिजन भी इस मंदिर में आते-जाते रहते हैं तथा मंदिर के दर्शन के दौरान ही राहुल और सोनू कंवर की दोस्ती हुई थी। उन्होंने बताया कि राहुल अपनी पत्नी से झगड़ा किया करता था जिसके बाद पत्नी ने तांत्रिक से मदद मांगी तो तांत्रिक ने सोनू कवर से संबंधों के बारे में उन्हें बता दिया। जब राहुल और सोनू को इस बारे में पता चला तो वो तांत्रिक से नाराज हो गए और उन्होंने उसे बदनाम करने की धमकी दी। भक्तों में बना बनाया नाम एवं पहचान खराब होने के डर से तांत्रिक ने दोनों को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली और उसने बाजार से 50 के करीब फेवीक्विक इकट्ठा कर ली। 15 नवंबर की शाम तांत्रिक ने राहुल और सोनू को बुलाया और उन्हें एकांत जगह पर ले गया। पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर दोनों जब शारीरिक संबंध बना रहे थे तो वह दूसरी तरफ चला गया तथा फिर उसने इस दौरान फेवीक्विक की बोतल दोनों के ऊपर उड़ेल दी। पुलिस के मुताबिक बाद में चाकू और पत्थर से वार कर वह दोनों की हत्या कर वहां से निकल गया।

# बलात्कारियों और हत्यारों के साथ उनके माता-पिता को भी सजा मिलनी चाहिए : भाजपा विधायक

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)



**इंदौर के** भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय ने अजीबो-गरीब बयान दिया है कि हत्यारों तथा बलात्कारियों के साथ उनके माता-पिता को भी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह उनका निजी विचार है कि भविष्य में मौका मिलने पर वह इस विषय में कानून बनाएंगे। आकाश (38) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे हैं और उन्होंने शहर में फूल माली समुदाय के प्रतिभा सम्मान समारोह में रविवार को यह बयान दिया। इसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर फैल गया है।

आकाश ने समारोह में कहा, जैसे कोई बच्चा (व्यक्ति) बलात्कार करता है तो मेरा ऐसा सोचना है कि उसे सजा मिलनी ही चाहिए, एक-दो साल की सजा उसके माता-पिता को भी मिलनी चाहिए। भाजपा विधायक ने इसी तर्ज पर कहा कि हत्या के किसी मुजरिम को सजा मिलनी ही चाहिए और उसके माता-पिता को भी दो-तीन साल की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने इस सिलसिले में कहा, मेरी सोच रहती है कि अगर भविष्य में मुझे कभी ऐसा अवसर मिला, तो मैं कानून ही बना दूंगा। आकाश ने कहा कि कई बार माता-पिता अपने सपने साकार करने के चक्कर में बच्चों पर ध्यान देना कम कर देते हैं और यहीं से गड़बड़ शुरू होती है। उन्होंने कहा, हम बच्चों को सिर्फ पैदा करके छोड़ दें, यह अच्छी बात नहीं है। अगर माता-पिता ने बच्चे को जन्म दिया है, उसे जिम्मेदार नागरिक, चरित्रवान और संस्कारी बनाने का दायित्व भी माता-पिता का ही है। बलात्कारियों और हत्यारों के साथ उनके माता-पिता को भी सजा के सुझाव के पीछे का तर्क समझने के लिए मीडिया ने जब भाजपा विधायक से सवाल किया, तो उन्होंने कहा, अगर कोई बच्चा अच्छा काम करता है, तो इसका श्रेय उसके माता-पिता को जाना ही चाहिए। इसके विपरीत कोई बच्चा गलत काम करता है, तो मेरा निजी विचार है कि इस बात के लिए उसके माता-पिता भी दोषी होते हैं।

# मप्र : कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

भाषा। धार

**मध्य प्रदेश** के कांग्रेस विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री उमंग सिंघार के खिलाफ 38 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने एवं उसे प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। धार जिले के पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि मामला 38 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर रविवार शाम को नौगांव पुलिस थाने में दर्ज किया गया। यह महिला कथित तौर पर पत्नी के रूप में सिंघार के साथ रह रही थी। सिंह के मुताबिक, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सिंघार ने शादी रचाने का वादा कर उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार उससे संबंध बनाए और उसके साथ मारपीट भी की। सिंह ने बताया कि शिकायत के अनुसार सिंघार ने इस महिला की मर्जी के खिलाफ उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य भी किया और जान से मारने की धमकी दी।

उन्होंने कहा कि नौगांव पुलिस ने सिंघार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 294 (अश्लील कृत्य), 323 (जानबूझकर स्वेच्छा से किसी को चोट पहुंचाना), 376 (2) (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक कृत्य), 498 ए (उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले में आगे के कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। घटनाक्रम पर सिंघार की प्रतिक्रिया जानने के लिए उन्हें बार-बार फोन किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। 48 वर्षीय सिंघार धार जिले की गंधवानी विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव भी हैं। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा कि उनके पास मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन प्रथम दृष्टया यह राजनीति से प्रेरित मामला लगता है। इस बीच, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एक वीडियो बयान में आरोप लगाया कि सिंघार के खिलाफ उनकी पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।



जम्मू में सब्जी के खेत में मेहनत करता किसान

# शशि थरूर के मालाबार दौरे से कांग्रेस की केरल इकाई का एक धड़ा परेशान

भाषा। कोझिकोड (केरल)



**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता शशि थरूर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने और सार्वजनिक हस्तियों से मिलने के लिए मौजूदा मालाबार दौरे से केरल में कांग्रेस का एक महत्वपूर्ण धड़ा परेशान है, जिनमें से कुछ को उन के इस कदम के पीछे खास एजेंडा दिखता है। प्रदेश कांग्रेस में एक नए थरूर समूह के उभार के संकेत में उनके समर्थक उन नेताओं के खिलाफ खुले तौर पर सामने आए हैं, जिन्होंने रविवार को यहां युवा कांग्रेस द्वारा संघ परिवार और धर्मनिरपेक्षता के लिए चुनौतियां संगोष्ठी पर कथित रूप से अघोषित प्रतिबंध लगाया था। हालांकि, कोझिकोड के सांसद एम के राघवन समेत थरूर के अन्य समर्थकों ने कोझिकोड जवाहर यूथ फाउंडेशन के बैनर तले इसी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन करके शीर्ष नेताओं के कथित फरमान को मानने से इनकार कर दिया। इसके अलावा, राघवन ने पार्टी नेतृत्व से इस घटना की जांच शुरू करने का भी आग्रह किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित थरूर के कार्यक्रम पर अघोषित प्रतिबंध लगाने के लिए कौन जिम्मेदार थे।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल पर कोझिकोड में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किए जाने का एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने वीडियो के साथ ट्वीट किया, कोझिकोड में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शानदार स्वागत किया गया, जबकि कुछ अन्य मुझे मंच प्रदान नहीं करने के दबाव में आ गए। पार्टी में थरूर के प्रतिद्वंद्वियों को लगता है कि अपने कार्यक्रमों के माध्यम से वह राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की हार और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की जीत की स्थिति में खुद को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।मुद्दे पर कांग्रेस की प्रदेश इकाई में जारी गहमागहमी के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता और वटकारा के सांसद के मुरलीधरन ने भी थरूर के समर्थन में कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम को रद्द करने के पीछे साजिश है।कई वरिष्ठ नेताओं के थरूर के पक्ष में बयान देने के साथ केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख के सुधाकरन ने सोमवार को पार्टी नेताओं को सार्वजनिक रूप से बयानबाजी से परहेज करने को कहा। उन्होंने उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि थरूर को सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित होने से रोक दिया गया। सुधाकरन ने कहा, थरूर ने ही इससे इनकार किया था। इससे पहले, केपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधरन ने कहा कि हो सकता है इस आयोजन में कांग्रेस सदस्यों के भाग लेने पर प्रतिबंध ऐसे कुछ लोगों द्वारा लगाया गया हो जो केरल में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार बनना चाहते हैं और हो सकता है राज्य में थरूर की गतिविधियों से खतरा महसूस कर रहे हैं। हालांकि, राज्य में कांग्रेस का एक शक्तिशाली धड़ा, खासकर युवाओं और छात्रों के बीच थरूर की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उनके मालाबार दौरे से नाराज है। पहचान जाहिर नहीं करने का अनुरोध करते हुए एक वरिष्ठ नेता ने कहा, इस कदम के पीछे एक एजेंडा है।

# भाजपा उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम की उम्मीदवारी रद्द करने की कांग्रेस की मांग

भाषा। कांकेर

**छत्तीसगढ़ कांग्रेस** ने राज्य की भानुप्रतापपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग सोमवार को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) से की। कांग्रेस ने दावा किया कि नेताम ने अपने चुनावी हलफनामे में यह तथ्य छिपाया है कि उनके खिलाफ बलात्कार का एक मामला दर्ज है। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया था कि भाजपा उम्मीदवार नेताम पड़ोसी राज्य झारखंड में 2019 में दर्ज बलात्कार के एक मामले में आरोपी हैं और उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में इसका विवरण नहीं दिया है।

नेताम ने आरोपों का खंडन किया था और कहा था कि कांग्रेस उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। कांकेर जिले में स्थित अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक और विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी के पिछले महीने निधन के बाद ए यह सीट रिक्त है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम सोमवार को रिटर्निंग अधिकारी सुमित अग्रवाल के कार्यालय पहुंचे और उपचुनाव के लिए नेताम की उम्मीदवारी नामांकन पत्र में कथित रूप से गलत विवरण प्रस्तुत करने के लिए रद्द करने की मांग की। सुमित अग्रवाल कांकेर जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी हैं। मरकाम ने संवाददाताओं से कहा, नेताम ने चुनावी हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को छुपाया है जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का उल्लंघन है और इसलिए हमने आरओ से उनका नामांकन रद्द करने की मांग की है। भाजपा का असली चरित्र लोगों के सामने आ गया है। उपचुनाव में बलात्कार के आरोपी को उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने पूरे राज्य को शर्मसार कर दिया है। भाजपा को देश, छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने ऐसी ही एक शिकायत रायपुर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी है। मरकाम ने आरोप लगाया था कि झारखंड पुलिस ने 15 वर्षीय एक किशोरी को कथित तौर पर देह व्यापार में धकेलने और कई लोगों द्वारा उसके साथ बलात्कार करने के संबंध में 15 मई, 2019 को जमशेदपुर के टेल्को पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया था। उन्होंने दावा किया था कि इस मामले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम पाक्सो की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। मरकाम ने कहा था कि शुरू में इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और जांच के दौरान कांकेर जिले के चारामा शहर के मूल निवासी भाजपा के पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम और चार अन्य व्यक्तियों को भी इस मामले का आरोपी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार जब अन्य आरोपी पीड़िता को रायपुर लेकर आए थे तब नेताम ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया था। आरोपों को खारिज करते हुए नेताम ने संवाददाताओं से कहा था कि उनके खिलाफ ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# अमेरिका-भारत संबंधों के इतिहास में 2022 बड़ा साल : व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस के** एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में 2022 एक बड़ा साल रहा है और वर्ष 2023 और भी बड़ा होने वाला है। प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक संयुक्त बयान पर आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। वाशिंगटन में भारतीय-अमेरिकियों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाइनर ने कहा, अमेरिका और उसके राष्ट्रपति जो बाइडन जब दुनियाभर में ऐसे भागीदारों की तलाश करते हैं, जो वास्तव में जिम्मेदारियों का भार उठाने में मदद कर सकते हैं, जो वास्तव में वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं, तब भारत और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूची में काफी ऊपर मिलते हैं। उन्होंने कहा, हमने इस तथ्य को जी-20 शिखर सम्मेलन में देखा, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने एक संयुक्त बयान पर अलग-अलग रुख वाले देशों के समूह के बीच आम सहमति बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। हमने इस तथ्य को प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार के अन्य सदस्यों के उन कार्यों और टिप्पणियों में भी देखा है, जो उन्होंने परमाणु मुद्दे पर बढ़ते जोखिम को उजागर करने के लिए की हैं। कार्यक्रम में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन भारत-अमेरिका संबंधों को गति दे रहे हैं, जिनके बीच 15 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। दोनों नेता आखिरी बार बाली में पिछले हफ्ते आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मिले थे।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के साथ लगने वाली अपनी चमन सीमा पुनः खोली

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान ने सोमवार को अफगानिस्तान के साथ लगने वाली अपनी प्रमुख चमन सीमा को व्यापार एवं पैदल आवाजाही के लिए फिर से खोल दिया। अफगानिस्तान के एक बंदूकधारी के गोली चलाने से एक पाकिस्तानी सैनिक की मौत होने और दो अन्य के घायल होने के बाद चमन सीमा को पिछले सप्ताह बंद किया गया था। यह घटना 13 नवंबर को हुई थी। दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के चमन में पाकिस्तानी सरकार के अधिकारी अब्दुल मजीद ज़हरी ने पत्रकारों को बताया कि अफगानिस्तान के अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद सीमा को पुनः खोलने का फैसला किया गया।



### म्यांमा में कैदियों की रिहाई की गंभीरता पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञ ने उठाए सवाल

**सियोल।** संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने सोमवार को कहा कि म्यांमा में हाल में हजारों कैदियों की रिहाई वहां के सेना नियंत्रित शासन की देश में प्रगति का माहौल दर्शाने की कोशिश हो सकती है ताकि अंतरराष्ट्रीय राय को प्रभावित किया जा सके। म्यांमा ने गत बृहस्पतिवार को अपने राष्ट्रीय विजय दिवस के मौके पर करीब 5,700 कैदियों को रिहा किया था। इनमें कुछ विदेश नागरिक भी रहे जिनमें एक ऑस्ट्रेलियाई शिक्षाविद, एक जापानी फिल्मकार, एक पूर्व ब्रिटिश राजनयिक तथा एक अमेरिकी नागरिक शामिल है। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और मानवाधिकार संगठनों ने रिहाई का स्वागत करते हुए म्यांमा से अवैध तरीके से हिरासत में लिए गए अन्य लोगों को भी रिहा करने का आह्वान किया।

### कुर्द आतंकवादियों ने तुर्किए के सीमाई शहर में गोलाबारी की, तीन लोगों की मौत

**अंकारा (तुर्किए)।** सीरिया में संदिग्ध कुर्द आतंकियों ने सोमवार को तुर्किए में सीमा पार रॉकेट दागे जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनादोलू समाचार एजेंसी के मुताबिक कारकामिस शहर में रॉकेट हमले में उच्च विद्यालय का एक भवन और दो अन्य मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही तुर्किए-सीरिया सीमा द्वार के पास एक ट्रक को भी निशाना बनाया गया। तुर्किए के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू ने कहा कि मृतकों में एक शिक्षक और एक बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि एक रॉकेट स्कूल के मैदान में गिरा, लेकिन वहां कोई हताहत नहीं हुआ।

### पीटीआई कार्यकर्ताओं ने नवाज शरीफ के लाहौर स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन किया

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर, खान पर हमले और केन्या में पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या की साजिश में भूमिका होने का आरोप लगाते हुए इस संबंध में स्वतंत्र जांच की मांग की। जांच की मांग कर रहे पीटीआई समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ के लाहौर स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन किया। सैकड़ों खान समर्थकों ने शरीफ के जती उमरा स्थित आवास के दरवाजे के बाहर धरना दिया और टायर भी जलाए। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया। शरीफ अभी लंदन में हैं। प्रदर्शनकारियों ने शरीफ के परिजनों और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और बाद में शांतिपूर्ण तरीके से तितर-बितर हो गए।

### चीन तटरक्षक ने फिलीपीन नौसेना से रॉकेट का मलबा जब्त किया

**मनीला।** विवादित दक्षिण चीन सागर में एक और टकराव में चीनी तट रक्षक बल ने रॉकेट के मलबे को ले जा रही फिलीपीन की नौसेना से जबरन उसे जब्त कर लिया। मलबा चीन के रॉकेट प्रक्षेपण का लग रहा था। फिलीपीन के एक सैन्य कमांडर ने सोमवार को यह जानकारी दी।वाइस एडमिरल अल्बर्टो कार्लोस ने सोमवार को कहा कि रविवार को फिलीपीन के कब्जे वाले थीटू तट से निकाले जा रहे मलबे को जब्त करने से पहले चीनी जहाज ने फिलीपीन नौसेना की नौका को दो बार रोका। उन्होंने कहा कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ।यह चीन, फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान से जुड़े रणनीतिक जलमार्ग में लंबे समय से चल रहे क्षेत्रीय विवादों में नवीनतम मामला है।चीनी तट रक्षक जहाजों ने पहले भी विवादित जल क्षेत्र में फिलीपीन के बलों को आपूर्ति करने वाली फिलीपीन आपूर्ति नौकाओं का मार्ग अवरुद्ध कर दिया था।

### मैक्सिको में थाने पर बंदूकधारियों का हमला, कई लोगों के हताहत होने की खबर

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के उत्तर-मध्य गुआनाजुआतो प्रांत में रविवार को कुछ बंदूकधारियों ने एक थाने पर गोलियां चला दी, जिसका पुलिस ने भी माकूल जवाब दिया। गोलीबारी में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। सेलाया शहर की पुलिस के अनुसार, जवाबी कार्वाई में कई हमलावर मारे गए, लेकिन उनकी सटीक संख्या अभी पता नहीं चल पाई है। हमला शहर के बाहरी इलाके के एक कस्बे में हुआ। सेलाया पुलिस के प्रमुख जीसस रिवेरा ने बताया कि हमले में तीन पुलिस अधिकारी घायल हुए है, लेकिन उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। मैक्सिको के 32 राज्यों में से गुआनाजुआतो में हत्या के सबसे अधिक मामले सामने आते है।

### हांगकांग के नेता ली कोरोना वायरस से संक्रमित

**हांगकांग।** हांगकांग के नेता जॉन ली कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। देश की सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। ली बैंकॉक में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) मंच के हाल ही में आयोजित शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के बाद हांगकांग लौटे थे। सरकार के मुताबिक, बैंकॉक की चार दिन की यात्रा के दौरान ली की कोविड-19 संबंधी जांच के परिणाम हर बार नकारात्मक आए, लेकिन रविवार को हांगकांग हवाई अड्डे पर हुई जांच में वह संक्रमित पाए गए। मुख्य कार्यकारी कार्यालय के एक प्रवक्ता के अनुसार, ली अब पृथक-वास में रहते हुए घर से ही काम करेंगे। स यात्रा के दौरान ली ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सियन लूंग सहित कई विश्व नेताओ से मुलाकात की थी। बंद कमरे में हुई कुछ बैठकों के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग उनके बेहद नजदीक बैठे थे।

# पाक रक्षा मंत्रालय ने सेना प्रमुख के पद के लिए पांच नामों की सूची पीएम कार्यालय को भेजी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** रक्षा मंत्रालय ने अगले सेना प्रमुख के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को सोमवार को पांच नामों की सूची भेजी है। मौजूदा सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान सेना अधिनियम (पीएए) 1952 के तहत, रक्षा मंत्रालय मौजूदा सेनाध्यक्ष को सेवामुक्त करने संबंधी दस्तावेज़ डिस्चार्ज समरी जारी करेगा ताकि उनके उत्तराधिकारी की नियुक्त का मार्ग प्रशस्त हो सके। जनरल बाजवा (61) तीन साल के सेवा विस्तार के बाद 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने एक और सेवा विस्तार लेने से इनकार कर दिया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि फौज के नए प्रमुख की नियुक्ति के संबंध में पीएमओ को सोमवार को रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट मिल गई है। खबर के मुताबिक, रिपोर्ट में पांच शीर्ष जनरल के नाम हैं।

### पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय ने मुशर्रफ की हत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति को रिहा किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तत्कालीन सैन्य शासक जनरल (सेवानिवृत्त) परवेश मुशर्फ की हत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति को रिहा करने का आदेश सोमवार को दिया। जिओ न्यूज की खबर के अनुसार, 2003 में रावलपिंडी पंप हमला मामले में अदालत ने 2005 में राणा तनवीर को 14 साल कैद की सजा सुनाई थी, लेकिन वह पिछले 20 साल से जेल में बंद है। गौरतलब है कि रावलपिंडी में मुशर्फ के काफिले पर हुए बम और बंदूकों के हमलों में वह बाल-बाल बचे थे और उनकी हत्या के आरोप में तनवीर को 31 दिसंबर, 2003 को गिरफ्तार किया गया था।

# धनखड़ दोहा में भारतीयों से मिले, दोनों देशों के रिश्ते गहरे करने में उनकी भूमिका की प्रशंसा की

भाषा। दोहा

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने सोमवार को यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की और भारत तथा कतर के बीच रिश्तों को मजबूत करने में उनकी भूमिका की सराहना की। धनखड़ दो दिवसीय यात्रा पर दोहा में हैं। उन्होंने रविवार को फीफा विश्वकप के उद्घाटन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल सानी के न्यौते पर दोहा की यात्रा पर आए हैं। उन्होंने कतर में अल बैत स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2022 के उद्घाटन के दौरान रविवार को शेख तमीम से भी मुलाकात की थी। उपराष्ट्रपति के ट्विटर पेज पर कहा गया है, माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने दोहा, कतर में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। श्री धनखड़ ने समुदाय के सदस्यों की उनके संबंधित क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए सराहना की। इस ट्वीट के साथ तस्वीरें भी साझा की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्विटर पर कहा, अपनों से जुड़नाउ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दोहा, कतर में भारतीय समुदाय के सदस्यों और स्कूली विद्यार्थियों से मुलाकात की।



इंडोनेशिया में भूकंप के बाद घायलों का इलाज करते चिकित्सा कर्मी

# उत्तर कोरिया ने संरा महासचिव गुतारेस को अमेरिका की कठपुतली बताया

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** के विदेश मंत्री चो सन हुई ने उनके देश के हालिया अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) परीक्षण की अमेरिका के साथ मिलकर निंदा किए जाने को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की आलोचना की। हुई ने गुतारेस को अमेरिका की कठपुतली भी करार दिया। गुतारेस ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया के आईसीबीएम परीक्षण की कड़ी निंदा करते हुए एक बयान जारी किया था और उससे किसी भी भड़काऊ कार्वाई को तुरंत रोकने का अपना आह्वान दोहराया था। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने विदेश मंत्री चो सन हुई के हवाले से एक बयान में कहा, मैं अक्सर संयुक्त राष्ट्र महासचिव को अमरिका के व्हाइट हाउस या विदेश मंत्रालय का एक सदस्य पाता हूं। इस तथ्य पर अपना गहरा खेद व्यक्त करता हूं कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्य एवं सिद्धांतों और सभी मामलों में निष्पक्षता एवं समानता बनाए रखने के अपने उचित मिशन को दरकिनार करते हुए बेहद निंदनीय रवैया अपनाया है। हुई ने आरोप लगाया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उत्तर कोरिया के आईसीबीएम परीक्षण की निंदा करते समय अमेरिका और उसके सहयोगियों की कार्वाइयों को नजरअंदाज किया। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वह अमेरिका की कठपुतली हैं। सुरक्षा परिषद ने जापान के अनुरोध पर उत्तर कोरिया के आईसीबीएम प्रक्षेपण पर सोमवार सुबह एक आपात बैठक बुलाई है। अभी स्पष्ट नहीं है कि इस बैठक में उत्तर कोरिया पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाने का फैसला किया जा सकता है या नहीं,।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

## सेंसेक्स 519 अंक और टूटा

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 518 अंक से अधिक टूट गया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 518.64 अंक यानी 0.84 प्रतिशत टूटकर 61,144.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 604.15 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 147.70 अंक यानी 0.81 प्रतिशत टूटकर 18,159.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, विप्रो और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और पावरग्रिड शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी सकारात्मक है। हालांकि, वैश्विक बाजारों में चुनौतियों के कारण बाजार में स्थिति अनुकूल नहीं रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का मौद्रिक नीति के स्तर पर कड़ा रुख जारी रहने की आशंका और चीन में कोविड महामारी को लेकर पाबंदियों से अंतरराष्ट्रीय बाजार पर असर पड़ा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी लगातार तीसरे दिन नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर निवेशक चीन में कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए नई पाबंदियों के आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप क्रमशः 0.15 प्रतिशत और 0.01 प्रतिशत नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोप में बाजार शुरुआती कारोबार में नुकसान में रहे। अमेरिका में वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त में रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.82 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 751.20 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### भारत ने अक्टूबर में 23.4 लाख टन उर्वरक का आयात किया

**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल अक्टूबर में यूरिया और डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) सहित 23.4 लाख टन उर्वरक का आयात किया। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कुल उर्वरक आयात में सबसे अधिक हिस्सेदारी 14.70 लाख टन के साथ डीएपी की थी। इसके बाद 4.60 लाख टन यूरिया, 2.36 लाख टन म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) और 1.70 लाख टन कॉम्प्लेक्स का आयात किया गया। इस बीच, अक्टूबर में उर्वरकों का घरेलू उत्पादन 36.19 लाख टन था, जो इस महीने के लिए निर्धारित 41.54 लाख टन के लक्ष्य से कम है। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में उर्वरक की अनुमानित मांग 71.47 लाख टन थी, लेकिन इसके मुकाबले उपलब्धता 64.28 लाख टन रही। इस दौरान 53.34 लाख टन उर्वरक की बिक्री हुई। वैश्विक बाजार में यूरिया और अमोनिया को छोड़कर, डीएपी और अन्य उर्वरकों की कीमतों में अक्टूबर में सालाना आधार पर वृद्धि हुई।

# क्रिसिल, इक्रा ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

भाषा। मुंबई

**रेटिंग एजेंसियों क्रिसिल** और इक्रा ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष 2022-23 और दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान में संशोधन किया है।

वैश्विक वृद्धि के बाधित होने और फसल उत्पादन प्रभावित होने के चलते दोनों रेटिंग एजेंसियों ने वृद्धि का अनुमान कम किया है। क्रिसिल ने वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के लिए वृद्धि के अनुमान को 0.30 प्रतिशत घटाकर सात प्रतिशत कर दिया, जबकि इक्रा ने इसके 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने एक टिप्पणी में कहा, हमने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के अपने अनुमान को 7.3 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। ऐसा मुख्य रूप से वैश्विक वृद्धि में मंदी के चलते किया गया, जिससे हमारा निर्यात और औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित होने लगी हैं। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले लगभग आधी है। उन्होंने कहा कि खरीफ उत्पादन के अग्रिम अनुमानों, उच्च ईंधन कीमत और कुछ क्षेत्रों में कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण वृद्धि दर कम रह सकती है।

# जनवरी-सितंबर के दौरान आठ प्रमुख शहरों में पांच प्रतिशत महंगे हुए घर : रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**देश के आठ** प्रमुख शहरों में इस वर्ष जनवरी-सितंबर के दौरान लागत में बढ़ोतरी और मांग में मजबूती के चलते आवास कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। संपत्ति ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। ब्रोकरेज कंपनी ने बयान में कहा कि इस साल सितंबर तिमाही के अंत में आठ शहरों के प्राथमिक बाजारों में आवासीय संपत्तियों की भारित औसत कीमत 6,600-6,800 रुपए प्रति वर्ग फुट थी, जबकि 2021 की दिसंबर तिमाही के अंत में यह 6,300-6,500 रुपए प्रति वर्ग फुट थी। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम, हाउसिंग डॉट कॉम और मकान डॉट कॉम के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विकास वधावन ने कहा, प्राथमिक आवास बाजार में कीमतों में मामूली वृद्धि हुई है। यह वृद्धि सीमेंट और इस्पात जैसे प्रमुख कच्चे माल के दाम बढ़ने की वजह से हुई है। वधावन ने कहा, मई के बाद से आवास ऋण पर ब्याज दरों में लगभग दो प्रतिशत की बढ़ोतरी के बावजूद मजबूत मांग से आने वाली तिमाही में घरों की कीमतों में और वृद्धि की संभावना है। वहीं प्रमुख निर्माण सामग्री की कीमतें कम हुई हैं लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में यह अब भी अधिक है। अहमदाबाद में आवास कीमतें जुलाई-सितंबर की अवधि में पांच प्रतिशत बढ़कर 3,600-3,800 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गईं। यह 2021 कैलेंडर वर्ष के अंत में 3,400-3,600 रुपए प्रति वर्ग फुट थी। इस दौरान बेंगलुरु में आवासीय संपत्तियों का दाम 5,500-5,700 रुपए प्रति वर्ग फुट से छह प्रतिशत बढ़कर 5,900-6,100 रुपए हो गईं। वहीं चेन्नई में यह दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 5,500-5,700 रुपए हो गई, जबकि दिल्ली-एनसीआर में कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# रोजगार, कर दायरा बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत: उद्योग जगत

भाषा। नई दिल्ली

**उद्योग मंडलों** ने सोमवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में रोजगार बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देने के साथ कर आधार तथा खपत बढ़ाने के लिए जीएसटी और व्यक्तिगत आयकर स्लैब को युक्तिसंगत बनाया जाना चाहिए। बजट को लेकर सुझावों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में उद्योग जगत ने यह सुझाव दिया। उद्योग मंडल सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के अध्यक्ष संजीव बजाज ने कहा, वैश्विक परिदृश्य कुछ समय तक प्रतिकूल बने रहने की आशंका है। इसीलिए हमें वृद्धि के नए क्षेत्रों को तैयार कर तथा घरेलू मांग को बढ़ावा देने के लिए रोजगार सृजन को गति देकर अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था को व्यापक बनाना चाहिए। ऑनलाइन बैठक में उद्योग जगत ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए निवेश आधारित वृद्धि रणनीति के साथ पूंजीगत व्यय पर भी जोर देने का सुझाव दिया। सीआईआई ने नौकरियों के नए अवसर बनाने के लिए रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना लाने का सुझाव दिया। उसने यह भी कहा कि सरकार शहरी रोजगार गारंटी योजना लाने पर विचार कर सकती है। इसके साथ कंपनियों को कर के मामले में निश्चितता प्रदान करने के लिए कंपनी कर की दर मौजूदा स्तर पर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसके अलावा, कर की दरों को युक्तिसंगत बनाने, कर भुगतान व्यवस्था सुगम बनाने तथा कर विवादों में कमी लाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी ऑनलाइन बैठक में बजट को लेकर अपने सुझाव दिए। पीएचडीसीसीआई ने खपत बढ़ाने, कारखानों में क्षमता उपयोग में वृद्धि, रोजगार सृजन को बढ़ावा, सामाजिक बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता में सुधार करने की जरुरत है।

### सीतारमण ने बजट-पूर्व बैठकें शुरू की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बजट से पहले होने वाली बैठकों की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने उद्योग संघों के प्रमुखों और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ आगामी आम बजट के संबंध में चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित हुई इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, भागवत किशनराव कराड और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में बजट से पहले आयोजित होने वाली बैठकों के तहत पहली बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उद्योग जगत के दिग्गज और बुनियादी ढांचा क्षेत्र तथा जलवायु परिवर्तन के विशेषज्ञ शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि बजट से पहले की दूसरी बैठक में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और भागवत किशनराव कराड के साथ ही वित्त सचिव टी वी सोमनाथन, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन, डीईए सचिव, दीपम सचिव, राजस्व सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार शामिल थे। इन लोगों ने आम बजट 2023-24 पर अपने सुझाव दिए। वित्त मंत्री एक फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी।




**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company Ltd. that Mrs. Santosh Kumari Arora is claiming owner of property bearing No. 40, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No. 18/18, Situated in the area of Village Matiala, Delhi State Delhi, colony known as New T Block, Uttam Nagar, New Delhi., she acquired the said property on the basis of GPA, Agreement, and will dated 28.05.2007. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner want to sell the said property to Mr. Rajendra Singh Rawat who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance company Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Santosh Kumari Arora in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 1644, सेक्टर-8, फरीदाबाद- 121004 स्थित सम्पत्ति के संबंध में श्री नरेश कुमार शर्मा के नाम में मूल ओरिजिनल डीड नंबर 12046 दिनांकित 17-03-1992 और 2367, एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-3, फरीदाबाद स्थित सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती दीपा चौहान के नाम में मूल ओरिजिनल डीड नंबर 13757 दिनांकित 22-03-2013 केनरा बैंक, भडाना भवन, नीलम बाटा रोड, फरीदाबाद मेन-।।, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा-121001 में मार्ग में खो गई है। जिसको मिले कृपया उपरिवर्णित पते पर सम्पर्क करें अथवा 9416145492 पर कॉल करें।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Gurmeet Kaur Bindra is the owner of Property bearing No. 135, 136 and 137, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No. 13/24, Situated in the area of Village Keshopur, in the abadi of Guru Nanak Nagar, New Delhi vide Gift Deed dated 19.10.2022, Doc No. 13267. All persons are hereby informed that Mrs. Gurmeet Kaur Bindra wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Gyanwati and Mr. Harikant Sharma have acquired the Residential Leasehold Built Up Plot Bearing No. 171, area measuring 153 Sq. mtrs. in Block-D, situated at Noida, Sector-49, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. vide Transfer Deed of Leasehold Rights dated 08.07.2022, Doc no. 4475 and Now, Mrs. Gyanwati and Mr. Harikant Sharma are mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATAMOTORS_T_LPT2518G
REG. NO.HR47D5606-YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9999996157
EMAIL–jagbir.singh@kotak.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL6CM1681, | DL2SF2267, | DL1SQ0811, |
| DL3CAQ6079, | DL5SH3812, | UP14P6694, |
| DL3SR8935, | DL7SW8972, | DL7SAX6063, |
| DL5SV1903, | DL7SAN1656, | DL5SP6341, |
| DL5ST3698, | DL7SAA9581, | DL7SAT7354, |
| DL7SN1338, | DL5S8204, | DL7SAU2110, |
| DL5ST4795, | DL5SS2149, | DL5SV1203, |
| DL7SP3995, | UP15R9635, | DL5SY0378, |
| DL6SE9775, | DL7SAX7711, | DL8SF7183, |
| DL8SAN1113, | DL4SW7138, | DL7SAY8309, |
| DL5SJ5090, | DL7SAX9120, | DL7SZ9469, |
| CHSNO- 458321, | DL7SS1243, | NOREG67, |
| | DL7SZ4336, | DL4SAL9388, |
| DL5SM6574, | DL9SJ8563, | DL8SX0708, |
| DL7SAD7016, | DL7SAK1007, | DL5SQ2366, |
| DL7SZ1109, | DL5ST5441, | DL7CH0741, |
| DIJ6390, | DL7SAT8587, | DL9CW8848, |
| DL7SAB3119, | DL7SN9080, | DL5SG4256, |
| DL6SG0466, | DL7SAD3940, | DL9SN5527 |
| DL6SD9304, | DL5SR8755, | DL7SW3629, |
| TN30A3384, | DL7SQ2333, | DL1CH2960, |
| DL4SAX0776, | DL8SAD9999, | DL2CW9458, |
| DL3SU8735, | DL6ST4535, | DL1VB5957, |
| DL4SD1734, | DL5SR9305, | DL2CB4728, |
| UP78AY1898, | DL7SAM3829, | DL3CAD5094, |
| DL4SS6470, | DL7SAM1218, | HR21C5722, |
| DL4SAL5929, | DL7SAS2637, | DL4SAN0345, |
| DL8CL3345, | DL7SAT5908, | DL6SV7275, |
| DL9CD8285, | DL7SS1767, | DL6ST7475, |
| DL7SP1741, | DAK2676, | DL6SY0195, |
| DL4SY9338, | DL5SV0106, | DL3SAR4916, |
| DL2SD4085, | DL7SAK1547, | DL4SBC3168, |
| DL4ST4803, | DL6SY2955, | DL9SN9312, |
| DL4SW2043, | DL5SS0393, | HYK4951, |
| KA03EH6194, | DL7SAZ6901, | DL4SA4290, |
| DL4ST5317, | MMJ8091, | DL4ST2108, |
| DL4SAH8965, | DL7SQ4192, | DBE1894, |
| DL5SR5822, | DL5CB1240, | UP14AC8209, |
| DL5ST6864, | DL5SU2389, | DL4SAM8490, |
| DL5ST5528, | DL5SN2950, | DL4SBF4116, |

# अपराधियों पर रखें पैनी निगाहः आकाश तोमर

## सीओ आफिस सहित कई थानो का एसपी ने लिया जायजा



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय मनकापुर, थाना मनकापुर, थाना छपिया व थाना खोड़ारे औचक पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्किल व सर्किल के थाना कार्यालयों, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह, निर्माणाधीन आरक्षी बैरक, विवेचना कक्ष, मेस व थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में थाना क्षेत्र में पुलिसिंग तेज करते हुए अपराधियों पर पैनी निगाह रखें। साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाते हुए अपराध पर प्रभावी अंकुश लगायें। उन्होंने रिकार्डों को अद्यतन करने व साफसफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए। वहीं मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, 102 व यातायात नियमों, साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मनकापुर संजय तलवार, प्रभारी निरीक्षक मनकापुर मनोज कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक छपिया प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे सुरेश कुमार वर्मा व एसपी पीआरओ आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**करनैलगंज** (गोंडा)। मौसमी बीमारी व डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सोमवार को नगर करनैलगंज के ईदगाह मैदान में मोहम्मद सलमान अंसारी की देखरेख में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. मोहम्मद आलम अंसारी व डा. मारिया तनबीर ने मरीजों का इलाज करते हुये बचाव के उपाय भी बताये। यह जानकारी देते हुए सलमान अंसारी ने बताया कि शिविर में राजू, संतोष, सलीम, सलमान, शबनम, खुशबू, अफजाल, दिलसाद, अनिल कुमार व मोहम्मद अफाक सहित करीब सौ मरीजों का इलाज किया गया।

### उत्पाद का विकास

**वाराणसी।** जी एम पॉलीप्लास्ट लिमिटेड एक कंपनी जो हिप्स और एबीएस शीट्स के निर्माण में लगी हुई है और प्रीमियम और सस्ती गुणवत्ता वाले स्क्रैप का आयात करती है जिसे बाद में प्रीमियम गुणवत्ता शीट्स और ग्रैन्यूल्स में परिवर्तित किया जाता है। कंपनी ने 30 सितंबर 2022 को समाप्त 6 महीनों के उत्कृष्ट परिणामों की घोषणा की। जी एम पॉलीप्लास्ट ने नई पीईटी शीट लाइन जोड़कर अपनी उत्पाद श्रृंखला में विविधता जोड़ी है। इसके अतिरिक्तिए कंपनी प्लास्टिक शीट में नए रंग और टेक्सचर डिज़ाइन लाकर अपने मौजूदा उत्पाद का विकास कर रही है। प्लास्टिक विश्व स्तर पर सबसे अधिक पुनर्नवीनीकृत सामग्री है और इसमें विकास की बहुत बड़ी संभावना है। हम नए उद्योगों को लक्षित करके बाज़ार में प्रवेश की रणनीति का उपयोग करेंगेए जिसे अभी तक कंपनी द्वारा टैप नहीं किया गया है। कंपनी की योजना बड़े पैमाने पर निर्यात बिक्री बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में एक ब्रांड इमेज बनाने की है।

## शोहदे से परेशान छात्रा ने लगाई गुहार

बांदा। शोहदे से परेशान एक बीएसी की छात्रा ने न्याय की गुहार लगाई है। छात्रा का आरोप है कि अतर्रा थाना क्षेत्र वाला एक युवक उसे फोन करके अश्लीलता करता हैए कालेज और कोचिंग जाने में रास्ते मे छेड़छाड़ करता हैए मोबाइल में गंदे वीडियो भेजकर शादी का दबाव बनाता है। पीड़ित लड़की ने यह भी बताया कि इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद कोई ठोस कार्यवाही नही कीए जिससे युवक और परेशान कर रहा है। पीड़ित लड़की ने आगे यह भी बताया कि एक दिन वह ट्यूशन जा रही थी तो रास्ते मे उस युवक ने हाथ पकड़ लिया और कार के अंदर घसीट ले गया और अश्लील हरकतें कीए विरोध करने पर मारपीट कीए साथ ही कुछ फ़ोटो खींच लीए जिसको वायरल करने की धमकी देकर शादी का दबाव बना रहा हैए न करने पर चरित्रहीन साबित करने की धमकी देता है। युवक के ऐसे कृत्य से लड़की बहुत डरी और सहमी हुई हैए उसको डर है युवक कोई अप्रिय घटना न कारित कर दें। युवक रिश्तेदारी में आता है। लड़की के परिजन भी बहुत परेशान नजर आएए रो रोकर अधिकारियों से बेटी के साथ जबरन अश्लीलता पर कार्यवाही की गुहार लगाई हैए परिजन का कहना है कि बेटी स्कूल नही जा पा रहीए रास्ते मे छेड़खानी करता हैए बिटिया बहुत डरी हुई हैए कार्यवाही न होने से युवक और मनबढ़ हो गया है। परिजनों ने बेटी की पढ़ाई छोडवाने का निर्णय भी लिया है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक बाँदा श्रीनिवास मिश्रा ने पीड़िता को पूर्ण अवश्वशन दिया है।

## जिला अस्पताल में अर्धनग्न और बेहोशी की हालत में मिली नाबालिग, हड़कम्प



**बांदा।** जिला अस्पताल में अर्धनग्न और बेहोशी की हालत में एक नाबालिग के मिलने से हड़कम्प मच गया। अस्पताल प्रशासन के होश उड़ गए। आनन फानन में लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया है। लड़की को पुलिस ने ट्रेन में बेहोशी की हालत में मिलने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। जानकारी के मुताबिक बांदा स्टेशन पर पुलिस को एक लड़की बेहोशी की हालत में मिली थी, जीआरपी ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया थाए रविवार को वह संदिग्ध और अचेत अवस्था मे अस्पताल के बाथरूम में मिली हैए मानसिक रूप से कमजोर लड़की के शरीर मे निचले हिस्से में कपड़े भी नही थेए जिससे गैंग रेप जैसी घिनौनी हरकत का अंदाजा लगाया जा रहा हैएलड़की खून से लतपथ थी पराई वेट पार्ट से लगातार खून का रिसाव हो रहा था घटना के बाद से अस्पताल प्रशासन में हड़कम्प मच गया और मौके पर पुलिस टीम ने पहुँचकर जांच पड़ताल भी की। लड़की की सुरक्षा के लिए पुलिस टीम भी लगाई गई है। आखिर जिला अस्पताल की सुरक्षा में प्रश्न चिन्ह उठता हैए सीसीटीवी खंगाल कर मामले की जांच की जा रही है। जिला अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि ष् एक अज्ञात बच्ची है 13 से 14 साल कीए ये ट्रेन में मिली थीए जीआरपी बांदा को सूचना मिली थीए लावारिश हालात में थीए बोल भी नही पा रही थीए बेहोश भी थीए अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराई गई थी और लड़की मानसिक रूप से विक्षिप्त जैसी भी हैए अपना नाम पता भी नही बता पा रही हैए जिसका उपचार किया जा रहा थाए आज ये अपने बेड पर नही थी तो सूचना मिली कि लड़की नही हैए तो स्टाफने जाकर देखा तो बाथरूम में पड़ी थीए इस लड़की के साथ सरकारी अस्पताल के अराजक तत्व प्राइवेट एंबुलेंस वाले तथा कुछ बाहरी तत्व शराबी कबाबीए स्मैकियाए गांजा पीने वालेए शोहदों का कार्य है आखिर हॉस्पिटल की पुलिस चौकी क्या कर रही थीघ् पुलिस पिकेट का क्या रोल थाघ् पुलिस अधीक्षक का सामने बंगला अपर पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय और बंगला सिविल लाइन पुलिस चौकी जिला अस्पताल में इतनी भीड़ होने के बाद भी ऐसी घटना को अंजाम यदि दिया जाता है तो आखिर सुरक्षा कहां पर है आपर पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास मिश्र ने गैंग रेप का मुकदमा कायम कर दिया है नगर कोतवाली बांदा मेंद्य जिला अस्पताल में सीएमएस हमेशा अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं कभी देखे तो पूरे वार्डों में जानवर टहलता है जिला अस्पताल में रात्रि में बहुत सारे अराजक तत्व आते हैं।

### बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा पर ग्रामवासियों ने किया चिन्तन



**अंबेडकर नगर।** रनीवा ग्राम सभा में संपूर्ण क्रांति जागरण मंच अंबेडकर नगर जनपद की एक बैठक गांधिवादी कार्यकर्ता सियाराम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें रवीना ग्राम के विकास के लिए उपस्थित जनसमुदाय ने अपने. अपने सुझाव दिए। उपस्थित लोगों ने बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा के संबन्ध चिन्ता व्यक्त की।बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी चिंतक विजय श्रीवास्तव ने कहा की जेपी की संपूर्ण क्रांति डाण् लोहिया की सप्त क्रांति है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवाद के महान नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ लोहिया ने अपना सारा जीवन किसान और शोषित वंचित लोगों की भलाई के लिए समर्पित किया। श्री श्रीवास्तव ने बैठक में केंद्र सरकार से डॉ लोहिया को भारत रतन दिये जाने की मांग की। इस बैठक में रवीना ग्राम के तेजप्रताप मिश्राए नारायण मिश्राए सुनील बाजपेयी ए राम गुप्ताए राम अनुज यादवए नरेंद्र यादवए राम बहादुर तिवारीए मन्नी लालए जुगल सहित कई लोग मौजूद थे।

# दारोगा को गोली मारने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में ढेर



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**शहर में** बीते दिनों दारोगा अजय यादव पर हमला करने वाले बदमाशों की कुछ समय से पुलिस तलाश कर रही थी। इस मामले के आरोपित बदमाशों को पुलिस ने तड़के रिंग रोड पर मुठभेड़ के दौरान ललकारा तो आनन फानन दोनों ओर से गोलियां चलने लगीं जिसमें दोनों बदमाशों को गोली लगी तो उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों ने दम तोड़ दिया। डीजीपी ने टीम को दो लाख रुपये इनाम की भी घोषणा की है।

**कई राउंड चली गोली:** वाराणसी कमिश्नरेट के थाना बड़ागांव क्षेत्र में सोमवार की सुबह मुठभेड़ हुई तो पूरा इलाका गोलियां चलने से थर्रा उठा। पुलिस के अनुसार शातिर बदमाशों के मूवमेंट को इंटरसेप्ट करने हेतु वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच और बड़ागांव पुलिस की टीम ने तड़के बदमाशों की घेराबंदी की थी। इस दौरान अपने को घिरता देख क्राइम ब्रांच और बड़ागांव पुलिस टीम पर बदमाशों ने कई राउंड फायर किया। इस दौरान क्राइम ब्रांच के आरक्षी शिव बाबू को गोली लगने के बाद पुलिस की जवाबी कार्यवाही में दो बदमाश गंभीर रूप से घायल, तीसरा बदमाश मौके से फरार होने की जानकारी सामने आई है।

**मारे गये बदमाशों से पिस्टल बरामद:** पुलिस के अनुसार बदमाशों के पास से एक नाइन एमएम ब्राउनिंग पिस्टल और एक 32 बोर का पिस्टल बरामद किया गया है। इस दौरान बदमाशों के पास से एक काले रंग की बाइक, मोबाइल फोन और कुछ कागजात बरामद किए गए। गोली लगने के बाद बदमाशों को समुचित इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी रही। वहीं मुठभेड़ की जानकारी के बाद फील्ड यूनिट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हुए और मौके पर जाकर विवेचना भी की।

**अजय दारोगा पर हमला कर लूटी पिस्टल:** पुलिस के अनुसार हाल ही में दारोगा की लूटी हुई पिस्टल से बरामद की गई नाइन एमएम ब्राउनिंग पिस्टल के मिलान की कार्यवाही के लिए हेड आर्मोरर को इसे भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार विगत दिनों रोहनिया के जगतपुर में दारोगा अजय यादव को गोली मारने वाले बदमाशों को सटीक सूचना पर पुलिस ने घेरा तो ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगीं इस दौरान घायल पुलिसकर्मी शिवबाबू को इलाज के लिए सिंह मेडिकल में भर्ती कराया गया है जहां पर हालत खतरे से बाहर बताई गई है। मुठभेड़ की जानकारी के बाद पंडित दीनदयाल अस्पताल स्थित मर्चरी पहुंचे पुलिस कमिश्नर सतीश गणेश ने दोनों शवों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाशों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों की डेड बाडी मोर्चरी में रखवा दी गई है।

**दोनों मारे गये शातिर बदमाश बिहार के:** बिहार पुलिस की सूचना के अनुसार मारे गए बदमाशों की शिनाख्त रजनीश उर्फ बऊआ सिंह व मनीष सिंह पिता शिव शंकर निवासी गोलवा थाना मोहद्दीनगर जिला समस्तीपुर के तौर पर की गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों ही सगे भाई हैं। जबकि तीसरा फरार आरोपित इनका भाई लक्ष्मन सिंह है। पुलिस के अनुसार यह तीनों अत्यंत शातिर हत्यारे एवं लुटेरे हैं। इनकी डिटेल्ड क्रिमिनल हिस्ट्री बिहार पुलिस से मांगी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीनों हाल ही में पटना में कचहरी की लाकअप से भागे थे और बिहार पुलिस को इनकी सरगर्मी से तलाश थी। पड़ोसी राज्य बिहार के अधिकारियों को भी फोटो भेजी गई तो पूरी जानकारी सामने आ गई।इस बाबत बिहार से उत्तर प्रदेश पुलिस ने और जानकारी की अपेक्षा की थी। वाराणसी पुलिस कमिश्नर के अनुसार उत्तर प्राप्त होते ही पूरी जानकारी के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है।

## मथुरा में ट्रॉली बैग में मिली लाश की शिनाख्त हुई

# पिता ने ही की थी आयुषी की हत्या

भाषा। मथुरा

**पुलिस** ने मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस–वे पर राया कट के पास लाल रंग के ट्रॉली बैग में मिली युवती की लाश मामले का खुलासा करते हुए सोमवार को दावा किया कि मृतका के पिता ने ही उसकी हत्या की थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि राया कट के पास लाल रंग के ट्रॉली बैग में मिली युवती की लाश की शिनाख्त कर ली गई है और यह शव आयुषी यादव (21) का है, जो दिल्ली के बदरपुर थाना क्षेत्र के मोड़बंद गांव की रहने वाली थी। अधिकारी के मुताबिक, आयुषी की हत्या उसके पिता नीतेश यादव ने की है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में मृतका के भाई और मां ने खुलासा किया है कि नीतेश ने ही आयुषी को मारा है। इसके अलावा, हत्यारे पिता ने भी अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (शहर) मार्तंड प्रकाश सिंह के अनुसार, युवती की शिनाख्त के लिए पुलिस ने बीस हजार से अधिक फोन ट्रेस किए और 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। इसके साथ ही सोशल मीडिया और दिल्ली में जगह–जगह पोस्टर लगाकर युवती की पहचान कराने के प्रयास किए गए। सिंह ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस के नंबर पर आए एक अज्ञात फोन से युवती के बारे में सही जानकारी प्राप्त हुई। युवती की तस्वीरों और उसके पास से मिले सामान से उसकी मां व भाई ने पहचान की पुष्टि कर दी। सिंह के अनुसार, जब पुलिस उन तीनों को लेकर मथुरा पहुंची तो मां व भाई ने मुर्दाघर में आयुषी का शव देखकर शिनाख्त कर दी। इस बीच, पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पिता नीतेश यादव ने भी अपना अपराध कबूल कर लिया। सिंह के अनुसार, पूछताछ में आयुषी के परिवार से जानकारी मिली कि नीतेश ने उसकी घर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि नीतेश मूलतः गोरखपुर के सुनारड़ी गांव का रहने वाला है और उसके पिता काम की तलाश में दिल्ली आ गए थे, जिसके बाद नीतेश भी वहीं बस गया और व्यापार करने लगा। उसकी बेटी आयुषी बीसीए की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक, आयुषी एक–दो दिन पहले परिवार को बिना बताए कहीं चली गई थी और जब वह 17 नवंबर को घर लौटी, तब उसकी इस हरकत से आग बबूला पिता ने अपनी पिस्तौल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और उसी रात लाश को ट्रॉली बैग में रखकर यमुना एक्सप्रेस–वे पर फेंक गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस–वे पर सर्विस रोड के पास झाड़ियों में एक ट्रॉली बैग पड़ा मिला था, जिसमें एक युवती की लाश थी। रविवार तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी, लेकिन एक अज्ञात फोन कॉल से उसके बारे में जानकारी मिली, जो पड़ताल में सही निकली। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिता हिरासत में है और उससे पूरे मामले से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल पहले ही बरामद की जा चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, हत्या की वजह का पता लगाया जा रहा है और जल्द ही इसका भी खुलासा हो जाएगा।

## बरेली में पत्नी के विवाद में सौतेले भाई की हत्या, आरोपी हिरासत में

**बरेली** बरेली जिले के भमोरा थाना इलाके के देवीपुर गांव में एक व्यक्ति ने पत्नी के विवाद में अपने सौतेले भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दो सौतेले भाइयो में एक महिला को अपनी-अपनी पत्नी बताने के विवाद में यह घटना घटित हुई। पुलिस ने मृतक की कथित पत्नी भगवानदेई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी दानवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम गांव देवीपुर में ओम प्रकाश (55) की सोते समय उसके सौतेले भाई धर्मवीर (45) ने फरसे से हमला करके हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उसने भगवानदेई के साथ भी मारपीट की और आरोपी ने खुद पर भी धारदार हथियार से हमला किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल धर्मवीर को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। दानवीर ने बताया कि भगवानदेई की तहरीर पर पुलिस ने धर्मवीर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके उसको हिरासत में ले लिया है। बरेली के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने स्थल का जायजा लिया और बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।पुलिस ने बताया कि 2002 में धर्मवीर की शादी भगवानदेई से हुई थी। पुलिस ने बताया कि शादी के एक माह बाद ही धर्मवीर को गांव के ही सियाराम की हत्या के आरोप में 20 वर्ष की सजा हो गई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद से ही भगवानदेई अपने अविवाहित जेठ ओमप्रकाश के साथ रहने लगी। पुलिस ने बताया कि इस दौरान दोनों के दो बेटी और दो बेटे हुए। पुलिस ने बताया कि करीब पांच माह पहले सजा पूरी होने के बाद धर्मवीर जेल से छूटकर बाहर आया और उसके बाद से ही दोनो सौतेले भाइयो में भगवानदेई को अपनी-अपनी पत्नी बताकर विवाद होने लगा। पुलिस ने बताया कि कई बार परिवार के लोगों ने मामला शांत कराकर धर्मवीर को दूसरी शादी करने को कहा, लेकिन धर्मवीर मानने को तैयार नहीं था। थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंची भगवानदेई ने बताया कि शादी के एक माह बाद ही धर्मवीर को 20 साल की सजा होने पर उसकी जिंदगी नर्क हो गई थी और तब ओमप्रकाश ने उसे सहारा दिया और उसे बतौर पत्नी अपने साथ रखा। भगवानदेई ने बताया कि इस दौरान उसे दो बेटे और दो बेटियां भी हुईं। उसने बताया कि सब कुछ सही चल रहा था लेकिन इसी दौरान धर्मवीर जेल से वापस आ गया।

## कानपुर हिंसा के आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश का भी मुकदमा

**कानपुर ।)** कानपुर में पिछली तीन जून को हुई हिंसा के लिए धन जुटाने के आरोप में गिरफ्तार मुख्तार उर्फ बाबा बिरयानी के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश के इल्जाम में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) रवींद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि मुख्तार के खिलाफ यह मुकदमा रविवार देर रात दर्ज किया गया। कानपुर हिंसा के लिए धन जुटाने के आरोपी मुख्तार के खिलाफ यह नया मुकदमा शत्रु संपत्ति से जुड़े फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने के आरोप में दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल विपिन कुमार की शिकायत पर दर्ज किए गए इस मुकदमे में मुख्तार की पत्नी गुलशन जहां, बेटियों नाज आयशा और अंजुम आरा, दामाद शाहिद आलम और परवेज तथा अन्य लोगों कामना बेगम, मेराज, इरशाद अहमद, इकबाल, इमरान अहमद, सूफिया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की किदवई नगर शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को भी आरोपी बनाया गया है। विपिन कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अभियुक्तों ने हीरामन पुरवा क्षेत्र में एक जमीन को गिरवी रख कर 1.66 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था जबकि वह जमीन पहले से ही शत्रु संपत्ति के तौर पर घोषित की जा चुकी है। शत्रु संपत्ति वह जायदाद होती है जिनके हिंदुस्तानी मालिकान ने चीन या पाकिस्तान के साथ भारत के युद्ध के बाद उसे छोड़कर इन मुल्कों की नागरिकता ले ली है। सरकार ने भारतीय रक्षा कानून 1962 के तहत ऐसी संपत्तियों को अपनी हिफाजत में ले लिया है। लेखपाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मुख्तार और उसके दामाद शाहिद आलम ने कर्ज लेने के लिए एक शत्रु संपत्ति समेत आठ संपत्तियों को गिरवी रखा था। बंधक पर कर्ज देने से पहले बैंक के अधिकारियों ने राजस्व विभाग और नगर निगम से रिपोर्ट नही मांगी।

## कुख्यात अपराधी मुनीर की बीएचयू में मौत, डीएसपी की हत्या में अदालत ने सुनाई थी फांसी की सजा

**बिजनौर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के उपाधीक्षक और उनकी पत्नी की हत्या सहित कई जघन्य अपराधों के आरोपी और फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद जेल में बंद रहे कुख्यात अपराधी मुनीर की काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रवीण रंजन सिंह ने सोमवार को बताया कि दो अप्रैल 2016 की रात एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना स्योहारा से एक शादी समारोह से अपने घर सहसपुर लौट रहे थे तभी गोली मारकर दोनों की हत्या कर दी गई थी। उन्होने बताया कि इस मामले में स्थानीय अदालत ने तंजील के पड़ोसी मुनीर और उसके साथी रैय्यान को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि मुनीर को सजा सुनाने के बाद सोनभद्र जेल भेजा गया था और वहां तबीयत खराब होने के कारण उसे बीएचयू में भर्ती कराया गया था। सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह मुनीर की बीमारी के कारण मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस रिकार्ड के अनुसार मुनीर पर 33 मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि इनमें धामपुर में कैश वैन के गार्ड को गोली मारकर 91 लाख की लूट, दिल्ली के कमला मार्केट में एटीएम के गार्ड की हत्या करके डेढ़ करोड़ रुपए की लूट, अलीगढ़ में रेलवे मजिस्ट्रेट की सुरक्षा में तैनात सिपाही सुरेश की हत्या करके पिस्तौल की लूट, लखनऊ के गोमती नगर में न्यायाधीश की सुरक्षा में तैनात सिपाही प्रमोद की हत्या करके पिस्तौल लूट और अलीगढ़ में 31 लाख रुपए की लूट जैसी जघन्य वारदात शामिल हैं।

### ग्रीन क्रीमेशन सिस्टम में व्यवसाय की योजना

**वाराणसी।** बायोमेडिकल कचरे के निपटान, पेट्रोल उत्पादों की आपूर्ति और रियल एस्टेट परियोजनाओं के निर्माण सहित बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में लगी बीएसई सूची, सन्मित इंफ्रा लिमिटेड ने एक्सचेंज को सूचित किया है कि विभिन्न श्मशान घाटों पर ईको फ्रेंली, लेस वुड ग्रीन क्रीमेशन सिस्टम में व्यवसाय शुरू करने का इरादा रखते हैं। यह प्रणाली हिंदू परंपरा के अनुसार पारंपरिक ओपन एयर वुड फायर सिस्टम की उन्नत तकनीक होगी। अंतिम संस्कार में पारंपरिक लकड़ी की चिता प्रणाली द्वारा लकड़ी के धुएं की वजह से भारी पर्यावरणीय प्रभाव पड़ रहा है जो कार्बन डाइऑक्साइडए कण पदार्थ और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का उत्सर्जन करता है, जिससे पर्यावरण में अत्यधिक वायु प्रदूषण होता है। यह प्रणाली पारंपरिक लकड़ी को बैंबू पेलेट्स से बदल देगी, जिसमें उच्च कैलोरी मानए उच्च घनत्वए जलने पर कम राख पैदा होती है और इस कारण ही इसमें प्रदूषण का स्तर न्यूनतम या नगण्य होता है। इसलिए पेलेट्स का उपयोग नवीकरणीय, टिकाऊ, लागत प्रभावी, आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल है।

### उत्कृष्ट परिणामों की घोषणा

**वाराणसी।** अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड कस्टम.निर्मित इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो.मैकेनिकल समाधानों के डिज़ाइनए विकास और संयोजन में अग्रणीए ने समाप्त तिमाही और छमाही 30 सितंबर 2022 के लिए उत्कृष्ट परिणामों की घोषणा की। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड प्राथमिक ग्राहकों के रूप में एयरोस्पेसए रक्षा और अंतरिक्ष के लिए अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित समाधान पेश करता है और साथ ही रेलवेए ऑटोमोटिव और गृह भूमि सुरक्षा बाजारों के लिए समाधान प्रदान करता है। कंपनी के तकनीकी समाधानों का व्यापक स्पेक्ट्रम और एंड टू एंड डिज़ाइनएअसेंबली और परीक्षण क्षमताएं इसे प्रतिस्पर्धा में बढ़त देती हैं। अपोलो माइक्रो सिस्टम भारत डायनेमिक्स लिमिटेडए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेडए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा अन्य जैसे प्रतिष्ठित ग्राहकों के साथ काम करता है।

## धान खरीद का डीएम ने लिया गहन जायजा

**गोंडा।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने नवीन गल्ला मंडी पहुंचकर धान खरीद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान विक्रय करने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। यदि किसी के द्वारा लापरवाही किये जाने की जानकारी मिली तो उस पर कठोर कार्यवाही होगी। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीद केंद्र पर आए हुए किसानों से वार्ता किए और सभी व्यवस्थाओं का ली जानकारी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, सचिव नवीन गल्ला मंडी आदि उपस्थित रहे।

## ज्ञानवापी मामलाः कार्बन डेटिंग के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई 30 नवंबर को



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को भगवान विश्वेश्वर ज्ञानवापी मस्जिद मामले में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने के अनुरोध वाली पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तिथि निर्धारित की। वाराणसी के जिला न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। वाराणसी की अदालत ने शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक ढंग से काल निर्धारण की मांग अस्वीकार कर दी थी। न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने लक्ष्मी देवी और अन्य द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया क्योंकि सभी पक्ष सोमवार को अदालत में पेश नहीं हुए। सोमवार को जब इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने सर्वेक्षण के लिए समय आगे बढ़ाने का आवेदन दाखिल किया है। हालांकि अदालत ने कहा कि शिवलिंग को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। इस पर अधिवक्ता ने कहा कि काल निर्धारण के कई अन्य तरीके हैं जिनसे कोई क्षति नहीं हो सकती। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी की ओर से कहा गया कि इस दौरान, वकालतनामा दाखिल किया जाना है। उल्लेखनीय है कि कार्बन डेटिंग और ग्राउंड पेनिट्रेशन राडार (जीपीआर) सर्वे सहित अन्य वैज्ञानिक तरीके से कथित शिवलिंग का काल निर्धारण करने के लिए आयोग गठित करने का आवेदन दाखिल किया गया था जिसे जिला न्यायाधीश ने 14 अक्टूबर को खारिज कर दिया था।याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान 16 मई, 2022 को प्राप्त कथित शिवलिंग के नीचे निर्माण की प्रकृति का पता लगाने के लिए जीपीआर सर्वे या उत्खनन कराए जाने का अनुरोध किया है। साथ ही याचिकाकर्ताओं ने प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के मुताबिक कथित शिवलिंग के काल, प्रकृति और अन्य घटकों का निर्धारण करने के लिए कार्बन डेटिंग या अन्य तरीकों से वैज्ञानिक जांच कराने और तय समयसीमा के भीतर अदालत में रिपोर्ट दाखिल किए जाने की मांग की है।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं अफसर



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम आरपी सिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में मासिक विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने नई सड़कों के निर्माण एवं सड़क चैड़ीकरण किये जाने तथा गड्ढायुक्त सड़कों को गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराये जाने की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि नई सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ सड़क चैडीकरण किये जाने वाली सड़कों को अतिक्रमण हटाकर मानक के अनुरूप चैडीकरण का कार्य कराया जाए तथा मण्डल की सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रत्येक दशा में 30 नवम्बर तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने एन0एच0आई0 के अधिकारी को निर्देश दिये कि बांदा की बडोखर रोड की मरम्मत का कार्य एवं बेंदाघाट के पुल की सड़क मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध शीघ्र कार्यवाही करायें। उन्होंने सेतु निगम के द्वारा निर्माणाधीन पुलों की समीक्षा करते हुए मर्काघाट पुल के अवशेष निर्माण कार्य को तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन किये जाने वाले सभी पुलों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा समयबद्धता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करायें। आयुक्त ने नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य गुणवत्ता के साथ कराये जाने तथा किसानों को सिंचाई हेतु रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को दिये। उन्होंने किसानों की फसलों की बुवाई हेतु खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित कृषकों को आपदा से हुई क्षति का फसल बीमा का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता एवं अध्यापकों की नियमित उपस्थित सुनिश्चित किये जाने हेतु विद्यालयों का औचक निरीक्षण किये जाने तथा बार.बार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की समीक्षा करते हुए अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा हेल्थ वेलनेश सेन्टर में गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच की व्यवस्था भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कैम्प लगा।

## अपराध और आपराधियों को काबू में करें:डीआईजी



**बाँदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा डॉ. विपिन कुमार मिश्रा द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय में जनपद महोबा हमीरपुर चित्रकूट बांदा के पुलिस अधीक्षक के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की गई। डीआईजी द्वारा जनपद में घटित अपराधों व अपराधियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें महोदय द्वारा आगामी निकाय चुनाव के दौरान बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों से अवगत कराते हुये अपराध एवं आपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये व कराये जाने के आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में डीआईजी द्वारा जनपद में लंबित विवेचनाओ के जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। शासन के आदेशानुसार यातायात व्यवस्थाए साइबर सुरक्षाए और मिशन शक्ति जन जागरूकता हेतु अधिक से अधिक लोगो को शासन प्रशासन एवम् पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुविधाओ की जानकारी दिए जाने हेतु स्कूल कॉलेज थाना क्षेत्रों में प्रोग्राम कराए जाने के निर्देश दिए गए। नागरिकों को मोटर साइकिलध्चारपहिया वाहन से चलने पर हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग किए जाने हेतु जागरूक किया जाए। एवम् थाना क्षेत्रों में लगातार चेकिंग कराई जाए।अधिकारियों एवम् थाने पर आने वाले आगंतुकों को उनकी शिकायतों पर तत्काल आवश्यक कार्यवाहीध्निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# साका व रशफोर्ड ने दिलाई इंग्लैंड को जीत

## ईरान को 6-2 से रौंदा

भाषा। दोहा




**बुकायो साका** और मार्कस रशफोर्ड ने पिछले साल यूरोपीय चैम्पियनशिप के फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए फीफा विश्व कप में सोमवार को ईरान के खिलाफ ग्रुप बी के मैच में इंग्लैंड को 6-2 से बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दोनों खिलाड़ी इटली के खिलाफ यूरो 2020 के फाइनल में शूटआउट में पेनाल्टी से चूक गए थे और इसके बाद उन्हें नस्लवादी टिप्पणियों का सामना करना पडा था। साका ने इस घटना के लगभग एक साल के बाद यहां के खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दो गोल दागे जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर उतरे रशफोर्ड ने एक गोल किया। इस प्रदर्शन से कोच गैरेथ साउथगेट की टीम का मनोबल काफी बढ़ेगा। डिजिटल टिकट के साथ समस्या के कारण सैकड़ों प्रशंसकों मैच के शुरुआती क्षणों को नहीं देख सके। इंग्लैंड ने हालांकि इन दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने के बाद अपना दमदार खेल दिखाना शुरू किया। जुड बेलिंघम ने 35वें मिनट में पहला गोल किया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल है। साका ने मैच के 43वें मिनट जबकि रहीम स्टर्लिंग ने मध्यांतर से पहले गोलकर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। इंग्लैंड का दबदबा दूसरे हाफ में भी जारी रहा। साका ने मैच के 62वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया जिससे इंग्लैंड की बढ़त 4-0 हो गई। इसके तीन मिनट बाद मेहदी तारेमी के गोल से ईरान ने अपना खाता खोला। ईरान की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रहीं क्योंकि रशफोर्ड ने 71वें गोलकर एक



बार फिर इंग्लैंड की बढ़त को चार गोल (5-1) का दिया। टीम के एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी जैक ग्रेलीश ने 90वें मिनट में गोलकर इंग्लैंड की बड़ी जीत पर मुहर लगा दी। तारेमी ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज समय (9013 मिनट) में गोलकर हार के अंतर को कम किया। मैच के पहले हाफ में ईरान के गोलकीपर अली बीरनवंद टीम के साथी खिलाड़ी से गंभीर रूप से टकरा गए। उन्हें इसके बाद स्ट्रेचर की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। उस समय मैच गोलरहित था। मैदान में उनकी जगह उतरे हुसैन होसैनी इंग्लैंड के आक्रमण को रोकने में विफल रहे। इस मैच में कुल 29 मिनट का इंजरी समय था, जिसमें पहले हाफ में 15 मिनट और दूसरे हाफ में 14 मिनट शामिल है।

# मेसी की अगुवाई में सऊदी अरब पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा अर्जेंटीना

**दोहा।** पिछले 36 मैचों से अजेय चल रहा अर्जेंटीना विश्व कप फुटबॉल में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को यहां टूर्नामेंट की दूसरी सबसे कम रैंकिंग की टीम सऊदी अरब के खिलाफ करेगा जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी पर टिकी होंगी। इस टूर्नामेंट में मेसी को अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या को 100 के पार पहुंचाने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने अभी तक 91 गोल दागे हैं। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो 117 गोल करके इस सूची में शीर्ष पर हैं। मेसी ने शुक्रवार और शनिवार को अकेले ही अभ्यास किया जिससे यह आशंका बन गई है कि सऊदी अरब के खिलाफ वह पूरे 90 मिनट मैदान में रहेंगे या नहीं। मेसी कितने भी समय तक मैदान में रहें, निगाहें



उन्हीं पर टिकी रहेंगी। सऊदी अरब के खिलाफ इस मैच में उतर कर वह पांचवें विश्वकप में खेलने का रिकॉर्ड बनाएंगे जो कि डिएगो माराडोना और जेवियर मासचेरानो से एक अधिक होगा। सऊदी अरब ने भले ही एशियाई क्वालीफाइंग से आसानी से विश्वकप में जगह बनाई लेकिन इस शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट में वह हमेशा जूझता रहा है। विश्वकप में पांच बार जगह बनाने के बावजूद वह केवल एक बार अंतिम 16 में पहुंचा। अर्जेंटीना ने चार साल पहले विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत आइसलैंड के खिलाफ।-। से ड्रॉ खेलकर किया था लेकिन यहां उसका लक्ष्य सऊदी अरब पर बड़ी जीत दर्ज करना होगा। टीम पिछली बार के प्रदर्शन को दोहराने से बचने के लिए बेताब है। अर्जेंटीना का पिछले कुछ समय में प्रदर्शन अच्छा रहा है जिसमें 2021 में कोपा अमेरिका का खिताब भी शामिल है। यह उसका पिछले 28 वर्षों में किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत थी।

### मेल्टवाटर शतरंजः अंतिम दौर में एरिगेसी को हराकर प्रज्ञानानंदा पांचवें स्थान पर

**सेन फ्रांसिस्को।** किशोर ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सोमवार को यहां सातवें और अंतिम दौर में हमवतन अर्जुन एरिगेसी को 2.5-0.5 से हराकर पांचवें स्थान पर रहे। प्रज्ञानानंदा ने पहली बाजी 49 चाल में जीती जिसके बाद दूसरी बाजी बराबरी पर छूटी। एरिगेसी ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरी बाजी सिर्फ 18 चाल में जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया। प्रज्ञानानंदा ने हालांकि चौथी बाजी 56 चाल में जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एरिगेसी ने भी नौ अंक जुटाए लेकिन वह छठे स्थान पर रहे। अंतिम दौर से पहले ही खिताब सुनिश्चित कर चुके मैग्नस कार्लसन ने अंतिम दौर में पोलैंड के ग्रैंडमास्टर यान क्रिस्टोफ डुडा को 3-। से हराया। नॉर्वे के कार्लसन ने 20 अंक हासिल किए और वह दूसरे स्थान पर रहे अमेरिका के वेस्ली सो से सात अंक आगे रहे।

### विश्व टीम शतरंजः भारत ने पहले दो दौर में ड्रॉ खेला

**यरुशलम।** भारत ने फिडे विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप के ग्रुप बी में यहां अपने अभियान की शुरुआत दो ड्रॉ के साथ की। मेजबान इस्राइल के खिलाफ पहले दौर में चारों बाजी ड्रॉ छूटने के बाद भारत ने रविवार देर रात पोलैंड से भी 2-2 से ड्रॉ खेला। औसत 2611 की रेटिंग वाली भारतीय टीम अपने से कम रेटिंग वाली इस्राइल (2589) की टीम को नही पछाड़ सकी। भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती (ईएलओ 2662) ने इस्राइल के मैक्सिम रोडस्टीन के खिलाफ 31 चाल में ड्रॉ खेला। निहाल सरीन, एसपी सेतुरमन और अभिजीत गुप्ता की बाजियां भी ड्रॉ रहीं। अन्य मुकाबलों में अमेरिका (औसत रेटिंग 2643) की मजबूत टीम ने पोलैंड (2556) को हराया। ग्रुप बी में शीर्ष रेटिंग वाली टीम अजरबेजान (2662) ने उज्बेकिस्तान को (2524) 2.5-1.5 से शिकस्त दी।

### शटलर जेरलिन का लक्ष्य ओलंपिक में पहचान बनाना

**नई दिल्ली।** डेफलंपिक्स (बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) में अपने कौशल को साबित कर चुकीं बैडमिंटन खिलाड़ी जेरलिन अनिका अब अपनी प्रतिभा का लोहा ओलंपिक में मनवाना चाहती है। अर्जुन पुरस्कार जीतने वाली देश की पहली बधिर एथलीट, जेरलिन ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की महत्वाकांक्षी योजना के साथ अगले साल से बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करना चाहती है।

### पाक ने रहस्यमई स्पिनर को टेस्ट टीम में जगह दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए रहस्यमई स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मोहम्मद अली के रूप में दो नए चेहरे अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किए है। चौबीस वर्षीय अबरार घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे है जहां उन्होंने 21.95 की औसत से 43 विकेट लिए है।

### सीए ने आचार संहिता में संशोधन किया,

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से जुड़ी अपनी आचार संहिता में संशोधन किया जिसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने पर लगे आजीवन प्रतिबंध को संशोधित करवा सकते है। नई संशोधित आचार संहिता के अनुसार अब खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ लंबी सजा को संशोधित कराने के लिए आवेदन कर सकते है।

# ऑस्ट्रेलिया के बॉयल चोट के कारण विश्व कप से बाहर

भाषा। दोहा

**ऑस्ट्रेलिया के विंगर** मार्टिन बॉयल घुटने की चोट के कारण फीफा विश्व कप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की है कि 26 सदस्ईय टीम में मार्को टिलियो उनकी जगह लेंगे। स्कॉटिश लीग टीम हाइबरनियन के लिए खेलने वाले बॉयल को लगभग तीन हफ्ते पहले चोट लगी थी और वह कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम के साथ ट्रेनिंग नहीं कर पाए। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को इंस्टाग्राम पर बयान में कहा कि वह अब ऑस्ट्रेलियाई टीम की हौसलाअफजाई करेंगे। बॉयल ने लिखा, नहीं पता कि मैं शब्दों में यह कैसे बयां करूं कि विश्व कप टीम से बाहर होकर मैं कितना निराश हूं। फिट होने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया लेकिन दुर्भाग्य से इस बार ऐसा नहीं कर पाया। टीम में चुने जाने और टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने में भूमिका निभाने की खुशी है। आभारी हूं कि मुझे शिविर में रखा गया। मैदान के अंदर और बाहर साथियों का पूरा समर्थन करूंगा और पूरे विश्व कप का अनुभव लूंगा। इक्कीस साल के टिलियो ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न सिटी की ओर से खेलते हैं। वह दोहा में टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

### टिर्की ने राज्य संघों से कहा, ड्रैग फ्लिकिंग और गोलकीपिंग कौशल में सुधार पर ध्यान दें

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने विशेषज्ञ ड्रैग फ्लिकर्स और गोलकीपर का कुशल समूह तैयार करने की कवायद में अपने सदस्य संघों से खेल के इन दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने इन दो कौशल में निपुण विशेषज्ञ युवा खिलाड़ियों का समूह तैयार करने पर जोर दिया। टिर्की ने हॉकी इंडिया के सदस्य संघों को भेजे गए पत्र में कहा , ड्रैग फ्लिकिंग तकनीक आधुनिक हॉकी के सबसे रोमांचक पहलुओं में से एक बन गया है। बेहतर तालमेल से लिया गया पेनल्टी कॉर्नर जिसमें गेंद गोली की रफ्तार से आगे जाती है वह खेल का रोमांचक पहलू बन गया है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिडफील्ड की कमजोरियों से उबरना होगा फ्रांस को

**दोहा।** चोटिल करीम बेनजेमा की गैरमौजूदगी के बावजूद गत चैंपियन फ्रांस की अग्रिम पंक्ति काफी मजबूत है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप डी मैच में टीम को मिडफील्ड की कमजोरियों से उबरना होगा। अधिकांश टीम काइलन एमबापे, एंटोनी ग्रिजमैन या ओलिवर गिरोड को अपनी अग्रिम पंक्ति में शामिल करेंगी, फिर अगर ए तीनों किसी टीम का हिस्सा हों तो फिर सोने पर सुहागा है। इन तीनों ने मिलकर फ्रांस के लिए 119 अंतरराष्ट्रीय गोल दागे हैं जबकि उनकी गति, अनुभव और कौशल का भी कोई जवाब नहीं है। फ्रांस की मिडफील्ड हालांकि उतनी मजबूत नहीं है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह टीम के लिए परेशानी का सबब



हो सकता है। दोनों टीम चार साल पहले विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में आमने-सामने थीं तो फ्रांस को 2-। से जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा था जबकि उस समय टीम के पास मिडफील्ड में उसके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मौजूद थे। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स को मिडफील्ड में चोटिल एनगोलो कांते और पॉल पोग्बा की कमी खल रही है जो 2018 की टीम का हिस्सा थे। फ्रांस के लिए 91 मैच खेलने वाले पोग्बा ने अपने 11 गोल में से एक गोल क्रोएशिया के खिलाफ फाइनल में टीम की 4-2 की जीत के दौरान दागा था। पोग्बा की फॉर्म में पिछले विश्व कप के बाद से उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। टीम को हालांकि कांते की कमी अधिक खलेगी जिन्होंने टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। इन दोनों की गैरमौजूदगी में मिडफील्ड में एड्रियन रेबियोट पर जिम्मेदारी रहेगी तो 29 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ टीम के सबसे अनुभवी मिडफील्डर हैं। रेबियोट के मिडफील्ड में बाएं छोर से उतरने की उम्मीद है।

# अंतिम टी-20 में मलिक व सैमसन को मौका मिलेगा




### चिकित्सा कारणों से नहीं खेल पाएंगे विलियमसन

**नेपियर।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चिकित्सा कारणों से भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नही खेल पाएंगे। विलियमसन को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिकित्सक से मिलना है। विलियमसन के विकल्प के रूप में मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। उनकी गैरमौजूदगी में सीनियर तेज गेंदबाज टिम साउथी टीम की कमान संभालेंगे। विलियमसन बुधवार को टीम के साथ जुड़ेंगे जब सभी खिलाड़ी ऑक्लैंड में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जुटेंगे। पहला एकदिवसीय शुक्रवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि चिकित्सक से मिलने का उनकी कोहनी की समस्या से कोई लेना देना नही है जो फिर उभर रही है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से जारी बयान में स्टीड ने कहा, केन पिछले कुछ समय से चिकित्सक से मिलना चाह रहा था लेकिन दुर्भाग्य से हमारे व्यस्त कार्यक्रम के कारण समय नही मिल पा रहा था। हमारे खिलाड़ियों और स्टाफ का स्वास्थ्य और सेहत सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भाषा। नेपियर


**भारत को** अपने रवैए में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है लेकिन एक बार फिर सवाल यही उठता है कि क्या टीम मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उमरान मलिक और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को मौका देगी या नहीं। टी20 विश्व कप में एक बार फिर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद संभावना थी कि भारत कुछ अन्य खिलाड़ियों को आजमाएगा लेकिन अगर दूसरे टी20 के टीम संयोजन को देखें तो संकेत मिलते हैं कि टीम शून्य से शुरुआत करने को लेकर झिझक रही है। सूर्यकुमार यादव के शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन को छोड़ दें तो भारतीय टीम को रविवार को एक बार फिर 160 रन का स्कोर खड़ा करने में जूझना पड़ता जो ऑस्ट्रेलिया में हुए विश्व कप की याद दिलाता है जहां भारतीय टीम बड़े स्कोर खड़े करने में विफल हो रही थी। पावर प्ले में भारत का रवैया बड़ी चिंता का सबब है। दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम में इशान किशन के साथ ऋषभ पंत को आजमाया गया लेकिन वांछित नतीजे नहीं मिले। पंत के स्तर को देखते हुए श्रृंखला के अंतिम मैच में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सैमसन एक अन्य बल्लेबाज हैं जो तुरंत प्रभाव छोड़ सकते हैं लेकिन टीम उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं कर रही। कप्तान हार्दिक पंड्या की मैच के बाद की टिप्पणी पर गौर करें तो उन्होंने कहा था कि प्रबंधन के तीसरे टी20 के लिए काफी बदलाव करने की संभावना नहीं है। पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि दूसरा मैच जीतकर भारत श्रृंखला में।-0 से आगे है। सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल भी पारी की शुरुआत करने के दावेदार हैं लेकिन टीम ने बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों को पारी का आगाज करने के लिए चुना। संभावना है कि उन्हें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ही मौका मिलेगा जो टी20 मुकाबलों के बाद खेली जाएगी। पंड्या टीम में ऐसे और अधिक बल्लेबाजों को शामिल करने के इच्छुक हैं जो गेंदबाजी भी कर सकें और दीपक हुड्डा उन्हें ऐसा एक विकल्प देते हैं। सबसे बड़ी निराशा हालांकि दूसरे टी20 में उमरान मलिक को शामिल नहीं करना रही। यह साबित हो चुका है कि टी20 क्रिकेट में भारत को एक तूफानी गेंदबाज की दरकार है और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### आईओए के निर्वाचक मंडल में सिंधू, नारंग और साक्षी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, गगन नारंग और साक्षी मलिक समेत कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी भारतीय आईओए के 10 दिसंबर को होने वाले चुनाव में 77 मतदाताओं में शामिल होंगे। ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त और एम एम सोमाया भी मतदान करेंगे। मतदान सूची के 77 सदस्यों में से 39 महिलाएं और 38 पुरुष हैं। योगेश्वर और सोमया को नए एथलीट आयोग ने शनिवार को उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी के आठ खिलाड़ियों के हिस्से के रूप में चुना, जबकि साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा नामित किया गया था। सिंधु और नारंग को एथलीट आयोग ने नामित किया था। मतदान अधिकारी उमेश सिन्हा ने सोमवार को 77 सदस्ईय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसमें 33 राष्ट्रीय खेल संघों के 66 सदस्य शामिल हैं। इन सभी ने एक पुरुष और एक महिला को नामित किया है। इसके अलावा एसओएम के आठ (चार पुरुष और चार महिला), एथलीट आयोग से दो (एक पुरुष और एक महिला) को नामित किया गया।

# जोकोविच ने फेडरर के रिकॉर्ड छह एटीपी फाइनल्स खिताब की बराबरी की

भाषा। तुरिन



**नोवाक** जोकोविच ने तीसरे वरीय कास्पर रूड को हराकर रविवार को यहां रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छठी बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। सर्बिया के जोकोविच ने रूड को 7-5 6-3 से हराकर 2015 के बाद पहली बार यह टूर्नामेंट जीता और फेडरर के छह खिताब की बराबरी की। पैंतीस साल के जोकोविच पिछली दो बार जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच ने खिताब जीतने के बाद कहा, सात साल लंबा समय होता है। साथ ही यह तथ्य कि मैंने सात साल इंतजार किया, यह इस जीत को और अधिक मधुर और बड़ा बना देता है। साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट को जीतने वाले जोकोविच सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें टेनिस इतिहास की सबसे बड़ी इनामी राशि भी मिली। उन्हें एटीपी फाइनल्स जीतने के लिए 47 लाख डॉलर की राशि मिली। जोकोविच ने साल का अंत 18 जीत और एक हार के साथ किया। उन्होंने तेल अवीव और अस्ताना में खिताब जीते जबकि पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने इसके अलावा विंबलडन और रोम में भी खिताब जीते।

# जगदीशन ने लिस्ट ए में सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया

भाषा। बेंगलुरू

**तमिलनाडु** के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अरूणाचल प्रदेश के खिलाफ 141 गेंद में 277 रन की पारी खेलकर लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। ग्रुप सी के इस मैच में तमिलनाडु ने 435 रन से जीत दर्ज की जो लिस्ट ए मुकाबले में जीत का सबसे बड़ा अंतर है। सबसे बड़ी जीत का पिछला रिकॉर्ड समरसेट के नाम था जिसने 1990 में डेवोन को 346 रन से हराया था। छब्बीस साल के जगदीशन ने 2002 में ग्लेमोर्गन के खिलाफ सरे के एलिस्टेयर ब्राउन के 268 रन के सर्वाधिक लिस्ट ए स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ा। जगदीशन ने इस पारी के दौरान भारत की ओर से



सर्वाधिक लिस्ट ए स्कोर के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को भी तोड़ा जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 264 रन बनाए थे। तमिलनाडु ने इस मैच में दो विकेट पर 506 रन बनाए जो पुरुष लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम था जिसने इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड के खिलाफ चार विकेट पर 498 रन बनाए थे। भारत में लिस्ट ए में पिछला सर्वाधिक टीम स्कोर मुंबई के नाम था जिसने 2021 में जयपुर में पुडुचेरी के खिलाफ चार विकेट पर 457 रन बनाए थे। भारत के अनुभवी क्रिकेटर और तमिलनाडु टीम में जगदीशन के साथी दिनेश कार्तिक ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया, विश्व रिकॉर्ड अलर्ट। जगदीशन का क्या शानदार प्रयास। उसके लिए बहुत खुश हूं। बड़ी चीजें इंतजार करती हैं। साई सुदर्शन के लिए भी मौजूदा टूर्नामेंट शानदार रहा। यह सलामी जोड़ी विरोधियों को ध्वस्त कर रही है।

### भारत की देविका और प्रीति युवा मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में

भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** देविका घोरपड़े और प्रीति दहिया ने सोमवार को स्पेन के ला नुसिया में चल रही आईबीए युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पुणे की रहने वाली देविका ने महिलाओं के 52 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड की मार्गरेट लैम्बे को आसानी से हराया। उन्होंने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और रेफरी को तीसरे राउंड में खेल रोकने के लिए मजबूर किया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को विजेता घोषित किया गया। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी को एक भी अंक नहीं बनाने दिया। भारत के ही महक (66 किग्रा), साहिल (71 किग्रा) और भरत जून (92 किग्रा) को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। सातवें दिन भारत के 10 मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में उतरेंगे जिनमें पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

# झारखंड से हार कर दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट की दौड़ से बाहर

भाषा। कोलकाता

**दिल्ली की** टीम सोमवार को यहां झारखंड से पांच विकेट की हार के साथ ही विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 259 रन बनाए जिसमें आयुष बडोनी की 69 गेंदों पर खेली गई नाबाद 91 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने अपनी इस पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान नितीश राणा ने 51 और यश धुल ने 49 रन का योगदान दिया। झारखंड की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर नदीम ने कसी हुई गेंदबाजी की तथा अपने 10 ओवरों में केवल 34 रन दिए। झारखंड ने दिल्ली का लक्ष्य 48.5 ओवर में हासिल कर दिया। उसकी तरफ से विराट सिंह ने 128 गेंदों पर नाबाद 116 रन बनाए। कुमार कुशाग्र ने 40 गेंदों पर 49 रन का योगदान दिया। दिल्ली ने टी20 घरेलू प्रतियोगिता के नॉकआउट में जगह बनाई थी लेकिन लिस्ट ए टूर्नामेंट में उसको लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

### सौराष्ट्र ने त्रिपुरा को हराया, नॉकआउट में जगह बनाना तय

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र ने सोमवार को यहां ग्रुप ए के मैच में त्रिपुरा को चार विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह लगभग पक्की कर दी। चंडीगढ़ भी नॉकआउट की दौड़ में बना हुआ है। उसने ग्रुप ए के एक अन्य मैच में हिमाचल प्रदेश को पांच विकेट से पराजित किया। सौराष्ट्र और चंडीगढ़ दोनों के पांच जीत और एक हार से समान 20 अंक है। सौराष्ट्र बेहतर रन रेट के कारण शीर्ष पर है। सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और त्रिपुरा को 42.1 ओवर में 133 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद उसने 36.5 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। सौराष्ट्र की तरफ से जयदेव उनादकट ने तीन जबकि चेतन सकारिया और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट लिए।

### पंजाब का अभियान जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना तय

**मुंबई।** कप्तान मनदीप सिंह की 91 रन की शानदार पारी की मदद से पंजाब ने सोमवार को यहां कार्तिक बिस्वाल के शतक पर पानी फेर कर ओडिशा को पांच विकेट से हराया और विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की की। ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद बिस्वाल के नाबाद 107 रन की मदद से सात विकेट पर 251 रन बनाए। बिप्लव सामंत्रे ने 51 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में पंजाब ने 46.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। पंजाब के 20 अंक है और वह ग्रुप डी में चोटी पर काबिज है।